■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 323
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
27 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1941:** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने एथेंस में प्रवेश किया।
**1960:** नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।
**1961:** सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
**1967:** अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
**1989:** बांग्लादेश में आये तूफान से 500 लोगों की मौत।

**शेर हमेशा पीछे होकर छलांग लगाता है, वैसे ही जिंदगी भी हमें पीछे करती है ताकि हम और आगे बढ़ सकें।**

## संक्षिप्त समाचार

### हर्ष फायरिंग में युवती की मौत

**सुपौल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक युवती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चिलौनी उत्तर पंचायत के वार्ड-13 तीनटोलिया में शुक्रवार रात स्थानीय अरुण कारक की दूसरी पुत्री शिक्षा कुमारी का शादी समारोह था। इसी समारोह में शिक्षा के बड़े भाई राजेश कारक की भी रिसेप्शन पार्टी चल रही थी।

### रिटायर्ड डीएसपी के बेटे ने की खुदकुशी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कोतवाली थाना क्षेत्र इलाके के कौशल्या अपार्टमेंट में सेवानिवृत डीएसपी के बेटे ने सुसाइड कर लिया है। उसने सिर में गोली मारकर जान दे दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक की पहचान  नीरज कुमार के रूप में हुई है।

### राजद जिला उपाध्यक्ष की पीट-पीटकर हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरा थाना अंतर्गत लगमा गांव में राजद नेता की हत्या कर दी गयी है। घटना के बाद गांव में समर्थकों ने बवाल किया। सड़क जामकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की पहचान राजद जिला उपाध्यक्ष जीनीस राय के रूप में हुई है। बेटे शशि कुमार ने डुमरा थाना में एक आवेदन दिया है, जिसमें उसने लगमा गांव निवासी दिनेश कुशवाहा सहित अन्य पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। डुमरा थाने के लगमा गांव निवासी दिनेश सिंह कुशवाहा के साथ राजद जिला उपाध्यक्ष जीनीस राय का लेन-देन का विवाद था।

### फंदे से लटक शिक्षक ने की खुदकुशी

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरौल थाना अंतर्गत लदहो गांव में सरकारी टीचर ने खुदकुशी कर ली। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतक नीरज कुमार(32) समस्तीपुर जिले के पांड गांव के रहने वाले थे। प्रेम-प्रसंग में जान देने की आशंका जताई जा रही है। कुछ दिनों में नीरज कुमार की शादी होने वाली थी। 28 अप्रैल को फलदान होना था। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फरवरी 2022 में नीरज की पोस्टिंग मध्य विद्यालय बलहा में हुई थी। स्कूल से एक किलोमीटर दूर लदहो गांव के धर्मशाला में किराए पर रहते थे।

### शादी के दो दिन बाद युवक ने लगाई फांसी

**धनबाद।** जिले के झरिया के फुलड़ीबाग इलाके में रहने वाले हैंडसम खान ने अपनी शादी के दो दिन बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि हैंडसम खान की शादी झाझा जमुई की एक युवती से हुआ था। शादी के दो दिन बाद ही युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला।

# 'भारतीय सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण नहीं करे मीडिया'

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की सलाह, कहा-ऐसी रिपोर्टिंग से सुरक्षाबलों को खतरा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। यह सलाह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जारी की गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया



प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का बरतें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें। सलाह में कहा गया कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी कवरेज, दृश्य प्रसारण या 'स्रोतों' से प्राप्त जानकारी आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा दुश्मनों की मदद कर सकता है और इससे ऑपरेशनल प्रभावशीलता और सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरा हो सकता है। इस दौरान मंत्रालय के सलाह में 1999 के कारगिल युद्ध, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और कंधार हाइजैकिंग जैसे घटनाओं का जिक्र किया गया, जब 'अविचारपूर्ण कवरेज के कारण राष्ट्रीय हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।'

# रिश्वत की रकम वसूल रहे आयकर उपायुक्त समेत दो लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय जांच ब्यूरा (सीबीआई) ने आयकर निर्धारण की फेसलेस योजना को फेल करने से संबंधित मामले में आयकर उप आयुक्त स्तर के एक आईआरएस अधिकारी और एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अब तक की गई जांच से पता चला है कि गिरफ्तार निजी व्यक्ति और आयकर उपायुक्त साजिश बड़े टैक्स निर्धारण मामलों के टैक्स पेयर्स से संपर्क कर रहे थे। दोनों टैक्स पेयर्स को वित्तीय लाभ के बदले जांच के तहत उनके आयकर मामलों में अनुकूल आदेश देने का वादा कर रहे थे। दरअसल, भारत सरकार ने आयकर निर्धारण की फेसलेस योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, मानवीय हस्तक्षेप को कम करना और इस तरह भ्रष्टाचार को रोकना है। इस योजना को 'फ़ेसलेस' इसलिए कहा जाता है क्योंकि टैक्स पेयर्स अपने टैक्स निर्धारण अधिकारी का चेहरा नहीं देख पाएगा और यह भी नहीं जान पाएगा कि टैक्स निर्धारण कौन कर रहा है। इससे भ्रष्टाचार में कमी आएगी। हालांकि, दोनों आरोपी रिश्वत की रकम वसूल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। सीबीआई ने इससे पहले 06 फरवरी को दिल्ली, मुंबई, ठाणे, पश्चिम चंपारण (बिहार), बेंगलुरु, कोट्टायम (केरल) सहित 18 जगहों पर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान डॉक्यूमेंट्स, रिश्वत के इलेक्ट्रॉनिक सबूत बरामद किए गए थे। इसके बाद सीबीआई ने आयकर विभाग के एक डिप्टी कमिश्नर और दो इंस्पेक्टरों, 5 चार्टर्ड अकाउंटेंट और एक निजी व्यक्ति तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इन आरोपियों पर भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'मूल्यांकन की फेसलेस योजना' के उद्देश्य को चुनौती देने और उसे विफल करने का प्रयास करने का आरोप है।

# विनोद सिंह गुंजियाल बने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इसी साल विधानसभा का चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर विनोद सिंह गुंजियाल को बिहार का नया मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने 2007 बैच के बिहार कैडेट के आईएएस अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल को बिहार का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनके जॉइनिंग से अगले आदेश तक के लिए उनको बिहार का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने विनोद सिंह गुंजियाल को बिहार सरकार के अधीन जो भी पदभार उनके पास है, तत्काल उनको सौंप देने का आदेश दिया है। नियम के अनुसार जब तक कोई अधिकारी राज्य का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर आसीन रहता है, वह उस राज्य में किसी भी विभाग में कोई अतिरिक्त पद पर काम नहीं कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के अधिसूचना जारी होने के बाद नियम के अनुसार अब राज्य सरकार नए निर्वाचन पदाधिकारी की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी करेगी। विनोद सिंह गुर्जर 2007 बैच के बिहार कैडर के आईएएस पदाधिकारी हैं। विनोद सिंह गुंजियाल वर्तमान में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव के पद पर तैनात हैं। बिहार के निर्वतमान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास को मई 2018 में बिहार का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। वह 1996 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी हैं।

**मुख्यमंत्री ने जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अधिवक्ता समागम का किया उद्घाटन**

# पूरी ताकत से एकजुट होकर करें काम : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जदयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित अधिवक्ता समागम का  दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इसका आयोजन जदयू के विधि प्रकोष्ठ ने किया था। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस समागम में जदयू के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।  सीएम नीतीश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में जदयू विधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता साथी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। आप सब न्याय के साथ विकास के सरकार के संकल्प को जमीन पर



क्रियान्वित करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ पार्टी को जीत दिलाने में आप लोग अपना पूरा योगदान देंगे। आप सबसे आग्रह है कि पूरी ताकत से एकजुट होकर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने समाज के सभी वर्गों एवं राज्य के सभी क्षेत्रों के विकास के लिये काम किया है। महिलाओं के उत्थान के लिये काफी कार्य किया गया है। हम शुरू से एनडीए के साथ रहे हैं, बीच में हम उधर चले गये थे। लेकिन अब कहीं नहीं जायेंगे। एनडीए के साथ ही रहेंगे। हमलोग एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर बिहार विधान सभा चुनाव लड़ेंगे। इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्याम रजक, जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार सहित सभी जिलों से आये हुये बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपस्थित मंत्रिमंडल के सदस्यों, वरिष्ठ नेताओं और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए अधिवक्ताओं की भूमिका को विकास के केंद्र में रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# स्वास्थ्य विभाग में 17 हजार नए पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित : मंगल पांडेय

**स्वास्थ्य विभाग में 35 हजार से अधिक पदों पर शीघ्र बहाली की प्रक्रिया आरंभ**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में बंपर बहाली की प्रक्रिया सतत जारी है। उसी क्रम में 17,092 नए पदों पर बहाली हेतु स्वास्थ्य विभाग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है। ये नई बहालियां बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) एवं राज्य स्वास्थ्य समिति (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) की ओर से की जा रही हैं। इसमें लिखित प्रतियोगी परीक्षा एवं कार्यानुभव के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। परिचारिका श्रेणी (ग्रेड ए नर्स, जीएनएम) की 11,389 रिक्त पदों पर बंपर बहाली के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है। वहीं राज्य स्वास्थ्य समिति (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) ने कम्युनिटी



हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ)-4500, विशेषज्ञ चिकित्सक- 638 एवं मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक, स्वास्थ्य केंद्र -565 की बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं। श्री पांडेय ने कहा कि यह बहालियां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन व संकल्प की देन है। इससे प्रदेश के युवाओं व महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री के रोजगार सृजन के संकल्प को एक और नया आयाम मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग में जो नई बहालियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं। उनके अलावे हाल के दिनों में निकाली गयी, रिक्तियों को मिलाकर कुल 35,383 नई बहालियों की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। बीपीएससी, बीटीएससी व एनएचएम के तहत  बहाली प्रक्रियाधीन हैं। इनमें बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) के तहत सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी-667, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी-3,623, दंत चिकित्सक-808, फॉर्मासिस्ट-2,473, लैब टेक्नीनिशयन-2,969, एक्स -रे टेक्नीशियन-1,232, ईसीजी टेक्नीशियन-242, शल्य कक्ष सहायक -1,683, ड्रेसर-3,326, फाईलेरिया निरीक्षक-69, कीट संग्रहकर्ता-53 पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है। वहीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के तहत सहायक प्राध्यापक-1,711 के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए  गए हैं। श्री पांडेय ने बताया कि बिहार में एक के बाद एक नई भर्तियों की घोषणा हो रही है। इसी बीच बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भी बंपर वैकेंसी प्रक्रियाधीन कर दी गई है। राज्यभर में विभिन्न विभागों में हो रही नई बहालियों से रोजगार सृजन को नई दिशा मिली है। बिहार सरकार द्वारा निकाली गई बहालियों से राज्य के युवा उत्साहित हैं। उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व व डबल इंजन की सरकार में रोजगार सृजन व उद्यमिता के क्षेत्र में हमेशा प्रोत्साहित किया गया है एवं उनके करियर को नए आयाम दिए गए हैं।

# सूबे के 422 बीडीओ को मिला नया सरकारी वाहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को बिहार के 422 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को नए सरकारी वाहन सौंपे। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित उन्मुखी कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने सभी बीडीओ को गाड़ियों की चाबी दी। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि सुगम कामकाज के लिए सभी प्रखंडों को सरकारी वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के कार्यों की सराहना की, लेकिन साथ ही मंच से भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर भी सचेत किया। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसे भी मामले सामने आए हैं जहां तीन मंजिला मकान वालों को भी पीएम आवास योजना का लाभ मिल रहा है, जो बेहद गंभीर है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसी गड़बड़ी पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में बिहार की बड़ी उपलब्धि की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में 7 लाख से अधिक लाभुकों को पीएम आवास योजना के तहत राशि दी गई है। केंद्र सरकार से भी इस योजना के लिए भरपूर सहयोग मिल रहा है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि 15 वर्ष से अधिक पुरानी सभी गाड़ियों का परिचालन तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा। पुराने वाहनों को हटाकर नए वाहनों का वितरण किया जा रहा है ताकि ग्रामीण विकास कार्यों में गति और पारदर्शिता लाई जा सके। श्रवण कुमार ने डाटा एंट्री ऑपरेटरों को भी सचेत करते हुए कहा कि डाटा एंट्री में किसी भी प्रकार की गलती को समय रहते सुधारा जाए। साथ ही सभी प्रखंड कार्यालयों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए।

# सड़क दुघर्टना में दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले से होकर गुजरने वाले हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि हाजीपुर थाना क्षेत्र के एकारा ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलट गई, जिसके बाद कार पलटी मारते हुए दूसरी लेन में जाकर एक बाइक सवार पर पलट गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति और कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। सूचना मिलते ही परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच गए। मृतक बाइक सवार की पहचान गोरौल थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी रकौशल किशोर सिंह तो कार सवार मृतक युवक की पहचान हाजीपुर स्टेशन रोड निवासी मनोज पासवान के 22 वर्षीय पुत्र विशाल उर्फ गोलू के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, गोलू कार पर सवार होकर सराय की तरफ जा रहा था तभी हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 के एकारा ओवरब्रिज पर अनियंत्रित होकर कार पलट गई। कार पलटते हुए दूसरे लेन में जाकर एक बाइक सवार पर पलट गई, जिससे बाइक सवार अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह की मौत हो गई।

# प्रशांत किशोर के खिलाफ दायर करेंगे मानहानि का मुकदमा : अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी कड़ी में बीते दिन जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पर गंभीर आरोप लगाया था। इसके बाद अशोक चौधरी ने शनिवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वह प्रशांत किशोर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर ने मुझ पर जो आरोप लगाए हैं कि मैंने पैसे देकर अपनी बेटी को लोकसभा चुनाव में टिकट दिलाया, वह पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कानूनी सलाहकारों से



विचार-विमर्श कर रहा हूं और जल्द ही उन पर मानहानि का मुकदमा करूंगा। श्री चौधरी ने इस दौरान प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर भी हमला बोला। जब उनसे पूछा गया कि तेजस्वी यादव जनता से पांच साल के लिए मौका मांग रहे हैं तो उन्होंने कहा कि अभी वेकैंसी नहीं है। तेजस्वी यादव आवेदन देते रहें, लेकिन फिलहाल कोई वेकैंसी नहीं है। इसके साथ ही पाकिस्तान से संबंधित मुद्दों पर भी सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को लेकर जो निर्देश जारी किए गए हैं, उनके तहत यदि कोई नागरिक वहां नहीं जाएगा तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, आतंकी घटनाओं में कमी नहीं आएगी। कश्मीर को लेकर जो हालात हैं, उसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि प्रशांत किशोर ने पिछले दिनों जमुई में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री अशोक चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा था कि अशोक चौधरी का राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को टिकट खरीदकर सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके। प्रशांत किशोर ने कहा था कि हम न तो विधायक हैं, न सांसद, न ही हम बालू या शराब माफिया के लिए काम करते हैं। हमने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है। हम जो भी संसाधन खर्च कर रहे हैं वह बिहार के गरीब लोगों के लिए खर्च कर रहे हैं, ताकि पैसे के अभाव में उन्हें राजनीति से दूर न रहना पड़े।

### मालगाड़ी के सामने कूदकर दे दी जान


**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग पर 45 वर्षीय नवल कुमार सोनी ने चलती मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। नवल कुमार आबादगंज में रेलवे क्रॉसिंग के पास जनरल स्टोर चलाते थे। उनके दो बच्चे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नवल अचानक अपनी दुकान से बाहर निकले और सीधे मालगाड़ी के सामने कूद गए। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सके। जांच में सामने आया कि नवल की पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता था। वह कई बार लोगों से कह चुके थे कि विवाद बर्दाश्त नहीं होता और वह आत्महत्या कर लेंगे। सूचना मिलते ही रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी 21 जिलों के 40,778 किसानों को 32.83 करोड़ की सहायता राशि

## खरीफ फसल के लिए किसानों को 32.83 करोड़ की सहायता राशि का भुगतान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत खरीफ 2023 मौसम के लाभुक किसानों को सहायता राशि के भुगतान की शुरुआत कर दी गई है। शनिवार को डीएनएस क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 21 जिलों के 40,778 किसानों को 32.83 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके खातों में हस्तांतरित की। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थी किसानों से संवाद भी किया गया और उनकी समस्याओं को सुना गया। मंत्री ने कहा कि खरीफ 2023 के आवेदनों का सत्यापन कार्य लगभग पूरा हो चुका है।



आज जिन किसानों को राशि का भुगतान किया गया है, उनके अलावा शेष किसानों को भी शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। फसल सहायता योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों पर किसानों को आर्थिक राहत प्रदान करना है। यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है और किसानों से कोई प्रीमियम नहीं लिया जाता। योजना के तहत यदि थ्रेशहोल्ड उपज की तुलना में वास्तविक उपज में 20 प्रतिशत तक नुकसान होता है तो किसानों को 7,500 रुपये प्रति हेक्टेयर (अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए 15,000 रुपये) सहायता दी जाती है। 20 प्रतिशत से अधिक क्षति पर यह सहायता 10,000 रुपये प्रति हेक्टेयर (अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए 20,000 रुपये) तक बढ़ जाती है। भुगतान सीधे आधार लिंक बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकार की निधि से संचालित इस योजना के तहत अब तक रबी 2022-23 मौसम तक 31,23,907 किसानों को 2,030.04 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। खरीफ 2023 में धान और मक्का को पंचायत स्तरीय फसल तथा सोयाबीन, आलू, बैंगन, टमाटर और गोभी को जिलास्तरीय फसल के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस मौसम के 1,660 योग्य ग्राम पंचायतों के 2,70,365 किसानों के आवेदन सत्यापन की प्रक्रिया जिला स्तर पर पूरी की गई है। रबी 2023-24 मौसम के लिए भी सत्यापन कार्य प्रगति पर है जबकि खरीफ 2024 के लिए क्षेत्रीय सत्यापन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। सत्यापन के बाद योग्य किसानों को शीघ्र सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव, निबंधक, बिहार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक, डीएनएस संस्थान के निदेशक सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीमा शुल्क आयुक्तालय ने तस्करी के खिलाफ सघन अभियान चलाया

## 585 कि.ग्रा. विदेशी मूल का पोस्ता दाना एवं पिकअप से 40 कार्टून आशीष ब्रांड चॉकलेट जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्तालय पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरुप सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा तस्करी कोशिश की अनेकों घटनाओं को नाकाम करते हुए अनेकों सामान की जब्तियां की गयी। इसी कड़ी में दो बड़ी कार्रवाई की गयी जिसमें 585 किलोग्राम विदेशी मूल का पोस्ता दाना एवं एक पिकअप भान से 40 कार्टून आशीष ब्रांड चॉकलेट की जब्तियां की गई जिसका कुल अनुमानित मूल्य रूपये 14.03 लाख रुपये है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के अधिकारियों को यह गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी मूल का 9 बोरा (585 किलोग्राम) पोस्ता दाना ट्रेन संख्या 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी



एक्सप्रेस के भी पी बोगी संख्या 215353/C (NR) के द्वारा बिहार के रास्ते वगैर किसी वैध कागजात के तस्करी कर ट्रेन से नई दिल्ली की तरफ ले जाई जा रही है जिसे सीमा शुल्क मुजफ्फरपुर के अधिकारियों ने मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के भी पी बोगी से उतारकर सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया जिसका कुल अनुमानित मूल्य रूपये 8.78 लाख है। उपरोक्त कार्रवाई सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क प्रमंडल मुजफ्फरपुर के नेतृत्व में अन्य अधीक्षकों एवं निरीक्षकों के द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त अन्य दूसरे कार्रवाई में सीमा शुल्क प्रामंडल, मोतिहारी के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा के समीप सिकटा बाजार के पास से एक बोलेरो पिकअप भान संख्या BR-06GC-1393 से 40 कार्टून आशीष ब्रांड चॉकलेट बरामद किया जिसे अवैध तरीके से बिना किसी वैध कागजात के भारत से नेपाल ले जाने का प्रयास किया जा रहा था जिसको विफल करते हुए सीमा शुल्क प्रमंडल, मोतिहारी के अधिकारियों ने सीमा शुल्क अधिनियम के तहत वाहन सहित जब्त कर लिया जिसका गाड़ी सहित कुल अनुमानित मूल्य 5.25 लाख रूपये है। उपरोक्त कार्रवाई सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) प्रमंडल मोतिहारी के नेतृत्व में अन्य अधीक्षकों एवं निरीक्षकों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त तस्करी में कौन- कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि सीमा शुल्क पटना के आयुक्त के दिशानिर्देश में तस्करी को रोकने के लिए सीमा शुल्क आयुक्तालय, पटना के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पाकिस्तान के नागरिकों को हर हाल में वापस जाना पड़ेगा : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार के पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने के फैसले पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि यह बिहार में भी पूरी तरह लागू होगा। हर पाकिस्तानी नागरिक को वापस जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ देने को कहा गया है और यह समय सीमा रविवार 27 अप्रैल को समाप्त हो रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में जो पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, उनकी पहचान कर ली गई है और जरूरत पड़ी तो उन्हें डिपोर्ट भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि



वीजा रद्द होने के बाद किसी पाकिस्तानी के यहां रहने का कोई सवाल ही नहीं है। जो नहीं जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम की आतंकी हिंसा भारत पर हमला है। दुःख और आक्रोश के इस समय में पूरा देश एकजुट है। इस पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि जब बिहार की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के आकाओं को मिट्टी में मिला देने का कड़ा संकल्प ले लिया है तो उसे पूरा करने में बिहार हर कदम पर साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने पहलगाम नरसंहार में अपनी नापाक संलिप्तता स्वीकार करने के बजाय भारत से टकराव का रुख अपनाया और पिछले युद्ध के बाद हुआ शिमला समझौता रद्द कर दिया है तो यह अच्छा ही है। अब भारत उनकी सीमा में घुसकर बदला लेगा।

# मध्यमा परीक्षा का परीक्षाफल बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के वेबसाइट पर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा-2025 का परीक्षाफल बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना के वेबसाइट पर अजय यादव, (भा.प्र.से.), सचिव, शिक्षा विभाग, पटना-सह-प्रशासक, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना द्वारा जारी किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सचिव नीरज कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक उपेन्द्र कुमार तथा बोर्ड के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कुल छात्र की संख्या-6849 उत्तीर्ण छात्रों की संख्या-5887, प्रतिशत 85.95। कुल छात्रा की संख्या-5617, उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या- 87.82, प्रतिशत - 87.82। परीक्षार्थी https://bssbpatna.co



पर रौल कोड एवं क्रमांक अंकित कर परीक्षाफल का अवलोकन कर सकते हैं। यदि परीक्षाफल में परीक्षार्थी के नाम / पिता नाम / माता नाम / जन्मतिथि / विद्यालय नाम आदि में कोई त्रुटि हो तो संबंधित परीक्षार्थी अपने विद्यालय प्रधानाध्यापक के माध्यम से 15 दिनों के अंदर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना में आवेदन कर सकते हैं।

# ईओयू ने संजीव मुखिया को 36 घंटों के लिए रिमांड पर लिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को नीट पेपर लीक मामले के मास्टमाइंड संजीव मुखिया को 36 घंटों के लिए रिमांड लिया गया है। कोर्ट ने शुक्रवार को ईओयू के द्वारा पांच दिनों के लिए रिमांड की अर्जी को खारिज कर दिया था। दोबारा ईओयू की ओर से शनिवार को दोबारा संजीव मुखिया को रिमांड पर लेने को लेकर कोर्ट में आवेदन दिया गया था जिसे मंजूर कर लिया गया। रिमांड के दौरान ईओयू संजीव मुखिया से पूछताछ करेगी। मालूम हो कि शुक्रवार को सीबीआई ने संजीव मुखिया से करीब 3 घंटे तक पूछताछ की थी। सिपाही बहाली, बीपीएससी शिक्षक भर्ती और नीट(यूजी) जैसी कई परीक्षाओं के पेपर लीक में संजीव मुखिया का हाथ रहा है। संजीव पटना के सगुना मोड़ के पास आरएन हाइट्स अपार्टमेंट में अपनी गर्लफ्रेंड के साथ छिपकर रह रहा था। उसने 3 महीने पहले एक फ्लैट किराए पर लिया था जिस मोबाइल नंबर को ईओयू ट्रैस कर रही थी, वह मोबाइल संजीव मुखिया ने किसी और के नाम पर ले रखा था जिसकी वजह से लोकेशन सही नहीं मिल पा रही थी। संजीव मुखिया पर अक्टूबर 2023 में सिपाही बहाली पेपर लीक का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। बिहार सरकार ने 11 अप्रैल को उसके ऊपर 3 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया था। वहीं ईओयू की जांच में यह सामने आया है कि संजीव मुखिया एक संगठित नेटवर्क के माध्यम से पेपर लीक को अंजाम देता था। इस नेटवर्क में उसके परिजनों के अलावा 30 से ज्यादा लोग शामिल हैं जो अलग-अलग राज्यों में फैले हुए हैं। पिछले साल 11 मई को झारखंड के देवघर से नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार छह लोगों में उसका करीबी चिंटू भी शामिल था जिसे उसके रिश्तेदार के रूप में जाना जाता है। जांच में खुलासा हुआ कि 5 मई की सुबह चिंटू को व्हाट्सएप पर नीट का प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी की पीडीएफ मिली थी जिसे पटना के 'लर्न एंड प्ले स्कूल' में प्रिंट कर छात्रों को रटाया गया था।

# अगले हफ्ते तक टीआरई-3 शिक्षकों के पोस्टिंग ऑर्डर होंगे जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और समावेशी बनाने के उद्देश्य से 'शिक्षा की बात हर शनिवार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के 12वें एपिसोड में एक बार फिर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने भाग लिया और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े हर सवाल का विस्तृत और स्पष्ट जवाब दिया।

**अगले हफ्ते तक टीआरई-3 शिक्षकों के पोस्टिंग ऑर्डर होंगे जारी**

पूर्वी चंपारण के कृष्ण कुमार ने पूछा कि टीआरई-3 की नियुक्ति प्रक्रिया कब पूरी होगी? इस पर डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि नियुक्ति की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में है। अगले सप्ताह शुक्रवार या शनिवार तक सभी टीआरई-3 शिक्षकों के पोस्टिंग ऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पोस्टिंग में प्राथमिकता उन विद्यालयों को दी गई है जहां शिक्षकों की कमी अधिक है और छात्र संख्या ज्यादा है ताकि राज्य में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित हो सके। सभी शिक्षक सोमवार से अपने-अपने विद्यालयों में योगदान देंगे।

# मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन

## गौरैया चित्र प्रदर्शनी भी लगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। साथ में गौरैया चित्र प्रदर्शनी भी लगी। कैमरा सिर्फ एक तकनीकी क्रांति नहीं है। ये जीवन की सूक्ष्म गतिविधियों को बारीकी से देखने का औजार भी है, बशर्ते हम अपने भीतर वो परखी नजर पैदा कर सकें। इसीलिए असली पत्रकारिता किताब और कैमरे से शुरू होकर आम जीवन



तक जानी चाहिए। ये बातें आज मशहूर गौरैया संरक्षक और छायाकार संजय कुमार ने मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में कहीं। संजय कुमार ने इस कार्यशाला में सिंगल लेंस कैमरे से लेकर डिजिटल कैमरे के कई मॉडल और ट्राइपॉड के साथ उपस्थित प्रशिक्षुओं को फोटोग्राफी के सफर के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिभागियों ने उन कैमरों से विश्वविद्यालय में फोटोग्राफ भी खींचे। इस कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से फोटोग्राफी करने के दौरान ध्यान रखी जाने वाली बातों को भी विस्तार से समझाया गया और प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ से सवाल भी पूछे। इस अवसर पर एनवायरनमेंट वॉरियर्स संस्था द्वारा संजय कुमार द्वारा खिंची गयी गौरैया की अनोखी चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। मौके पर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों के अलावा विभाग के प्रभारी डॉ निखिल आनंद गिरि, डॉ रंजीत कुमार, डॉ नेहा दुबे, डॉ जाकिर हुसैन जमशेद, डॉ मो. जमशेद आलम व अन्य छात्र भी उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रही पटना के जीएम रोड की दवा मंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पहलगाम हमले को लेकर देश की बड़ी दवा मंडियों में शामिल पटना के गोविंद मित्रा रोड की थोक दुकानें शनिवार को बंद रहीं। बंद का आह्वान केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने किया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा कि इस मुसीबत के समय में हर भारतीय देश के साथ खड़ा है। धर्म पूछकर 28 लोगों को मारने का जो घिनौना काम किया गया है, वह निंदनीय है। अर्जुन यादव ने कहा कि पहलगाम में सैलानियों की नृशंस हत्या के विरोध में दवा मंडी में लगभग एक हजार दुकानें बंद रहीं। वहीं एसोसिएशन की हुई बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर शनिवार को दोपहर 2 बजे केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ऑफिस में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। अर्जुन यादव ने कहा कि इस मंडी से रोजाना 20 करोड़ रुपए का कारोबार होता है।

# कृषि यांत्रीकरण योजनान्तर्गत अनुदान भुगतान प्रक्रिया की होगी समीक्षा : विजय कुमार सिन्हा

## कृषि यंत्र अनुदान प्रणाली में किसानों से प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि यांत्रिकरण योजनान्तर्गत अनुदान भुगतान की प्रक्रिया की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। सीतामढ़ी और बक्सर में आयोजित किसान कल्याण संवाद एवं युवा किसान सम्मान समारोह के अवसर पर किसानों से सीधा संवाद के दौरान किसानों ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की नीतियों से जुड़े सुझाव और समस्याएं साझा कीं जिन पर उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि यंत्र विक्रेताओं ने अनुरोध किया कि कृषि यंत्रों के क्रय पर अनुदान का भुगतान वर्तमान में निर्माता को न कर, सीधे विक्रेताओं को कराया जाए। विक्रेताओं ने बताया कि इससे प्रक्रिया अधिक सरल और त्वरित होगी तथा किसानों को यंत्र प्राप्त करने में सुविधा होगी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मांग पर विभागीय स्तर पर विचार किया जाएगा और समीक्षा के बाद आवश्यक सुधार किए जाएंगे ताकि किसानों को किसी भी स्तर पर कठिनाई न हो। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2015-16 तक कृषि यांत्रिकरण योजनान्तर्गत विक्रेताओं को सीधे अनुदान का भुगतान किया जाता था। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2019-20 तक किसानों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का भुगतान किया जाने लगा। फिर वित्तीय वर्ष 2020-21 से किसानों को अनुदान राशि काटकर केवल कृषक अंश का भुगतान कर यंत्र क्रय करने की व्यवस्था लागू की गई जिसमें सत्यापन के बाद शेष अनुदान राशि का भुगतान निर्माता को किया जाता है। इन सभी प्रक्रियाओं का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी और सरल सुविधा प्रदान करना रहा है।

# बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का 28वां अधिवेशन सम्पन्न

## मगध प्रक्षेत्र की बैठक में संगठनात्मक एकता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/आरा।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का 28वां अधिवेशन पटना स्थित अरविंद महिला कॉलेज (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मगध प्रक्षेत्र की विशेष बैठक सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, आरा के न्यू सेमिनार हॉल में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिनिधि मंडलों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह ने की जबकि संचालन प्रक्षेत्रीय मंत्री विनय कुमार सिंह तथा संयुक्त सचिव राजीव कुमार भास्कर एवं सचिव डॉ. जोगेंद्र कुमार सिंह की



उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसके बाद दीप प्रज्ज्वलन के साथ औपचारिक उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। बैठक में संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों की रक्षा को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रक्षेत्रीय मंत्री विनय कुमार सिंह ने बिहार के संघर्षशील इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 'युद्ध नहीं जिनके जीवन में, वे या तो प्रण तोड़ चुके होते हैं या रणभूमि से भागे होते हैं।' वहीं महाविद्यालय के लेखपाल मनोज कुमार सिंह ने एकता की महत्ता पर बल देते हुए कहा एकता में ही सुरक्षा है, बंटे तो कटेंगे। सभा में शक्ति कुमार सिंह, सौरभ सुमन, कमलेश कुमार सिंह समेत कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने आगंतुकों को स्मृति चिह्न स्वरूप बैग एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया। संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन निशा सिन्हा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तकनीकी सहयोग प्रवीण दुबे एवं अभिषेक दुबे का रहा। बैठक में रामेश्वर प्रजापति, मोहम्मद राशिद, सुदीप कुमार, डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, शशिकांत कुमार, अर्चना कुमारी समेत कई प्रमुख कर्मचारी नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पहलगांव में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन का समापन हुआ।

# नेशनल लॉजिस्टिक्स संगोष्ठी 2025: लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रेलवे की भूमिका बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित अंबेडकर भवन में परिवहन अनुसंधान एवं प्रबंधन केंद्र (सीटीआरएएम) द्वारा आयोजित नेशनल लॉजिस्टिक्स संगोष्ठी 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी में सरकार, उद्योग जगत और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने शिरकत कर भारत में लॉजिस्टिक्स के बदलते परिदृश्य पर मंथन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेन्द्र मल्होत्रा, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय स्वरूप और सीटीआरएएम के वरिष्ठ अधिकारियों ने




संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन सत्र में लॉजिस्टिक्स में हो रहे परिवर्तनों, रेलवे की घटती हिस्सेदारी और उससे जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवाचार और सतत विकास के माध्यम से रेलवे की भूमिका को पुनः मजबूत करने पर बल दिया। पहले सत्र में अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी सीमेंट और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के प्रतिनिधियों ने सीमेंट लॉजिस्टिक्स की दिशा और संभावनाओं पर चर्चा की। देश में 600 मिलियन टन की उत्पादन क्षमता के बावजूद केवल 65 प्रतिशत उपयोग दर की स्थिति में रेल परिवहन की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया। वैगन डिजाइन में सुधार, दीर्घकालिक अनुबंध (एलटीटीसी) और नीति सरलीकरण को इस दिशा में जरूरी कदम बताया गया। मारुति सुजुकी, सियाम (भारतीय वाहन निर्माता संघ), एपीएल लॉजिस्टिक्स वास्कोर और गैटेक्स इंडिया के विशेषज्ञों ने वाहन लॉजिस्टिक्स की जरूरतों पर प्रकाश डाला। एसयूवी वाहनों की ऊंचाई बढ़ने से डबल स्टैकिंग में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए नए प्रकार के वैगन विकसित करने की मांग उठी। समर्पित वाहन केंद्रों की स्थापना और माल सुरक्षा को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। तीसरे सत्र में अमेजन इंडिया, नेस्ले और एवीजी लॉजिस्टिक्स जैसे प्रमुख खिलाड़ियों ने भाग लिया। बीओजी खंड में रेलवे की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए ट्रांजिट समय की विश्वसनीयता, दरों का युक्तिकरण और बहु-माध्यमीय लॉजिस्टिक्स योजना पर जोर दिया गया। द्वैध-माध्यम प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण को लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव का प्रमुख साधन माना गया। गोष्ठी में स्पष्ट हुआ कि यदि नीतिगत समन्वय, अवसंरचना निवेश, डिजिटलीकरण और निजी क्षेत्र के सहयोग को सशक्त किया जाए तो भारत का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र अधिक कुशल, पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल और रेलवे-केंद्रित बन सकता है। संगोष्ठी ने लॉजिस्टिक्स के भविष्य को लेकर आशावादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

# भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान नमिनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान नमिनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को



अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि 21वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ स्वामी का गर्भ, जन्म, तप एवं ज्ञान कल्याणक बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी द्वारा संचालित बिहार के मिथिलापुरी तीर्थ, जिला सीतामढ़ी में हुआ है तथा मोक्ष कल्याणक शिखरजी में हुआ है।

CMYK

# जिले के 72 अजा एवं अजजा टोले में विशेष विकास शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार महादलित विकास मिशन, पटना के द्वारा जिले के 72 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करना है। इस विशेष विकास शिविर में 22 तरह की सरकारी योजनाओं के लाभ से इन परिवारों को आच्छादित किया जाना है। इस शिविर के आयोजन से पूर्व ही आवेदन पत्र संबंधित विभाग / विकास मित्र के द्वारा प्राप्त किया गया एवं उसका यथासंभव निष्पादन कर कैंप में प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। छूटे हुए लाभुक से



शिविर में भी आवेदन किया गया एवं उनका संबंधित विभाग के द्वारा निष्पादन कर वितरण किया जाएगा। आज के कैंप में जिला पदाधिकारी सावन कुमार, उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश के द्वारा भभुआ प्रखंड के मोकरी पंचायत में दक्षिण टोला सामुदायिक भवन में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया गया। जन्म प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों से पूछा गया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना है, प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे हुआ है, पेंशन मिलता है। उपस्थित लोगों ने हां में उत्तर दिया। लोगों का सकारात्मक जवाब सुनकर जिला पदाधिकारी संतुष्ट दिखाई दिए। यहां मुशहर समुदाय के लाभुक ज्यादा संख्या में उपस्थित थे। जिले में आयोजित सभी विशेष विकास शिविर में पंचायत सचिव, विकास मित्र, राजस्व कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, किसान सलाहकार, टोला सेवक, सामुदायिक उत्प्रेरक जीविका, आशा कार्यकर्ता, ममता कार्यकर्ता, पंचायत तकनीकी सहायक, नल जल पंप ऑपरेटर, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सामुदायिक सेवा केंद्र ऑपरेटर, लाइन मैन इत्यादि उपस्थित रहे। आज के विशेष विकास शिविर में समाचार लिखे जाने तक जिले में कुल 299 जन्म प्रमाण पत्र, 246 ई श्रम कार्ड, 86 राशन कार्ड, 130 आयुष्मान कार्ड, 582 का विद्यालय में नामांकन, 284 का आंगनबाड़ी में नामांकन, 297 मनरेगा जॉब कार्ड, 44 पेंशन प्रमाण पत्र, 167 जीविका का प्रमाणपत्र, 81 आधार कार्ड का वितरण किया गया।

## नौ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, वारंटी व शराब तस्कर है। 106 लीटर देशी शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 99 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## डिहरी में रविवार को रहेगी तीन घंटे विद्युत बाधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के डिहरी बीएमपी दो फीडर में रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे दिन तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। विद्युत विभाग के प्रोजेक्ट इंजीनियर दीपक कुमार के अनुसार इस दौरान डैमेज विद्युत पोल और तार को बदला जाएगा। उन्होंने फीडर दो थाना चौक डिहरी बाजार के इलाके के लोगों से विद्युत संबंधी कार्य सुबह 8 बजे के पूर्व करने का आग्रह किया है।

# थानों की आगंतुक पंजी पर हस्ताक्षर अनिवार्य, दलालों पर प्रभावी नियंत्रण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों के सभी थाने में आगंतुक हस्ताक्षर पंजी अनिवार्य कर दिया गया है। इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य थानों में अवांछित व्यक्तियों, विशेषकर कथित दलालों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण और पुलिस की कार्यशैली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार डीजीपी के निर्देशानुसार सभी थानों में आगंतुक पंजी अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था का आधार जनता का भरोसा होता है। थानों में आने जाने वालों का ब्यौरा दर्ज करने से यह भरोसा मजबूत होगा जब कोई व्यक्ति थाने आता है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह क्यों आया। प्राथमिकी कराने, अनुसंधान की प्रगति जानने या अन्य किसी कार्य से। आगंतुक पंजी यही जानकारी दर्ज करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र के सभी पुराने थानों में आगंतुक डेस्क स्थापित हो चुका है। नए थाना भवनों में सभी सुविधायुक्त आगंतुक कक्ष है। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र के रोहतास, भोजपुर,



बक्सर, कैमूर के एसपी को आगंतुक पंजी को निगरानी को निर्देशित किया गया है। इसकी निगरानी डीएसपी से लेकर वरीय अधिकारी तक की जाएगी। थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी निगरानी की जाएगी। उससे भी आगंतुक पंजी का मिलान भी किया जाएगा जिससे थानों की जवाबदेही और जनविश्वास दोनों मजबूत होंगे। डीआईजी ने कहा कि आगंतुक पंजी केवल एक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही का एक सशक्त औजार है। उन्होंने सभी एसपी को निर्देश दिया है कि निरीक्षण के दौरान वे अन्य व्यवस्थाओं के साथ आगंतुक पंजी का भी गहन अवलोकन करें।

## प्रार्थना सह शोक-सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के गांधी मैदान के गांधी मंडप में पीस एसोसिएशन गया के द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को प्रार्थना सह शोक-सभा का आयोजन किया गया। पीस एसोसिएशन गया के अध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल, कार्यक्रम के व्यवस्थापक व संचालन कर्ता इकबाल हुसैन साहब, पीस एसोसिएशन के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों ने मिलकर पहलगाम में गोली मारकर हत्या कर दिए गए देशवासियों के दिवंगत आत्मा की शांति हेतु सभी लोग मिलकर मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# चोरी की रेल संपत्ति के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ ने चोरी की रेल संपत्ति के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि गत बुधवार को स्थानीय स्रोतों के माध्यम से वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ निर्माण स्टोर सोन नगर से मिनी ट्रक पर रेलवे संपत्ति बाहर जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डिहरी ऑन-सोन द्वारा मामले के उद्भेदन हेतु पतारसी एवं सुरागरसी की जा रही थी कि उसी दिन 24-04-25 को ही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो शाखा-पटना एवं रेलवे की सतर्कता विभाग की टीम के द्वारा अवैध पैसे की लेन-देन के मामले में वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ निर्माण राज कुमार एवं अन्य तीन लोगों को आगे की पूछताछ के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो शाखा-पटना ले गयी। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं संलिप्तों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु 25-04-25 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम, उप निरीक्षक कुमार गौरव, उप निरी. मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं अपराध आसूचना शाखा-गया के निरीक्षक चंदन कुमार, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, आरक्षी नवीन कुमार पांडेय की टीम द्वारा पतारसी एवं सुरागरसी के क्रम में तकनीकी सहयोग से मिनी ट्रक बीआर 26जीसी-3231 को उस पर चोरित लाखों रुपए की चोरित रेलवे संपत्ति (साढ़े आठ मिट्रिक टन) एवं मामले में संलिप्त रवीन्द्र कुमार सिंह एवं ट्रक चालक अरुण कुमार को हजारी करमा औरंगाबाद स्थित सिंह आयरन ट्रेडर्स के पास स्थानीय थाना मुफ्फसिल औरंगाबाद के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में विधिक कार्यवाही करते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डिहरी ऑन-सोन पर संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा दोनों अभियुक्तों को न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे गया के समक्ष अग्रसारित किया गया है।

# कैंडल मार्च निकाल युवाओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** जम्मू कश्मीर के (पहलगाम) मशहूर पर्यटन स्थल बैरसन घाटी में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा बेकसूर भारतीयों की गोली मारकर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई थी जिसमें हैदराबाद में पदस्थापित एक इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) अधिकारी की मौत हो गई। आईबी अधिकारी मनीष रंजन मूल रूप से रोहतास जिले के करगहर थाना अंतर्गत अरूहीं गांव निवासी थे। घटना ने रोहतास जिले सहित पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसी क्रम में डिहरी प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम दरिहट के बाबा सुरदास की कुटिया से शुक्रवार की संध्या में पत्रकार विकास कुमार एवं समाजसेवी ललन के नेतृत्व में आतंकी



हमले में शहीद हुए लोगों के दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कैंडल मार्च निकाला गया और पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस दौरान निंदा नहीं बदला चाहिए, आतंकवाद का नाश हो, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय एकता जिंदाबाद, आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। कैंडल मार्च बाबा सुरदास की कुटिया से सैकड़ों नौजवानों की उपस्थिति में पैदल मुख्य सड़क से नारेबाजी करते हुए पंचायत भवन (गांधी स्मारक) पहुंच कर शहीदों की सच्ची श्रद्धांजलि के लिए दो मिनट का मौन रखा एवं कैंडल स्थापित किया। विकास कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि जिस प्रकार बेकसूर देशवासी सहित रोहतास के लाल मनीष रंजन की पत्नी एवं बच्चों के सामने गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है यह घोर निंदनीय हैं। इसकी निंदा नहीं बदला चाहिए जब तक मोदी सरकार नहीं लेगी तब तक हम सभी देशवासी चैन की नींद नहीं सोएंगे, मनीष रंजन की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। ललन जी ने देश के प्रधानमंत्री से मांग किया कि जिस प्रकार पहलगाम में भारतीय नागरिकों को मारा गया है उसका बदला हम सभी चाहते हैं। इस दुःख की घड़ी में हम सभी देशवासी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं। मौके पर अजय कुमार, राकेश कुमार, अमित गुप्ता, गुड्डू कुमार, गोलू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा सेवक छोटेलाल राम बने के.आर.पी.

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड डिहरी के शिक्षा सेवक छोटेलाल राम को प्रखण्ड डिहरी के शिक्षा विभाग साक्षरता शाखा के के.आर.पी. पद पर पदभार ग्रहण किये एवं छोटेलाल राम को के.आर.पी. का प्रभार मिलने के पश्चात आज शिक्षा सेवक, तालीमी मरकज ने भव्य स्वागत एवं जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन धनंजय कुमार ने किया और नए के.आर.पी. छोटेलाल राम एवं मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को माला पहनकर स्वागत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम का शुभआरंभ किया गया और कुमार ने जानकारी दी कि शिक्षा विभाग एवं बिहार सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लाभान्वितों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने एवं प्रखंड को पूर्ण रूप से साक्षर बनाने का कार्य, शिक्षा सेवकों की भूमिका पर भी विधिवत प्रकाश डाले। विशिष्ट अतिथि शशि कुमार, सचिव, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ अनुमंडल, डिहरी ने सभी को अपने कार्यों को बखूबी से निभाने पर बल दिया। हमारे प्रखंड के महादलित परिवारों में असाक्षर न रहे, शिक्षा सेवक विगत 2008 से महादलित परिवारों में एवं महादलित टोला में शिक्षा का दीप जलाने कार्य करते आ रहे हैं। इस कार्य को ईमानदारी से निभाएं, एक भी बच्चा और अनामांकित न रहे, सभी को विद्यालय से जोड़ें और उन्हें पढ़ायें। कार्यक्रम का समापन लालबाबू राम के द्वारा आभार व धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर नीलू, संगीता, अर्चना, राजू, लालबाबू राम, अमित, रमेश, संजीत, सुनील, विजय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

### मां काली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पडुरी पंचायत के घरी गांव में मां काली के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार की सुबह जल भरी के साथ प्रारंभ हुआ। जलभरी (जलयात्रा) कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरुष अपने सर पर कलश को लेकर यज्ञ स्थल से निकले। जलभरी यात्रा में हाथी घोड़ा गाजे बाजे के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने हाथ में भगवा झंडा लेकर हिस्सा लिया। जल भरी यात्रा का कार्यक्रम ग्राम घरी से निकाल कर हजारों श्रद्धालु सर पर कलश लेकर पडुरी गांव के सोन नदी के तट पर पहुंचे और वहां पर साधु महात्माओं के मंत्रों उच्चारण के साथ कलश पूजन कर जल लेकर वापस यज्ञ मंडप में कलश को रखा। यज्ञ को लेकर यज्ञ समिति के अध्यक्ष डॉ पिंटू कुमार ने बताया कि श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के सेवक संत सुंदर राज यति (यतिराज) स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में मां काली का प्राण प्रतिष्ठा तथा श्री लक्ष्मी महायज्ञ का भव्य आयोजन हो रहा है। इसी यज्ञ में वृंदावन गया काशी अयोध्या बक्सर आदि तीर्थ स्थान के धर्म गुरुओं का भी आगमन होगा।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के इलेक्ट्रिक लोको में वॉटरलेस यूरिनल की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू डिवीजन) के विद्युत लोको शेड द्वारा लोको पायलटों की सुविधा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानवकेंद्रित कदम उठाया गया है। रेलवे बोर्ड और आरडीएसओ के निर्देशों के अनुरूप अब इलेक्ट्रिक इंजनों में वॉटरलेस यूरिनल लगाए जा रहे हैं जिससे ड्यूटी के दौरान लोको पायलटों (महिला व पुरुष दोनों) को इंजन से उतरकर बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह पहल संचालन में निरंतरता, सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करेगी। इस सुविधा का कार्य अप्रैल




2025 से तीव्र गति से प्रगति पर है। अब तक लगभग 18 इंजनों में यह व्यवस्था सफलतापूर्वक लगाई जा चुकी है। आने वाले समय में डीडीयू बेस के सभी वैज-9 (थ्री फेस लोको) में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह वॉटरलेस यूरिनल पीआईआर सेंसर आधारित है जो केवल मानव गतिविधि पर सक्रिय होता है। इसमें सैनिटाइजर, परफ्यूम स्प्रे, यूभी एलईडी लाइट, एग्जॉस्ट फैन और स्पीड कंट्रोल ऑटोमैटिक डोर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह यूनिट केवल तब खुलेगी जब इंजन पूर्ण रूप से रुका होगा- गति में रहते हुए दरवाजा स्वतः लॉक रहेगा। यह पहल महिला रेलकर्मियों के लिए भी एक स्वागतयोग्य कदम है जो कार्यस्थल पर समान सुविधा और सम्मान सुनिश्चित करता है। डीडीयू मंडल, पूर्व मध्य रेल- रेल कर्मचारियों की सुविधा के लिए एक नई दिशा में अग्रसर।

## मुंडेश्वरी महोत्सव को और भव्य बनाया जाएगा : मंत्री राजू सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सूबे के पर्यटन मंत्री राजू सिंह ने कैमूर जिले में पहुंचकर दो मां दिवसीय मुंडेश्वरी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में पर्यटन मंत्री ने कहा कि माता मुंडेश्वरी के बारे में सुना था आज देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार के तरफ से मां मुंडेश्वरी धाम में प्रस्तावित रोपवे का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कैमूर आगमन के दौरान जिले में इको टूरिज्म के लिए घोषणा किया है। बहुत जल्द डीपीआर बनाकर इस साल में शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री ने डीएम से कहा कि मन्दिर के व्यवस्थापकों एवं न्यास समिति के सचिव के साथ बैठकर विचार करें कि इस मुंडेश्वरी महोत्सव कार्यक्रम को और भव्य कैसे बनाया जा सकता है। मां मुंडेश्वरी मंदिर एवं धाम का विकास कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि माता के दरबार में आकर मैं अपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मां मुंडेश्वरी के विकास के लिए विभाग के तरफ से जितना हो सके प्रयास करुंगा।

# विद्यालय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकोढ़ी गोला।** प्रतिभा खोज पहचान योजना अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माझियांव पंचायत के टंडवा स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रारंभ हुआ। खेल शुरू होने से पहले छात्र-छात्रा जनप्रतिनिधि एवं स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका ने 2 मिनट का मौन रख करके जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मारे गए मृतकों को याद किया गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विद्यालय में खेल का उद्घाटन पंचायत के मुखिया अनिल कुमार एवं प्रधानाध्यापक और मौजूद शिक्षक-शिक्षिका ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुखिया अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार के योजना से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़ी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास दोनों होता है और जब मानसिक विकास होगी तो पढ़ाई में भी मन लगेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी और कहा कि खेल के मैदान में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह मदद के लिए तैयार हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि बिहार सरकार की दिशा निर्देश पर विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता आज 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होना है जो बच्चे अच्छे खेलेंगे उनका चयन होगा और वह आगे बढ़ते हुए जिला के साथ-साथ राज्य स्तर पर भी खेलेंगे। खेलों में कबड्डी फुटबॉल साइकिलिंग वॉलीबॉल आदि खेल शामिल है। यह प्रतियोगिता अंडर 14 और अंडर 16 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं में आयोजित की जाएगी। मौके पर शिक्षकों के साथ सैकड़ों छात्र एवं छात्रा मौजूद रही।

# कश्मीर हमले के विरोध में कैंडल मार्च, मुस्लिम समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** समाजसेवी एकराम अंसारी के नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च और विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस मार्च में मुस्लिम समाज के अनेक लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हम भारत के हर समाज के लोग अपनी सरकार के साथ मजबूती से खड़े हैं और आतंक के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस नृशंस आतंकी घटना की जल्द से जल्द जांच




कर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया जाए। समाजसेवी एकराम अंसारी ने कहा कि यह समय सभी समुदायों के लोगों को एक साथ खड़े होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने का है। देश की शांति और सुरक्षा के लिए हम सब एक हैं। सरफुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, महमूद अंसारी, पडु अंसारी, नौशाद चौधरी, सज्जाद आलम, जफर हुसैन, शेख अफरोज, सोनू आलम, पीर मोहम्मद राईन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वीर कुंवर सिंह की 167वीं पुण्यतिथि पर सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बद्रीनारायण महाविद्यालय इंदौर (रोहतास) के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की 167 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 'लोक कल्याण एवं प्रशासन के क्षेत्र में कुंवर सिंह का योगदान' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर राजदेव सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सरोज कुमार गुप्ता ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षा कर्मियों, विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर




उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व सहित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके किए गए अतुलनीय योगदानों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

सेमिनार का विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सरोज कुमार गुप्ता ने वीर कुंवर सिंह को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय योद्धा एवं महानायक बताया। उन्होंने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उन्हें शेरशाह की तरह एक कुशल एवं लोक कल्याणकारी प्रशासक बताया। डॉ गुप्ता ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के दरमियान 9 माह तक किए गए अंग्रेजों के खिलाफ उनके संघर्ष को उनके अद्भुत शुरता, वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का परिचायक बताते हुए उनके जीवन आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों सहित शिक्षाकर्मियों से आत्मसात करने का आह्वान किया।

# वार्ड नौ में गर्मी में जलजमाव से लोगों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत की सफाई पर हर माह लगभग 13 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी गंदगी का अम्बार लगा है। नगर की सफाई में भ्रष्टाचार व लूट खसोट का आरोप हमेशा लगता रहा है। शहरवासी न्याय की मांग कर रहे हैं। वार्ड नौ में फैले गंदगी व जलजमाव के कारण गर्मी के दिन में भी आना जाना मुश्किल हो गया है। प्रत्येक वार्डों में गंदगी का अंबार बढ़ता जा रहा है। शहर की सफाई को लेकर अनेकों बार वार्ड पार्षद विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिए हैं, लेकिन बार-बार गुहार के बाद शहर की सही तरीके से सफाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय



लोगों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के पूर्व भी कुदरा की गलियों में गंदगी व जलजमाव का नजारा था, जो आज भी जारी है। शहरवासियों का कहना है शहर के मुख्य मार्ग के किनारे भी गंदगी पड़ा रहता है। कभी सफाई कर्मी अपने मांगों को लेकर सफाई करने से मना कर देते हैं तो कभी सफाई के प्रति लापरवाही के कारण सफाई नहीं होती है। शहर के सर्विस सड़क से आने जाने वालों को सड़क के किनारे हमेशा कचरा देखने को मिलता है। शहरवासियों का कहना है कि आखिर लगभग 13 लाख रुपये नगर पंचायत प्रशासन द्वारा खर्च के बाद भी सफाई का बुरा हाल क्यों है? शहर के डाकबंगला से लेकर कुदरा-भभुआ चौराहा तक सफाई के बाद भी गंदगी पड़ा हुआ है। पीएनबी के सामने सड़क के किनारे भी हमेशा गंदगी का ढेर लगा रहता है। फल व सब्जी दुकानदार खराब समान को उक्त स्थान पर फेंक देते हैं जिससे कुछ दिन के बाद वहां से दुर्गंध आने लगता है। शहर के बस स्टैंड के पास भी हमेशा गंदगी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां सफाई नहीं की जाती है। शहर के वार्ड पार्षदों का कहना है कि नगर पंचायत के सफाई में अनियमितता व लूट खसोट के चलते लगभग तेरह लाख रुपये खर्च होने के बाद भी अच्छी तरह से सफाई नहीं हो रही है जिससे शहरवासियों में सफाई के प्रति असंतोष का माहौल है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि शहर की सफाई पर नगर प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जाता है। अभी सफाई का एजेंसी बदल गया है। एजेंसी बदलने से थोड़ी सफाई में परेशानी हो रही है जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। वार्ड तेरह में जलनिकासी व सड़क निर्माण के लिए कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा शहर के सफाई में लूट खसोट का आरोप झूठा व बेबुनियाद है। सफाई पर नगर प्रशासन का फोकस है। उधर शहरवासी अब वार्डों में पसरे गंदगी को व्हाट्सएप ग्रुप व सोशल मीडिया पर शेयर कर विरोध जता रहे हैं।

# 91 लाख से अधिक की 11 योजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास व उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के बेन प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति की अनुशंसा पर कई पंचायतों के विभिन्न गांवों में कुल 91 लाख 15 हजार 967 रुपये की लागत से निर्मित 11 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम गुरुशरणपुर के महादलित टोला में 10 लाख 40 हजार रुपये की लागत से नाली एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया गया। वहीं, गुरुशरणपुर हाई स्कूल के उत्तरी व पश्चिमी भाग से दक्षिणी भाग तक 24 लाख 52 हजार 767 रुपये की लागत से चारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इसी गांव में पिच रोड से अशोक चौधरी के खेत तक 9 लाख 12 हजार 500 रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य का भी उद्घाटन संपन्न हुआ। मंत्री ने ग्राम मखदुमपुर में 7 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वाटर पंप यूनिट का उद्घाटन किया, जबकि इसी गांव में दुखन मांझी के घर से डाक बाबा तक 9 लाख 15 हजार रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य का उद्घाटन हुआ। कृपागंज गांव में रंजीत सिंह के घर से दक्षिण टोला रोड तक 9 लाख 15 हजार रुपये की लागत से ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई का उद्घाटन किया गया। मुरगावां गांव में सुनील सिंह के घर से उत्तर अनिल सिंह के घर तक 9 लाख 88 हजार 200 रुपये की लागत से मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन हुआ। वहीं, मुरगावां गांव में ही महादेव मंदिर के निकट 2 लाख 86 हजार रुपये की लागत से मनरेगा योजना के तहत मिट्टी भराई एवं फ़ेवर ब्लॉक सोलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इसी गांव में कमल सिंह के घर से शिवशंकर सिंह के घर तक 8 लाख 56 हजार 500 रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई का कार्य भी शुरू किया गया। कृपागंज गांव में सुरेंद्र रजक के घर से शशि सिंह के घर तक 9 लाख 89 हजार 800 रुपये की लागत से ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई का उद्घाटन किया गया तथा धर्मेंद्र सिंह के घर से देवेंद्र सिंह के घर तक 9 लाख 89 हजार 200 रुपये की लागत से मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग का कार्य प्रारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार के ग्रामीण इलाकों को शहरों के समकक्ष सुविधायुक्त बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया है और इसी दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के ग्रामीण नागरिक भी शहरों में रह रहे लोगों के समान जीवन स्तर का आनंद ले रहे हैं और आर्थिक रूप से सशक्त होकर प्रदेश व देश की प्रगति में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की बदौलत राज्य के गरीब एवं वंचित वर्ग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं। इस कार्यक्रम में प्रखंड जदयू अध्यक्ष अरविंद पटेल, प्रमुख रंजू देवी, खैरा पंचायत की मुखिया पुन्नी देवी, जीतु मांझी, जीतेंद्र सिंह, मो. कलीम, कुमुद कुमार, सोनम सोनाली, सीताराम केवट, धुरी मांझी, भगेड़न पाल, कृष्णानंदन प्रसाद, चुलचुल केवट, शैलेन्द्र पाल, शैलेन्द्र प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, नागमणि प्रसाद, दीपक दास, मुन्ना सिंह, बिनोद सिंह, जीतु कुशवाहा, शशि कुशवाहा, प्रेम कुशवाहा, सुनील मांझी, शम्भु पासवान, पैक्स अध्यक्ष पप्पू जी, मुखिया नीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## शादी का सामान लाने गया युवक गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट।** नरहट थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव से पिछले दिन गुरुवार समय करीब 9 बजे सुबह शादी का सामान लाने गया स्व संजय सिंह के 24 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार अचानक गायब हो गया है। स्वजन नाते रिश्तेदार के पास काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ अता पता नहीं चला है। बताया जाता है कि कुछ दिनों बाद उसकी शादी होने वाला था। गायब युवक के मां गीता देवी ने थाने में आवेदन देकर थानाध्यक्ष से खोजबीन की गुहार लगाई है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई है।

# हत्या या हादसा: बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन के किनारे मिली युवक की सिर कटी लाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वारिसलीगंज पुलिस ने गुरुवार की रात्रि गश्ती के दौरान केजी रेलखंड के बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन के पास पटरी पर एक युवक का सिर कटा शव बरामद किया है। बाद में शव की पहचान हाजीपुर पंचायत की मुखिया गेंदिया बीघा ग्रामीण आशो देवी के जेठ उपेंद्र चौधरी का 19 वर्षीय पुत्र सोहित कुमार के रूप में हुई। युवक का सिर धड़ से पूरी तरह से अलग था। रेल पटरी पर खून का निशान भी पाया गया है। शव की पहचान बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। इस बाबत पूछे जाने पर हाजीपुर मुखिया पति बौधु चौधरी ने कहा कि सोहित मेरा



भतीजा है। जो गुरुवार की शाम छह बजे घर से निकला था। रात्रि में वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। चुकी वह टेंट पंडाल में काम करता था। इसलिए परिजनों को लगा कि कहीं काम करने गया होगा। इस बीच सुबह तीन बजे पुलिस द्वारा बौधु चौधरी के मोबाइल पर पुलिस ने उनके क्षेत्र में एक शव होने की सूचना दिया गया। बाद में पता चला कि शव उन्हीं के भाई उपेंद्र चौधरी का द्वितीय सुपुत्र सोहित का है। सूचना बाद परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। महिलाएं दहाड़ मार कर विलाप करने लगी। पीड़ित परिजन का कहना है कि कहीं हत्या कर शव को रेल पटरी पर रखकर दुर्घटना साबित करने की कोशिश की गई है। इस बाबत वारिसलीगंज के अपर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि शव को देखने से प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत होता है। विशेष अनुसंधान में स्पष्ट हो सकेगा। शव को पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया गया है। सूचना के अनुसार युवक के शव की अंत्येष्टि गेंदिया बीघा गांव स्थित श्मशान पर शुक्रवार को कर दिया गया। जवान बेटे की मौत से आहत परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो रहा है।

# फल दुकानदार से लूटपाट व मारपीट, उधारी मांगने पर बढ़ा विवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के पुलपर मोहल्ले में शुक्रवार देर शाम फल दुकान द्वारा खराब फल देने और उधार का पैसा मांगने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और लूटपाट की घटना घटी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित दुकानदार नगर थाना क्षेत्र के खरादी मोहल्ला निवासी मो. इरशाद ने बताया कि वह दुकान के पास बैठा था, तभी एक व्यक्ति नशे की हालत में पहुंचा और एक-एक किलो अंगूर एवं सेब खरीदा। इस पर दुकानदार के स्टाफ ने पहले बकाया रकम चुकाने की बात कही। इसी बात पर वह व्यक्ति भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए वापस चला गया। कुछ देर बाद वह व्यक्ति करीब आधा दर्जन लोगों के साथ वापस लौटा और दुकान पर



धावा बोल दिया। मारपीट करते हुए दुकान में रखे 22 हजार रुपये नकद भी लूट लिए। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों से 1700 रुपये बकाया हैं बार-बार मांगने पर वह पैसे देने से इनकार कर रहा था। दूसरे पक्ष सालूगंज निवासी ललन कुमार का आरोप है कि ज्यादातर फल खराब दिया गया था इसी की शिकायत करने पहुंचे थे तो दुकानदार अपनी अन्य सहयोगियों के साथ उसके साथ मारपीट किया। घटना की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी नुरुल हक, थानाध्यक्ष सम्राट दीपक रंजीत कुमार रजक बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। एक पक्ष का आरोप है कि उधारी मांगने पर हमला किया गया, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि दुकानदार द्वारा चुने हुए फल नहीं दिए जा रहे थे, इसी को लेकर विवाद हुआ। एससी एसटी मामले में एक व्यक्ति मो. इरशाद को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया है।

## अपराधियों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरई गांव के पास नेशनल हाईवे 30 ए न्यू बाईपास पर शनिवार की सुबह 9.30 बजे हथियार से लैस अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक बुजुर्ग को गोली मार दी। गोली लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उन्हें कल्याणबीघा रेफरल अस्पताल भेज दिया। दिनदहाड़े हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। जख्मी की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के घोरहड़ी गांव के मसूदन यादव के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि दिनदहाड़े हुई इस घटना को लेकर पुलिस पूरे मामले की जांच प्रक्रिया करने में जुट गई है।

# हिलसा में वाहनों की आपसी टक्कर में पांच लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हिलसा (नालंदा)।** शनिवार को हिलसा थाना क्षेत्र के लहरा डाक के समीप दो वाहनों के बीच हुई जोरदार टक्कर में ई-रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को तत्काल हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान नदहा गांव निवासी घमंडी पासवान की 18 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी, नदवर गांव निवासी सुरेश प्रसाद की 55 वर्षीय पत्नी शकुंती देवी, नदहा गांव निवासी दुलारचंद मांझी की 36 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी, सर्वेश प्रसाद के 27 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार और नदहा गांव के ही हिलसा थाना के चौकीदार सुमित कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन हिलसा बाजार की ओर खाली जा रहा था, जबकि ई-रिक्शा इंदौत से सवारी लेकर हिलसा बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में लाया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# आठ पंचायतों के महादलित टोलों में विकास शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न 8 पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे, जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के सोखोदेवरा, लालपुर, देवनगढ़, सरौनी सहित आठ पंचायतों के



अलग-अलग महादलित टोलों में शिविर लगाकर जनसमस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर में लाभुको को राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का दाखिला,जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, रोजगार कार्ड बनवाना, प्रधानमंत्री आवास योजना,बास भूमि बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना, बिजली कनेक्शन, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना, प्रधानमंत्री स्वच्छ ग्रामीण योजना, लोहिया स्वच्छता योजना सहित 22 विभागों के योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर को सफल बनाने में कौआकोल सीओ मनीष कुमार, सीडीपीओ अंजली कुमारी, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, बीपीआरओ शमा बांनो, बीईओ सुशील कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द, एमओ राजीव कुमार के अलावे विकासमित्र जितेंद्र मांझी, राधा कुमारी, रेखा कुमारी,जवाहर मांझी, रामवृक्ष मांझी, शोभी मांझी आदि ने योगदान दिया।

## आगजनी में हजारों की सम्पत्ति जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के खड़सारी पंचायत अंतर्गत रुस्तमपुर गांव में एक अनुसूचित परिवार के खपड़ैल मकान में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुस्तमपुर गांव के गोलकडीह टोला निवासी परमेश्वर मांझी एवं इनके दामाद रामेदव मांझी के घर में अचानक आग लग जाने से घर में रखा अनाज,कपड़ा आदि सामाग्री जलकर राख हो गया। ग्रामीणों एवं अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

# महादलित बस्तियों में सेवा शिविर का विधायक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डॉ अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत नवादा विधान सभा क्षेत्र के सभी तेरह महादलित बस्तियों में शनिवार को लगाये गए शिविर का निरिक्षण सदर विधायक विभा देवी ने किया। नवादा प्रखण्ड के स्टील नगर, सितारामपुर, ओढ़नपुर, शादीपुर, खपराही, रानीहट्टी, गौस चक मिल्की, नेया और नगर परिषद के वार्ड 3 में लगाये गए शिविर का निरिक्षण करते हुए विधायक विभा देवी ने बताया कि पिछले शिविर की तरह इस बार भी सभी शिविरों पर अतिआवश्यक योजनाओं के टेक्नीशियन मौजूद नहीं थे जिसके कारण एससी एसटी



परिवार को समग्र लाभ नहीं मिल पाया है। खासकर नल-जल योजना, आधारकार्ड, बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन के एक भी अधिकारी शिविर में उपस्थित नहीं थे। दो या तीन शिविर में ही आधारकार्ड के टेक्नीशियन थे जिसके कारण पांच साल तक के बच्चे को सेंटर से लौटना पड़ गया।

उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सभी 22 योजनाओं के अधिकारीयों की उपस्थिति सभी शिविरों में सुनिश्चित किया जाय । विधायक ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री का यह अभियान दलित परिवार का कायाकल्प कर सकता है अगर सभी विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद रहेंगे दूसरी ओर विधायक द्वारा अधिकृत टीम के सदस्य शम्भू मालाकार, मन्टू कुमार, नागेन्द्र यादव, धीरज कुमार और चन्दन कुमार ने नारदीगंज प्रखण्ड के नारदीगंज, जगजीवन नगर, आदमपुर, संदोहरा और कहुआरा डीह में लगाये गए शिविर का दौरा कर वहां की वास्तविक स्थिति से विधायक को अवगत कराया। वहां भी शिविर में प्रतिनियुक्त सभी विभाग के अधिकारी मौजूद नहीं थे जिसके कारण लाभुक वर्ग समस्त सेवा का लाभ नहीं ले सके। हालांकि पिछले शिविर में हुई गड़बड़ियों की शिकायत विधायक ने उच्च पदाधिकारियों से की थी उसका आंशिक असर ही देखने को मिला और कुछ शिविरों पर अतिआवश्यक योजनाओं के अधिकारी उपस्थित थे अथवा सभी योजनाओं का आवेदन स्वीकार किया जा रहा था। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि अगली तिथि को लगने वाले शिविर में सभी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विधायक के काफिले में घुटर यादव, सुरेन्द्र यादव, मदन कुमार, शम्भू विश्वकर्मा, मनोज सिन्हा, अमित चन्द्रवंशी समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बच्चों का भविष्य देखकर बिहार बदलें और जनसुराज को चुनें : प्रशांत किशोर

## ऐसी सरकार चुनें जो जमीनी हकीकत को समझे और आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जन स्वराज उद्घोष यात्रा के तहत प्रशांत किशोर एक दिवसीय दौर पर जिले के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के राजगीर रोड स्थित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान जन सुराज के नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रशांत किशोर का बड़ा सा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार चुन्नू ने अंगवस्त्र और बुके देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने किया। प्रशांत किशोर ने अपने भाषण में भाजपा और नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले को धर्म से जोड़कर भाजपा समाज में नफरत पैदा करना चाहती है। **देश में नफरत-तुष्टिकरण की राजनीति हानिकारक :** उन्होंने कहा कि चाहे भाजपा की नफरत की राजनीति हो या अन्य दलों की तुष्टिकरण की राजनीति, दोनों ही समाज के लिए नुकसानदायक हैं। उन्होंने कहा कि जीविका दीदी, विकास मित्र और टोला सेवक चाहे जितना प्रचार करें, जनता अब नीतीश कुमार को वोट नहीं देगी। प्रशांत किशोर ने शराबबंदी पर कहा कि राज्य में शराब की दुकानें तो बंद हैं, लेकिन शराब हर जगह उपलब्ध है। अवैध बिक्री और होम डिलीवरी खुलेआम हो रही है। यह कानून अब सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। हमारी सरकार बनी तो इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे। पलायन रोकना होगी पहली प्राथमिकता प्रशांत किशोर ने राज्य से हो रहे मजदूरों के पलायन को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि लाखों मजदूर आजीविका के लिए बिहार से बाहर जा रहे हैं, जो राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उनकी सरकार बनने पर स्थानीय उद्योगों, कृषि और सेवा क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे ताकि पलायन को रोका जा सके। पीके ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर भी प्रशांत किशोर ने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री चुनावी सभाओं में सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। 'गरीबों के पैसे से की जा रही इन रैलियों से जनता को कोई असली लाभ नहीं हो रहा है'। उन्होंने कहा कि पीएम से मेरा अपील है कि वो जनता के पैसों से चुनाव प्रचार करना बंद कर दें। साथ ही, उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दें। प्रशांत किशोर ने अंत में बिहार की जनता से अपील की कि वे जागरूक होकर मतदान करें। साथ ही, वो ऐसी सरकार चुनें जो जमीनी हकीकत को समझे और आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दे।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमला में मौत के शिकार हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार की शाम कौआकोल जेपी चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कौआकोल जेपी चौक से ब्लॉक गेट तक कैंडल मार्च भी निकाला गया। विहिप, बजरंग दल, भाजपा एवं अन्य हिन्दू संगठनों के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च में लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान लोगों में पाकिस्तान एवं उसके पोषित आतंकियों के प्रति काफी गुस्सा झलक रहा था।

# निजी विद्यालयों की प्रतिपूर्ति राशि की जांच को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आरटीई (निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार) के तहत निजी विद्यालयों को प्रतिपूर्ति राशि के भौतिक सत्यापन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

उल्लेखनीय है कि बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश के आलोक में ज्ञानदीप पोर्टल पर वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक दर्ज प्रतिपूर्ति दावों के सत्यापन का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दो-दो विद्यालय आवंटित कर भौतिक जांच का आदेश दिया था।

बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 46 निजी विद्यालयों ने ज्ञानदीप पोर्टल पर अपने बच्चों का विवरण दर्ज कराया था, जिनमें से अब तक 22 विद्यालयों की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें जीएन एकेडमी भदौनी, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल कादिरगंज, किड्स जोन पब्लिक स्कूल रजौली और तारा मेमोरियल स्कूल रजौली सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं। समिति ने इन 22 विद्यालयों के लिए 27,01,340/- (सत्ताईस लाख एक हजार तीन सौ चालीस रुपये मात्र) की प्रतिपूर्ति राशि अनुशंसा कर अनुमोदित किया, जिसे राज्य कार्यालय को भुगतान हेतु भेजा गया। जिला पदाधिकारी ने शेष विद्यालयों की जांच एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर रिपोर्ट जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।

जांच के दौरान कई विद्यालयों में आरटीई नियमावली के उल्लंघन के तथ्य भी सामने आए। बच्चों से संपर्क करने पर पता चला कि कई विद्यालय पोशाक एवं पुस्तक की राशि नहीं दे रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार प्रत्येक बच्चे को वार्षिक 11,490/- की राशि (ट्यूशन फीस, पोशाक और पुस्तकें सम्मिलित) उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे विद्यालयों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और केवल ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति ही दी जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला लेखा पदाधिकारी समेत कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल का 26वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने नृत्य, नाटक और गीत-संगीत की सुंदर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर रश्मि साहू, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आर.पी. साहू तथा प्रिंसिपल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत गान के बाद प्रिंसिपल ने अपने उद्बोधन में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की 26 वर्षों की यात्रा को अविस्मरणीय बताया। शिक्षक धीरज गुप्ता ने उद्घाटन भाषण दिया जबकि शिक्षक रौशन ने विद्यालय के विकास यात्रा




को विस्तार से प्रस्तुत किया।

खुशी ग्रुप द्वारा समाज में व्याप्त शराब सेवन जैसी कुरीतियों पर आधारित नाटक ने दर्शकों को जागरूक किया। सृष्टि ग्रुप द्वारा 'छम्मक छल्लो' की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया।

कार्यक्रम में नवादा जिले के विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर और प्रिंसिपल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आर.पी. साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिसे देखकर दर्शक दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए। गौरतलब है कि डॉ. आर.पी. साहू नवादा जिले में सबसे पुराने निजी विद्यालय संचालकों में से एक हैं। उनके स्कूल से पढ़े कई छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत होकर नवादा का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता में म्यूजिशियन पवन, टनटन और अनिल का भी सराहनीय योगदान

# पांचवे दिन भी जारी रहा पूर्व विधायक कौशल यादव का जनसम्पर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में तूफानी दौरा लगातार पांचवे दिन भी जारी रहा। जनसम्पर्क अभियान के पांचवे दिन पूर्व विधायक कौशल यादव ने प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के भोरमबाग, इटपकवा, कोल्हुआवर,रामपुर बलुआ, चोंगवा, हाहापुर, बंदैली आदि विभिन्न गांवों में डोर टू डोर सम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से पूर्णिमा यादव के समर्थन में अगले चुनाव में मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक ने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा में उनके एवं उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा जो गलतियां की गई है,उसके लिए वे माफी मांगते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार पुरानी गलतियों को क्षमा करते हुए उन पर विश्वास करके एक मौका दें,ताकि सूद समेत वे लोगों के सुख दुःख में शामिल होकर विकास का कार्य कर सकें। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,उप प्रमुख नवीन यादव, उपेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# महिला संवाद में महिलाओं को किया गया सशक्तिकरण योजनाओं से अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'महिला संवाद' कार्यक्रम कुतरुचक पंचायत में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, स्वयं सहायता समूह, और जीविका आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर एक आकर्षक प्रचार वाहन




(विज्ञापन वैन) भी मौजूद रहा, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर और महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से दर्शाया गया था। कई पंचायत की महिलाएं बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए सवाल पूछे और अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। महिलाओं ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें न केवल जानकारी मिलती है, बल्कि आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

CMYK

# मगध विश्वविद्यालय में एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

## युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खुला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शनिवार को एक ऐतिहासिक पहल के तहत मुख्य सचिव (उद्योग एवं पथ निर्माण विभाग), मिहिर कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने मुख्य सचिव का अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय परिवार में जोश और गौरव का माहौल पैदा किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने मगध विश्वविद्यालय में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा को एक ''ऐतिहासिक कदम'' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र बिहार के युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन देगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकासशील प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय केंद्र सरकार के सहयोग से एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना कर रहा है जो स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने इसे शिक्षा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देगा। प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना से मगध विश्वविद्यालय क्षेत्रीय औद्योगिक पुनर्जागरण का पथप्रदर्शक बनने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र समुदाय ने इस पहल का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया है जो आने वाले समय में बिहार के विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# अंतरजिला चोर गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत दिघी तालाब के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे चार अंतरजिला अपराधियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो बाइक, मोबाइल फोन, औजार और चाबियां बरामद की गईं। पुलिस ने दावा किया कि ये सभी युवक तिवारी गैंग से जुड़े हुए हैं और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान निशांत तिवारी और दीपक तिवारी (दोनों सोगराहा, फुलवरिया, बेगूसराय), संजय पांडे (कला दिग्घी, हाजीपुर, वैशाली) और सुजीत तिवारी (लालगंज, वैशाली) के रूप में हुई है। ये चारों दो बाइकों पर सवार होकर दिघी तालाब के पास पहुंचे थे। पुलिस को देख वे भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बल की तत्परता से उन्हें घेरकर पकड़ लिया गया।

# राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मानपुर (गया)।** जगजीवन महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता व मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवानिवृत अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा, आयोजक हिमांशु शेखर, पूर्व कुलपति प्रो कुसुम कुमारी, डॉ सत्येंद्र प्रजापति, राय मदन किशोर, प्रो. सुरेश चंद्र, स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, रोमित कुमार ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत किया। आयोजक हिमांशु शेखर में सभी अतिथियों का पुष्पमाला, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुरेश चंद द्वारा रचित पुस्तक समवाद के उजाले में एवं अबरार आलम द्वारा रचित पुस्तक अल्फाज का सफर का विमोचन किया गया। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं और जीतन मांझी दोनों एक साथ एक पार्टी से राजनीति का सफर शुरू किया था। कुसुम कुमारी ने कहा कि देश की आधी आबादी को राजनीति में भी पचास फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। मुख्य अतिथि मांझी जी ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर में रश्मिरथी में जाति प्रथा पर कड़ा प्रहार किया है, लेकिन आज भी समाज जाति के बंधन में जकड़ा हुआ है। हमें जाति मुक्त समाज का निर्माण करना चाहिए। स्वामी जी महाराज ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में जन्म से अधिक कर्म की प्रधानता है। अपने कर्म से कोई भी महान बन सकता है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राजवर्धन शर्मा संचालन संजय अथर्व एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं का नाटक रूपांतरण किया गया। छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। डॉ सुषमा कुमारी ने दिनकर साहित्य पर शोध पत्र को साहित्यकारों के बीच प्रस्तुत किया।

# वीर चौहरमल जयंती समारोह में सहकारिता मंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया के वार्ड संख्या 44 स्थित ब्रह्मयोनि पर्वत के निकट आयोजित बाबा चौहरमल पूजा समिति के कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वीर चौहरमल का जन्म पटना जिले के मोकामा टाल क्षेत्र स्थित अंजनी गांव में हुआ था। उन्हें देवी दुर्गा का अनन्य भक्त माना जाता है। बिहार की लोक कथाओं में चौहरमल के अदम्य साहस और सामाजिक संघर्षों के अनेक किस्से प्रचलित हैं। वे पासवान समाज के लोकनायक के रूप में सम्मानित किए जाते हैं और बहुजन समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। चौहरमल को सामंतवाद के विरुद्ध संघर्ष करने वाले योद्धा के रूप में याद किया जाता है। वे युद्धकला में निपुण, ज्ञानशील और त्याग के प्रतीक रहे। अप्रैल माह में उनकी पूजा बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ की जाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज सामाजिक न्याय के इस मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों–शोषितों, वंचितों, दलितों और गरीबों–को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। अपने संबोधन के अंत में मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजक विनोद पासवान और बाबा चौहरमल पूजा समिति के सभी सदस्यों को समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# मारपीट मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच ।** थाना क्षेत्र के सिमरा पंचायत अंतर्गत दिघी गांव में मारपीट मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज शनिवार को किया गया। जानकारी देते हुए कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि मारपीट को लेकर वादी आशुतोष कुमार पिता रवि शंकर कुमार के द्वारा आवेदन आया जिसमें मुकेश कुमार की पत्नी, सत्येंद्र सिंह एवं मुकेश कुमार को आरोपी बनाया गया है उसके उपरांत कांड संख्या 244/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कोरिडोर सड़क मार्ग से जल्द जुड़ेगा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी (गया)।** प्रस्तावित अमृतसर कोलकाता कोरिडोर को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने पहुंचकर अवलोकन किया। गया जिला के डोभी प्रखंड के खरांटी के पास प्रस्तावित अमृतसर कोलकाता कोरिडोर स्थल पर शनिवार को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने पहुंचकर अवलोकन किया। इस परियोजना का नक्शा को मंगवाया गया। परियोजना में पूर्व से प्रस्तावित सड़क के विषय में जानकारी ली। इस कोरिडोर को तीन सड़क से जोड़ा जायेगा। जी टी रोड से चंदा गांव होते कोरिडोर तक चौड़ी सड़क बनेगी। एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए प्रस्ताव भेज जायेगा। नदी के किनारे से सड़क निर्माण करने में आने वाली कठिनाई पर बातें की। इस कोरिडोर को जी टी रोड से जोड़ा जायेगा। पूर्व में बनाया गया प्राक्कलन के अनुसार कोरिडोर में निर्मित उत्पाद को ट्रांसपोर्ट के लिए रेलवे सुविधा की भी चर्चा हो चुकी है। अधिकारी के आने की सूचना पहले मिल जाने के कारण डोभी-चतरा मोड़ से डोभी मोड़ तक के सर्विस लेन को रातों रात बना दिया गया। अधिकारी का दौरा मुख्य रूप से कोरिडोर के कनेक्टिविटी को लेकर रहा जिसमें एन एच 22 और एन एच 19 के दूरी को देखते हुए निर्णय लेने की बात हुई।

# दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे बीएलओ मास्टर ट्रेनर बन अन्य बीएलओ को करेंगे प्रशिक्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** नई दिल्ली स्थित भारतीय निर्वाचन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे जिला के सभी दस विधानसभा के एक-एक बीएलओ अब मास्टर ट्रेनर बन विधानसभा के अन्य बीएलओ को प्रशिक्षित करेंगे। जानकारी हो कि विगत 23 व 24 अप्रैल को जिला के सभी दस विधानसभा क्षेत्र से एक एक बीएलओ सदर एसडीएम की अगुवाई में दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जानकारी के अनुसार गया जिला के दस विधानसभा से क्रमशः गुरुआ से कमलेश कुमार सिंह, शेरघाटी से मिन्हाज अहमद, इमामगंज से सागर कुमार, बाराचट्टी से दिग्विजय कुमार, बोधगया से पप्पू कुमार सिंह, गया शहर से जुल्फ़ेकार अली, टिकारी से संतोष कुमार गुप्ता, बेलागंज से मो शौकत अली, अतरी से श्रवण कुमार, वजीरगंज से विकाश कुमार को प्रशिक्षित किया गया।


प्रपत्र VI 'क'

## समाहरणालय, गढ़वा

### (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 479 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 23.04.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–बसरिया, थाना नं0–248, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75** से मझिऑव **PWD** पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–बसरिया, थाना नं0–248, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.877 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 79 | 255 | रैयती | – | 0.02600 | धनेश भूईयां पिता–कन्हाई भुईयाँ | उ0–नीज द0–बांध पू0–रास्ता प0–नीज |
| 2 | 111 | 259 | रैयती | – | 0.07600 | महेन्द्र ठाकुर पिता–स्व0 बासदेव ठाकुर | उ0–नाथून ठाकुर पू0–रास्ता द0–भरत ठाकुर प0–नीज |
| 3 | | | | – | | भरत ठाकुर पिता–स्व0 बासदेव ठाकुर | उ0–महेन्द्र ठाकुर पू0–रास्ता द0–ऑगनबाड़ी प0–नीज |
| 4 | 93 | 266 | आम रास्ता | – | 0.04600 | ऑगनबाडी केन्द्र | उ0– द0– पू0– प0– |
| 5 | 147 | 267 | गै0मा0 | – | 0.02700 | चबुतरा | उ0– द0– पू0– प0– |
| 6 | 66 | 268 | रैयती | – | 0.03900 | बिनोद कुमार सिंह वगै0, पिता राघव सिंह, रामदेनी सिंह एवं संतोष सिंह पिता–अमेरिका सिंह | उ0– द0–रामजी पासवान पू0–नीज प0–रास्ता |
| 7 | 117 | 277 | रैयती | – | 0.05900 | जयमुरत देवी पिता–स्व0 सरयु प्रसाद सिंह | उ0–रास्ता द0–राधो सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 8 | 27 | 278 | गै0मा0 | – | 0.07000 | बॉध | उ0– द0– पू0– प0– |
| 9 | 55 | 285 | रैयती | – | 0.04700 | अखिलेश पासवान वगै0 पिता गोरख पासवान | उ0–नीजद0–रास्तापू0–रास्ताप0–इ सलाम शेख |
| 10 | | | | – | | साबीर अंसारी पिता दोश मोहम्मद , इसलाम शेख वगै0 पिता–स्व0 गफरूद्दीन शेख | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–पचीया देवी प0–नीज |
| 11 | | | | – | | विजय ठाकुर वगै0 पिता–टाना ठाकुर | उ0–नीज पू0–दोष मोहम्मद द0–रास्ता प0–अनिल ठाकुर |
| 12 | 64 | 286 | | – | 0.07300 | विरेन्द्र सिंह वगै0 पिता–स्व0 गोपाल सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नाला प0–रास्ता |
| 13 | | | | – | | प्रिंस कुमार गुप्ता पिता–ओम प्रकाश गुप्ता | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नाला प0–विजय ठाकुर |
| 14 | | | गै0मा0 | – | | आम रास्ता | उ0– द0– पू0– प0– |
| 15 | 119 | 287 | रैयती | – | 0.03100 | कृष्णा राम पिता–रामचन्द्र पासवान | उ0–रास्ता पू0–लक्ष्मण पासवान द0–नीज प0–ललन पासवान |
| 16 | | | | – | | रामजी पासवान वगै0 पिता–प्रसाद राम | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–धनी साव प0–कृष्णा राम |
| 17 | | | | – | | राम गोविन्द साह वगै0 पिता–धनी साह | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नाला प0–राम जी वगै0 |
| 18 | 114 | 306 | रैयती | – | 0.01800 | सूर्यदेव पासवान पिता–देवकेश्वर पासवान, विरेन्द्र पासवान पिता–बैजनाथ पासवान, सुरेन्द्र पासवान पिता–शिवधनी पासवान | उ0–रामजी पा0 द0–छोटेराम पू0–नीज प0–रास्ता |
| 19 | 114 | 308 | रैयती | – | 0.01900 | छोटे राम पिता–बैजनाथ पासवान | उ0–विरेन्द्र द0–कैलास पू0–नीज प0–रास्ता |
| 20 | 114 | 308 | रैयती | – | | कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान | उ0–छोटे राम द0–राजेश पा पू0–नीज प0–रास्ता |
| 21 | 114 | 309 | रैयती | – | 0.03400 | राकेश पासवान पिता–रमेशी पासवान | उ0–राजेश पासवानद0–विकास पासवानपू0–नीजप0–रास्ता |
| 22 | | | | – | | कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान | उ0–छोटेलाल पासवान पू0–नीज द0–राजेश पासवान प0–रास्ता |
| 23 | | | | – | | राजेश पासवान पिता–स्व0 रमेश्वरी पासवान | उ0–विकास द0–रामटहल पू0–नीज प0–रास्ता |
| 24 | | | | – | | विकाश पासवान पिता–महेन्द्र पासवान | उ0–राजेश पासवान पू0–नीज द0–राजेश पासवान प0–रास्ता |
| 25 | 1 | 310 | बकास्त | – | 0.04700 | राम टहल साह वगै0 पिता–स्व0 लखन साह | उ0–राजेश पाण्डेय पू0–नीज द0–सतन पाण्डेय प0–रास्ता |
| 26 | 82 | 313 | रैयती | – | 0.05100 | विकास कुमार गुप्ता पिता स्व0 जवाहर साह | उ0–रामटहल पासवान प0–नीज द0–रामसेवक पू0–रास्ता |
| 27 | 78 | 315 | रैयती | – | 0.04000 | विकास कुमार गुप्ता पिता स्व0 जवाहर साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 28 | 76 | 316 | रैयती | – | 0.03200 | कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान | उ0–प्लॉट सं0 317 पू0–रास्ता द0–316 भाग प0–नीज |
| 29 | 76 | 316 | रैयती | – | | चन्द्रदेव पासवान पिता स्व0 देव केशर राम | उ0–कैलाश पा0, द0–लक्ष्मण पा0, पू0–रास्ता प0–नीज |
| 30 | 76 | 316 | रैयती | – | | लक्ष्मण पासवान पिता प्रसाद राम | उ0–चन्द्रदेव पा0, पू0–रास्ता द0–रामटहल पा0, प0–नीज |
| 31 | 40 | 318 | रैयती | – | 0.00800 | भरत ठाकुर वगै0 पिता बासेदेव ठाकुर | उ0–319 द0–317 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 32 | 40 | 319 | रैयती | – | 0.00700 | उदय ठाकुर, विजय ठाकुर, अनिल ठाकुर वगै0 पिता–ताना ठाकुर | उ0–रास्ता द0–317 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 33 | 27 | 447 | गै0मा0 | – | 0.00200 | शम्भू साव पिता पृथ्वी साव | उ0–द0–पू0–प0– |
| 34 | 27 | 448 | गै0मा0 | – | 0.02000 | विश्वनाथ साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नीज प0–बिनोद गुप्त |
| 35 | 1 | 449 | बकास्त | – | 0.00100 | बिनोद प्रसा गुप्ता पिता रामवृक्ष प्रसाद गुप्ता | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विश्वनाथ वगै0 प0–447 |
| 36 | 1 | 452 | बकास्त | – | 0.08700 | दिनेश साह पिता दुखी साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विश्वनाथ साह प0– |
| 37 | | | | – | | शंभू साह पिता–सव0 दुखी साह | उ0–नीज पू0–विश्वनाथ साह प0–विनोद प्रसाद गुप्ता द0–रास्ता |
| 38 | | | | – | | विश्वनाथ साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज पू0–दिनेश साह प0–विनोद प्रसाद गुप्ता द0–रास्ता |
| 39 | | | | – | | शंभू साह पिता–स्व0 दुखी साह | उ0–नीज पू0–राम सेवक द0–रास्ता प0–विश्वनाथ साह |
| 40 | | | | – | | राम टहल प्रसाद पिता–स्व0 राम लखन साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–राम सेवक प0–शम्भू साह |
| 41 | | | | – | | राम सेवक साह पिता–राम लखन साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0– प0–राम टहल साह |
| 42 | | | | – | | विकाश प्रसाद गुप्ता पिता–जवाहर प्रसाद गुप्ता | उ0–नीज पू0–विनोद साह प0–राम सेवक साह द0–रास्ता |
| 43 | | | | – | | विनोद प्रसाद गुप्ता पिता–राम वृक्ष साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–विकास गुप्ता प0–विकास गुप्ता |
| 44 | 27 | 453 | गै0मा0 | – | 0.01200 | राम चन्द्र प्र0 गुप्ता पिता बेनी साह | उ0–नीज पू0–प्रींस गुप्ता द0–रास्ता प0–राम टहल |
| 45 | 1 | 454 | बकास्त | – | 0.01900 | प्रदीप वगै0 पिता स्व0 राम गोविन्द साव | उ0–नीजद0–रास्तापू0–राजेन्द्र गुप्ताप0–नीज |
| 46 | 27 | 457 | गै0मा0 | – | 0.01000 | राम चन्द्र साह पिता–स्व0 बेनी साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–प्रिंस गुप्ता प0–राम टहल साह |
| 47 | | | | – | | राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता रामगति साव | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रामचन्द्र साह प0–राजेन्द्र साह |
| 48 | 92 | 459 | गै0मा0 | – | 0.10800 | विकाश कुमार गुप्ता पिता–जवाहर प्रसाद गुप्ता | उ0–रास्ता द0–राम राज गुप्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 49 | | | | – | | राम राज प्रसाद गुप्ता पिता–लाटी साह | उ0–विकाश गुप्ता द0–मंदिर पू0–नीज प0–रास्ता |
| 50 | | | | – | | प्रिंस कुमार गुप्ता पिता–ओम प्रकाश गुप्ता | उ0–प्रदीप गुप्ता द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 51 | | | गै0मा0 | – | | शिव मंदीर पक्का | उ0–द0–पू0–प0– |
| 52 | 1 | 460 | बकास्त | – | 0.05000 | सत्येन्द्र गुप्ता पिता–रामगति साह | उ0–राम सेवक साह पू0–रास्ता द0–सुशिल साह प0–नीज |
| 53 | | | | – | | शुशिल साह वगै0 पिता–राम गोविन्द साह | उ0–सत्येन्द्र गुप्ता द0–ओम साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 54 | 3 | 462 | रैयती | – | 0.01200 | राम सेवक साह पिता–राम लखन साह | उ0–जवाहर प्रसाद पू0–रास्ता द0–सत्येन्द्र गुप्ता प0–नीज |
| 55 | 68 | 463 | रैयती | – | 0.04800 | जवाहर चन्द्रवंशी पिता–लखन राम | उ0–लाल बिहारी पू0–रास्ता द0–जवाहर प्रसाद प0–नीज |
| 56 | 68 | 464 | रैयती | – | 0.01900 | लाल बिहारी प्रसाद पिता–यमूना राम | उ0–मनोज राम द0–जवाहर प्रसाद चन्द्रवंशी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 57 | 87 | 464/645 | गै0मा0 | – | 0.00900 | अज्ञात | उ0–द0–पू0–प0– |
| 58 | 93 | 486 | गै0आम | – | 0.00400 | आम रास्ता | उ0–द0–पू0–प0– |
| 59 | 42 | 506 | रैयती | – | 0.02300 | मानिक साह पिता स्व0 विश्वनाथ साह | उ0–रास्ता द0–शिवचन्द साह पू0–रोड प0–नीज |
| 60 | 92 | 508 | गै0मा0 | – | 0.01700 | अज्ञात | उ0–द0–पू0–प0– |
| 61 | 64 | 510 | गै0मा0 | – | 0.01400 | शिवचंद्र साह पिता–विश्वनाथ साह | उ0–मानीकचंद पू0–रास्ता द0–मोतीचंद साह प0–नीज |
| 62 | 1 | 460 | | – | 0.00000 | प्रदीप कुमार गुप्ताा पिता स्व0 राम गोविन्द साव | उ0– द0–. पू0– प0– |
| 63 | | | | – | | मोतीचंद साह पिता–विश्वनाथ साह | उ0–शिवचन्द साह पू0–रास्ता द0–पचु साह प0–नीज |
| 64 | | | बकास्त | – | | महेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता–स्व0 रामगति साह | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 65 | 47 | 512 | रैयती | – | 0.01500 | रामपृत साह पिता–स्व0 मोती साह | उ0–भजन साह, पू0–रास्ता द0–.चनिद्रका साह, प0–नीज |
| 66 | | | | – | | चन्द्रिका साह पिता–मोती साह | उ0–रामपृत साह पू0–रास्ता द0–मुन्द्रिका साह प0–नीज |
| 67 | | | | – | | मुन्द्रिका साह पिता–स्व0 मोती साह | उ0–चन्द्रिका साह पू0–रास्ता द0–गणेशलाल प0–नीज |
| 68 | 47 | 513 | रैयती | – | 0.03000 | चन्द्रिका साह वगै0 पिता–मोती साह | उ0–रामपृत साह पू0–रास्ता द0–गणेश साह प0–नीज |
| 69 | 128 | 516 | रैयती | – | 0.02700 | राम कुमार अग्रवाल पिता–लक्ष्मी लाल अग्रवाल | उ0–गणेश लालद0–प्रवेश चन्द्रवंशीपू0–रास्ताप0–नीज |
| 70 | | | | – | | गणेश लाल अग्रवाल पिता–विश्वनाथ अग्रवाल | उ0–चंद्रिका साह पू0–रास्ता द0–राम कुमार अग्रवाल प0–नीज |
| 71 | 121 | 517 | गै0मा0 | – | 0.00900 | प्रवेश चन्द्रवंशी वगै0 पिता–नारायण राम | उ0–गणेश लाल द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 72 | 65 | 534 | बकास्त | – | 0.01700 | दिलीप अग्रवाल पिता–गणेश लाल अग्रवाल | उ0–रास्ता द0–देवनाथ चन्द्रवंशी पू0–रास्ता प0–नीज |
| 73 | 87 | 535 | गै0मा0 | – | 0.01400 | दिलीप अग्रवाल पिता–गणेश लाल अग्रवाल | उ0–नीज द0–.नागेन्द्र पू0–रास्ता प0–नीज |
| 74 | 64 | 536 | गै0मा0 | – | 0.00200 | देवनाथ राम पिता स्व0 किरन राम | उ0–दिलीप अग्र0 द0–नीज पू0–रास्ता प0–नीज |
| 75 | 65 | 537 | बकास्त | – | 0.05800 | मोती राम पिता–लखन राम | उ0–दिलीप द0–रास्ता पू0–रास्ता प0–नीज |
| 76 | 142 | 538 | रैयती | – | 0.02500 | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 77 | 142 | 540 | रैयती | – | 0.05400 | अजय यादव पिता–शिवनाथ यादव | उ0–देवनाथ यादव पू0–नीज द0–विजय यादव प0–रास्ता |
| 78 | | | | – | | विजय यादव पिता–शिवनाथ यादव | उ0–अजय यादव पू0–नीज द0–देवनाथ यादव प0–रास्ता |
| 79 | | | | – | | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–विजय यादव द0–स्कुल पू0–नीज प0–रास्ता |
| 80 | 88 | 541 | बकास्त | – | 0.03400 | प्रा0 वि0 बसरिया | उ0–देवनाथ यादव द0–रास्ता पू0–स्कूल भाग प0–रास्ता |
| 81 | 34 | 563 | गै0मा0 | – | 0.00300 | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–सुरेन्द्र यादव द0–रास्तापू0–नीजप0–रास्ता |
| 82 | 92 | 565 | गै0मा0 | – | 0.00800 | झारखण्ड सरका | उ0–रास्ता द0– पू0– प0–रास्ता |
| 83 | 92 | 566 | गै0मा0 | – | 0.02100 | देवनाथ यादव पिता–हरि यादव | उ0–रास्ता द0–सरकारी कुआ पू0–567 प0–रास्ता |
| 84 | 28 | 567 | बकास्त | – | 0.00100 | सुरेन्द्र यादव पिता–शिव प्रसाद यादव | उ0–अजय यादव द0–रास्ता पू0–नीज प0–रास्ता |
| 85 | 28 | 568 | बकास्त | – | 0.02500 | अजय यादव वगै0 पिता–शिवनाथ यादव | उ0–रास्ता द0–सुरेन्द्र यादव पू0–नीज प0–रास्ता |
| 86 | 5 | 569 | रैयती | – | 0.01200 | चन्द्रिका साह वगै0 पिता–मोती साह | उ0–रामचन्द्र गुप्ता पू0–नीज द0–चन्द्रिका साह प0–रास्ता |
| 87 | 5 | 570 | रैयती | – | 0.01600 | रामचन्द्र गुप्ता पिता–जगदीश साह | उ0–श्याम कुमार द0–चन्द्रिका पू0–नीज प0–रास्ता |
| 88 | 5 | 571 | रैयती | – | 0.06100 | रघुनाथ साह पिता–स्व0 कन्हाई साह | उ0–चन्द्रिका द0–श्याम कुमार पू0–नीज प0–रास्ता |
| 89 | | | | – | | चन्द्रिका साह पिता–मोती साह | उ0–रामचन्द्र द0–रघुनाथ पू0–नीज प0–रास्ता |
| 90 | | | | – | | रामचन्द्र गुप्ता पिता–जगदीश साह | उ0–राजकिशोर द0–चन्द्रिका साह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 91 | | | रैयती | – | | श्याम कुमार गुप्ता वगै0 पिता बुद्वदेव प्र0 गुप्ता | उ0–रघुनाथ साह पू0–नीज द0–रामचन्द्र गुप्ता प0–रास्ता |
| 92 | 19 | 576 | रैयती | – | 0.02900 | राज किशोर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–अमर सिंह द0–कृष्णा सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 93 | 19 | 577 | | – | 0.01900 | कृष्णा सिंह वगै0 पिता–बच्चु सिंह | उ0–राज किशोर द0–रामचन्द्र पू0–नीज प0–रास्ता |
| 94 | | | | – | | अमर सिंह वगै0 पिता–बच्चु सिंह | उ0–सतन पाण्डेय द0–कृष्णा सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 95 | | | रैयती | – | | राज किशोर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–अमर सिंह पू0–नीज द0–राज कि0 सिंह प0–रास्ता |
| 96 | 27 | 578 | गै0मा0 | – | 0.00800 | अमर सिंह वगै0 पिता–बच्चु सिंह | उ0–नीज द0–नीज पू0–नीज प0–रास्ता |
| 97 | 1 | 579 | बकास्त | – | 0.01500 | सतन पाण्डेय, महेन्द्रनाथ पाण्डेय वगै0 पिता–गौरी शंकर पाण्डेय | उ0–रामटहल साह द0–अमर सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 98 | 1 | 579 | बकास्त | – | | अमर सिंह पिता–बच्चु सिंह | उ0–सतन पासवान पू0–नीज द0–अमर सिंह प0–रास्ता |
| 99 | – | 307 | – | – | 0.00500 | रामजी पासवान एवं लक्ष्मण पासवान वगै0 पिता–प्रसाद राम | उ0–राधव सिंह पू0–नीज द0–सूर्यदेव पासवान प0–रास्ता |
| 100 | 78 | 314 | रैयती | – | 0.00900 | राम ठहल साह वगै0 पिता–रामलखन साह | उ0–लक्ष्मण पासवान पू0–रास्ता द0–जवाहर साह प0–नीज |
| 101 | 76 | 317 | रैयती | – | 0.01200 | 1.कैलास पासवान पिता–बेनी पासवान 2.चन्द्रदेव पासवान पिता–देवकेश्वर पासवान 3.लक्ष्मण पासवान पिता–प्रसाद पासवान | उ0–उदय ठाकुर द0–राम टहल साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 102 | 42 | 509 | रैयती | – | 0.01900 | शिवचन्द साह पिता विश्वनाथ साह | उ0–रास्ता द0–शिवचंद साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 103 | 37 | 511 | रैयती | – | 0.01200 | बैजनाथ साह वगै0 पिता भजन साह | उ0–शिवचन्द साह द0–पचु साह पू0–रास्ता प0–नीज |
| 104 | 111 | 259 | रैयती | – | 0.00000 | नाथुन ठाकुर पिता–स्व0 शिव ठाकुर | उ0–धनेश भूईयां पू0–रास्ता द0–महेन्द्र ठाकुर प0–नीज |
| 105 | 110 | 259/642 | बकास्त | – | 0.01600 | लाल बिहारी प्रसाद पिता–यमूना राम | उ0–रास्ताद0–लाल बिहारीपू0–रास्ताप0–नीज |
| 106 | 147 | 265 | गै0मा0 | – | 0.08900 | जयमुरत देवी पिता–स्व0 सरयु पासवान सिंह | उ0–रास्ता द0–राधो सिंह पू0–नीज प0–रास्ता |
| 107 | 35 | 505 | बकास्त | – | 0.00700 | शिवचंद्र साह पिता–विश्वनाथ साह | उ0–मानीकचंद पू0–रास्ता द0–मोतीचंद साह प0–नीज |
| | | | | **कुल :–** | **1.877** | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 351108 Land Reforms (25-26)_D

संपादकीय

# क्या अश्वेत होंगे नए पोप ?

रोमन कैथोलिकों के सर्वोच्च धर्माध्यक्ष फादर पोप फ्रांसिस के निधन से दुनिया भर से कैथोलिक ईसाई गमगीन हैं, उन्हें श्रद्धांजलि के बतौर भारत सहित कई देशों ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। उनका अंतिम संस्कार ईसाई विधि विधान के साथ होगा। पोप फ्रांसिस का निधन 88 वर्ष की आयु में ब्रेन स्ट्रोक से हुआ। लैटिन अमेरिका से आने वाले वो पहले और 266वें पोप थे। इसी के साथ नए पोप के नामों की अटकलें भी शुरू हो चुकी हैं। नए पोप का चुनाव दुनिया भर के रोमन कैथोलिक चर्चों के 135 कार्डिनल मिलकर करेंगे। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रोमन कैथोलिक चर्च अब किसी गैर यूरोपीय को पोप बनाकर नया इतिहास रचेगा? क्या पहली बार गरीब और अश्वेत देशों के पोप को सर्वोच्च जिम्मेदारी मिल सकती है? चर्चाएं है कि नया पोप अफ्रीकी महाद्वीप से होगा? इसके पीछे कारण हाल के वर्षों में कैथोलिक आबादी का तेजी से होता विस्तार है। यानी पूरी दुनिया में जितने कैथोलिक लोगों की संख्या बढ़ी है, उसमें आधे सिर्फ़ अफ्रीका से आते हैं। आज दुनिया के 20 प्रतिशत कैथोलिक अफ्रीका में रहते हैं। और ये आबादी बढ़ती जा रही है। इसके विपरीत यूरोप में इस दौरान कैथोलिक आबादी 0.08 प्रतिशत घट गई है। इसी तरह एक अध्ययन में पाया गया कि लेटिन अमेरिका में कैथोलिक मत मानने वालों की संख्या 2010 में 70 प्रतिशत से घटकर 2020 में 57 प्रतिशत रह गई। ऐसे में नया पोप अफ्रीका से बनाने की मांग तेजी से उठ रही है। नए पोप के नाम का फैसला दुनिया भर के 135 कार्डिनल मिलकर करेंगे, जिनमें चार भारतीय कार्डिनल भी हैं। दुनिया भर में रोमन कैथोलिकों के सर्वोच्च नेता की नियुक्ति का सिलसिला 'पोप ग्रेगरी द ग्रेट' के साथ 540 ई. से माना जाता है। तब से पोप की यह परंपरा अविरत चली आ रही है। नए पोप की चयन प्रक्रिया को पैपल कॉन्क्लेव कहा जाता है। यानी गुप्त बैठक। कार्डिनल्स बड़े पादरियों का एक ग्रुप है। इन्हीं में से नया पोप चुना जाता है। हालांकि पोप बनने के लिए कार्डिनल होना जरूरी नहीं है। दिवंगत पोप फ्रांसिस के पहले तीन पोप अफ्रीका से बन चुके हैं। दुनिया की नजर इस बात पर भी रहेगी कि जिस तेजी से ईसाई धर्म का विस्तार एशिया में हुआ है, क्या कोई एशियाई भी कैथोलिकों के इस सबसे बड़े पद तक पहुंच सकता है। पश्चिम यूरोप, अमेरिका और लैटिन अमेरिका में भी हाल के वर्षों में नास्तिकों की संख्या बढ़ी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि पोप का चयन संख्या के आधार पर नहीं होता है। उसके अपने नियम हैं। कैथोलिक मानते हैं कि भगवान और पवित्र आत्मा, चर्च के नेताओं को चुनने में मदद करती है। दुनिया भर में जितने ईसाई हैं, उनमें करीब 70 फीसदी से ज्यादा कैथोलिक ईसाई हैं। बावजूद इसके पोप के चयन में भी कहीं न कहीं नस्लवाद और रूढ़िवाद का असर दिखता है। यही कारण है कि कोई अश्वेत आज तक पोप के पद पर नहीं पहुंच पाया है। पोप फ्रांसिस को उनके कई नवाचारों के लिए याद किया जाएगा। जिसमें समलैंगिकों के चर्च प्रवेश, समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देना आदि शामिल है। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। हालांकि कुछ ऐसे काम भी थे, जो पोप चाहकर भी नहीं कर पाए, जिसमे महिलाओं को चर्च में और ऊंचे पद देना और अफ्रीका और एशिया से नया पोप नियुक्त, वेटिकन के दरबारी कल्चर को खत्म करना आदि। महिलाओं को आगे बढ़ाने के संदर्भ में राय देने के लिए पोप फ्रांसिस ने दो आयोगों की भी नियुक्ति की थी, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

# महिला कैदियों के सुरक्षित अधिकार की पहल उल्लेखनीय

**भारत में महिलाओं के लिए सशक्तीकरण का द्वार अब सरकार खोल दी है। भारत सरकार की मंशा है कि हमारी भारतीय महिलाएं सशक्त हो, समर्थ हों और सक्षम भारत का निर्माण करें। इसके लिए अनेक योजनायें और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी जैसे इनिशिएटिव की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। भारत सरकार हो या कोई अन्य एजेंसीज जो महिलाओं के हित में कार्य करना चाहती हैं, उसके लिए ज़रूरी है कि स्त्रियाँ भी अपने हित-अहित को समझें और सकारात्मक होकर कार्य करें।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

अपराध की दुनिया में सम्मिलित महिलाओं की ओर जब-जब ध्यान जाता है तो ऐसा लगता है कि इनकी सकारात्मक ऊर्जा जिस ओर लगनी चाहिए थी, उससे ये महिलाएं भटक गयीं और उन्हें आज बंदी जीवन जीना पड़ रहा है। शोध अध्येता यह बताते हैं कि दुनिया में लगभग 8 लाख महिलाएं जेलों में बंद हैं। वह कैदी जीवन जी रही हैं। ऐसे भी अध्ययन प्रकाश में आये हैं कि जेलों में बंद महिलाओं को जेल जीवन बोरिंग नहीं लग रहे हैं और वे व्यक्तिगत रूप से शानदार और सुंदर पल जी रही हैं। महिलाएं जीवित अनुभव के साथ, नए और हस्तांतरणीय कौशल सीखने का मौका पा रही हैं, साथ ही महिलाओं में आत्मविश्वास और उपलब्धि की भावना पैदा करने में जेल मदद कर रहे हैं। पर, जेल में बंद महिलाओं की विरासत में यह खुश महिलाएं न जाने क्यों ऐसा सोच रही हैं। जेल तो जेल होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने बार-बार वैश्विक स्तर पर जेलों में महिलाओं की बढ़ती संख्या और उनके सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में चिंताओं को उजागर किया। उन्होंने जेल प्रणालियों को महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी होने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें मातृत्व, स्वास्थ्य और उनके परिवारों पर कारावास के प्रभाव से संबंधित आवश्यकताएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न घटक महिला कैदियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके कारावास के मूल कारणों को दूर करने के लिए काम करने वाले जमीनी स्तर के संगठनों के लिए अधिक धन और समर्थन का भी बार-बार आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र ने जो किया वह उसकी सभी देशों के लिए पहल मानी जाएगी लेकिन अब एनएचआरसी, भारत ने देश भर की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों सहित कैदियों को हो रही कठिनाइयों का स्वतः संज्ञान लिया, यह एक अच्छी खबर है। भारत में बंद बंदी महिलाओं के बारे में सोचता ही कौन है। आयोग के अध्यक्ष ने सही समय पर जब भारत में महिलाओं के सशक्तीकरण की गुहार हो रही है उस समय सभी राज्यों और संघ



राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है कि वे बताएं की कैदी महिलाओं की स्थिति क्या है। इस रिपोर्ट में उन्होंने अपेक्षा की है कि महिला कैदियों और शिशुओं के साथ रहने वाली महिला कैदियों, दोषी और विचाराधीन महिला कैदियों के साथ-साथ एक साल से अधिक समय से जेलों में बंद महिला और पुरुष विचाराधीन कैदियों की संख्या उन्हें राज्य व संघ राज्य क्षेत्र बताएं। बहुत साफ शब्दों में आयोग के कहा है कि मुख्य सचिव हमें अवगत करें कि राज्य की जेलों में बंद महिला कैदियों की संख्या कितनी है, उन महिला कैदियों की संख्या जिनके बच्चे माताओं के जेल में रहने के कारण जेलों में बंद हैं, उन महिला कैदियों की संख्या, जो दोषी करार दी गई हैं और जो विचाराधीन कैदी हैं, उन महिला विचाराधीन कैदियों की संख्या, जो एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद हैं और और पुरुष विचाराधीन कैदियों की संख्या भी और जो एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद हैं, उन्हें बताया जाए।


वस्तुतः भारत के जेल आज भी बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। वहां का प्रशासन ज्यादा ही लचर हैं। आए दिन मारपीट जेलों की रवायत है। महिला बंधी ऐसी स्थिति में कैसे रहती होंगी, यह कहना मुश्किल है। इससे बंदी महिलाओं के जीवन में अनेक कष्ट उनके बंदी होने से ज्यादा कष्टप्रद लगने लगे हैं। कैदी होने का यह कतई मतलब नहीं है कि कैदी-जन जीवन के अधिकार भी खो चुके हैं। मानव अधिकार की बुनियाद ही जीवन के अधिकार में सम्मिलत है, और जीवन के अधिकार में ही तो जुड़ी हैं उनकी बुनियादी जीवन की ज़रूरतें। यही ज़रूरतें ही तो नहीं पूरी हो पा रही हैं इन बंदियों की। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने जो आज चिंता व्यक्त की है, वह यूं ही नहीं है। बल्कि महिला कैदियों के सम्मान और सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन होता देख उसने सभी राज्यों को अपनी चिंता ज़ाहिर की है। उसकी चिंता सबसे ज्यादा बुनियादी ज़रूरतों को लेकर भी है कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के कारण मानसिक परेशानी, पर्याप्त शौचालय, सैनिटरी नैपकिन, स्वच्छ पेयजल सुविधाएँ, खराब गुणवत्ता वाला भोजन जिसके कारण विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण होता है, जेलों में उनके साथ रहने वाली महिला कैदियों के बच्चों को शिक्षा के अवसरों की कमी, कानूनी सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और पुनर्वास सहित उनके कल्याण कार्यक्रमों का कार्यान्वयन न होना जैसे अनेक विषय शामिल हैं।

महिलाओं की विशेष ज़रूरतें यदि नहीं मिलेंगी, तो वे जियेंगी कैसे? यदि उन्हें उनकी कंडिशनिंग के हिसाब से औपचारिक संसाधन ही जेल प्रशासन नहीं रख रहे हैं तो निश्चय ही यह एक प्रकार से मानवाधिकारों का हनन है। भारतीय जेलों में प्रताड़ना की शिकार कैदी महिलाओं की निगरानी पर भी आयोग यदि अपने विशेष दस्ते भेजे तो निश्चय ही जेलों के भीतर हिंसा की शिकार महिलाओं को सजा के साथ जीवन के मौलिक अधिकार मिलेंगे व उन्हें जीने का हक मिलेगा। जेलों में क्षमता से अधिक कैदी भारत की तमाम जेलों की समस्या बनी हुई है। यदि भारत में अपराध कम नहीं हुए तो विश्वविद्यालयों से ज्यादा जेलों का निर्माण ज़रूरी लगेगा। इन अपराधों पर तो अंकुश बिल्कुल सरकारें खो रही हैं क्योंकि जिन्हें सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत में दी जाती है, वही सबसे ज्यादा अपराध में संलग्न पाए जा रहे हैं। ये अपराधी अपने साथ महिलाओं को भी इस प्रकार शामिल करते हैं कि वे अनचाहे भी अपराध से अपने आपको बचा नहीं पातीं।

जब इन्हें जेलों में जीवन बिताना पड़ता है तो अपराधबोध भी इनके जीवन का हक नहीं दिला पाते। मॉनीटर्स और प्रतिवेदकों द्वारा इन मुद्दों को आयोग के संज्ञान से एक बात तो स्पष्ट हो गयी है कि वह कैदी महिलाओं के प्रति पूरी संवेदना रखता है और उन्हें बुनियादी हक से जीने की अनुशंसा करता है। ओएचसीएचआर यानी संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने विगत वर्ष भारत की महिला कैदियों की देखभाल को लेकर काफी प्रशंसा की थी। शिष्टमंडल जो भारत आया उसने दो महत्वपूर्ण बात की कि दुर्व्यवहार के शिकार बच्चों को पर्याप्त क्षतिपूर्ति और सहायता प्रदान की गई। भारत ने बच्चों के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा दिया। दूसरी बात, भारत लंबे समय से यातना के पीड़ितों के लिए संयुक्त राष्ट्र स्वैच्छिक कोष में योगदान दे रहा है। महिला कैदियों के लिए अलग जेल विकसित की गई थी। किशोरियों को विशेष सेल में रखा गया था। जेल सुविधाओं पर बोझ कम करने के लिए जमानत प्रावधानों और सामुदायिक सेवा प्रतिबंधों के लिए कानून भी बने हैं और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान की गई। लेकिन अब जब आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर महिला कैदियों को ज्यादा ध्यान देने का आग्रह किया है तो इसके भी मायने हैं। आयोग निःसंदेह भारत की कमियों को गंभीरता से लेकर सबकुछ ठीक करना चाहता है जो जेलों में अब तक ठीक नहीं है।

अध्यात्म

## हमें सदा अच्छे लोगों की संगति करना चाहिए



चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया।

बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा - देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया।

अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ।

बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया।

उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो।

बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा।

मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, %देखा तुमने।

कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई।

गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है।

दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है। इसलिए हमेशा अच्छे लोगों की संगति में ही रहना।

# सामुदायिक हिंसा और आतंकवाद का बढ़ता खतरा

**भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दिया है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गए हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिंदुओं की स्थिति बद से बदतर है। जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे।यहाँ हिंदुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिंदू बाहुल्य होने के बाद भी हिंदू सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश है। कश्मीर हुआ नरसंहार इसका ताज़ा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोटबैंक के लिए राजनैतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है।**

**प्रभुनाथ शुक्ल**

भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं।

जम्मू - कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिंदुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोलीबारी मारी। हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। कश्मीर में इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिंदू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए दो स्थानीय मुस्लिम और ईसाई, जैन भी मारे गए है। मीडिया का यह रुख गलत है। पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। आतंकियों को फांसी देने की भी बात कहीं गई है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी किया है।

इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मीचीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उसकाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बात पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूँछ कर नरसंहार किया गया। यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधीजंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता हैएवं कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है। जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता -आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलाहने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा समझे अहम कारण कश्मीर के राजनैतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते हैं। क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहाँ बाधित हुई वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनैतिक फैसले इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह आम मुसलमानों और कश्मीरियों की सोच नहीं है। यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और नेवी में कार्यरत जवान की भी मौत हुई है। जोड़ा शादी के बाद हनीमून मानाने गया था जो निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया। इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादात में पर्यटकों की आमद हो रहीं थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। क्योंकि एलओसी से सटे कश्मीरी जिलों में आतंकवाद खूब फलता -फूलता रहा है।

कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, खुफ़िया एजेंसिया और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहाँ का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादात में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊँचे पहाड़, नदिया घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं।

यहाँ आतंकवादियों की पहुँच जटिल होने के बाद लेकिन सुगम है। यहाँ की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा। भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है यह राजनीति का वक्त नहीं है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है।

लोकतंत्र की शपथ लेने वाली राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी क्या कर रहीं थीं। हिंदुओं के खिलाफ इस तरह की हिंसा को राज्य सरकार क्यों बर्दास्त करती रही। केंद्र सरकार ने खुद क्यों नहीं हिंसा का संज्ञान लेकर केंद्रीय बल भेजा। क्या सिर्फ हिंदुओं की लाशों पर सियासत करना ही हमारा धर्म है। अहम बात जब बंगाल की मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया था कि राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं होगा फिर क्यों हिंसा फैली। हिंसा के बाद मुख्यमंत्री मौलानाओं से बातचीत कर सकती हैं, लेकिन पीड़ित हिंदुओं का हाल लेने घटना स्थल पर तत्काल क्यों नहीं पहुँची। बंगाल से अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या को क्यों नहीं निकला जा रहा। केंद्र, राज्य सरकार के साथ हमारी सुरक्षा एजेंसिया क्या कर रहीं। क्या बांग्लादेशियों का अवैध प्रवास सिर्फ चुनावी मसला है। जिस बांग्लादेश को भारत ने पाकिस्तान से अलग कराया उसी बांग्लादेश में पाकिस्तान की सह पर अतिवाद पांव पसार रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिंदुओं के घरों, व्यवसायों, और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पुराने कर्जों से छुटकारा मिल सकता है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुये कार्यों को आप दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**वृषभ**
भावनात्मक रूप से थोड़े कमजोर रहेंगे। व्यापार में दोगुनी वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग नयी जॉब के लिये इन्टरव्यू दे सकते हैं।

**मिथुन**
आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। व्यवसाय को लेकर परेशानी हो सकती है। ब्लडप्रेशर के रोगियों को समस्या होने की आशंका है।

**कर्क**
जॉब में आपको पुरस्कार मिल सकता है। नव विवाहित लोग कहीं घूमने जा सकते हैं। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

**सिंह**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। विदेश में करियर को लेकर उत्तम अवसर प्राप्त हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। आपके सामाजिक यश में वृद्धि होगी।

**कन्या**
दिन आपके लिये काफी विशेष रहेगा। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्या हो सकती है जिसे शाम तक सुलझा लेंगे। आयात-निर्यात से बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला**
रियल एस्टेट से जुड़े किसी भी सौदे से पहले पूरी जाँच-परख कर लें। अनावश्यक कार्यों को अधिक समय देने के कारण आवश्यक कार्य छूट सकते हैं।

**वृश्चिक**
परिस्थितियाँ आपके लिये काफी अनुकूल हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

**धनु**
यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक से परामर्श ले लें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। किन्तु आप अपने काम से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे। मित्रों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर**
अचल सम्पत्ति के झगड़ों का निवारण होगा। कलात्मक विधाओं में आपकी रुचि बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता और सन्तुष्टि रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
यात्रा में सावधानी रखें। बुरे लोगों की संगत के कारण धन हानि हो सकती है। गुप्त शत्रु नुकसान पहुँचाने का प्रयास करेंगे। दिखावे के कारण छवि खराब हो सकती है।

**मीन**
आज आप अपने शौकों को पूरा करने में लगे रहेंगे। सन्तान के आज्ञाकारी व्यवहार से प्रसन्नता होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं।

# एचपी, डेल सहित विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 23 युवा आईटी प्रोफेशनल्स को किया हायर

## टेक्नोक्रेट के शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का दावा हुआ मजबूत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** शहर के काशीपुर स्थित पीसी टेक्नोक्रेट टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड में शनिवार को खासी हलचल थी। चप्पे-चप्पे पर हर्ष और उत्साह का आलम था। क्योंकि इस संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त आईटी सेक्टर के नये पेशेवरों के लिए प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया था। इस बाबत जानकारी देते हुए संस्थान के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि इस वर्चुअल प्लेसमेंट कैंप में देश भर से डीकेएस, डेल, एचपी, टीएसएलएस, सीएमएच सहित कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सपोर्ट इंजीनियर पद के लिए 25 प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया। जिसमें से 23 प्रशिक्षुओं को चयनित कर अगली प्रक्रिया केलिए कार्य स्थल पर बुलाया। श्री संतोष ने बताया कि टेक्नोक्रेट संस्था कंप्यूटर का लक्ष्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं बल्कि एक कंप्लीट आईटी सेक्टर केलिए एक्सपर्ट एवं प्रोफ़ेशनल तैयार करना है। इस उद्देश्य केलिए हम बेहद सुनियोजित तरीके से निर्मित पाठ्यक्रम को फॉलो करते हैं। इस संस्था में एआई टेक्नोलॉजी सहित कई सुचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र केलिए उपयोगी कोर्स कराया जाता है। स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, काउंसिलर के अलावा जरूरत पडने पर दूसरे राज्यों से सफल प्रोफ़ेशनल व विशेषज्ञों द्वारा भी काउंसिलिंग कराने की व्यवस्था है। उन्होनें बताया कि विगत 15 सालों से बेहद न्यूनतम शुल्क में उच्च गुणवत्तापूर्ण टेक्नीकल एक्सपर्ट बना रहे हैं। प्लेसमेंट रिकार्ड भी हमारा शानदार है। शहर केलिए यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि टेक्नोक्रेट ने अभी तक अपने 100 फीसद प्रशिक्षुओं को तीन लाख से 35 लाख तक के पैकेज पर प्लेसमेंट मिल चुका है। शुक्रवार को चयनित होने वालों में अजीत कुमार, लक्ष्मण कुमार, गुलशन कुमार, रौशन कुमार, सुनील कुमार, मो अरमान, मो सिराज, मो साहबाज, मो जहूर, शिवम कुमार, चंदन कुमार, जीतेन्द्र कुमार आदि शामिल हैं। मौके पर काउंसलर पलक कुमारी एवं प्रशिक्षक सचिन कुमार मौजूद थे।

# सलौना से मुंबई तक चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** सहरसा, खगड़िया, सलौना लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच अमृत-भारत एक्सप्रेस का परिचालन 4 मई से शुरू होगा। ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। रेलवे ने शुक्रवार को इसका शेड्यूल जारी किया। आपको बता दें रेलवे द्वारा जारी टाइम शेड्यूल के अनुसार रविवार 4 मई से सहरसा खगड़िया सलौना हसनपुर रोड, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दानापुर के रास्ते सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सहरसा, खगड़िया, सलौना, समस्तीपुर मुजफ्फरपुर हाजीपुर पाटलिपुत्र डीडीयू प्रयागराज जबलपुर के रास्ते सहरसा और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गाडी सं. 11015.11016 लोकमान्य तिलक सहरसा लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिनांक 02 मई 2025 से प्रत्येक शुक्रवार को तो वहीं सहरसा से 4 मई से प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 11015 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 2 मई से प्रत्येक शुक्रवार को 12.00 बजे खुलकर शनिवार को 15.10 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 19 बजे पाटलिपुत्र, 20.30 बजे हाजीपुर, 21.28 बजे मुजफ्फरपुर, 22.50 बजे समस्तीपुर, 00:25 बजे सलौना स्टेशन,खगड़िया स्टेशन पर रूकते हुए रविवार को 2 बजे सहरसा पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी सं. 11016 सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस सहरसा से 4. मई से प्रत्येक रविवार को सुबह 4.20 बजे खुलकर 05:13 बजे खगड़िया, 0515 बजे सलौना,05.38, बजे समस्तीपुर, 07.05 बजे हाजीपुर, पाटलिपुत्र, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 03.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इस गाड़ी में कोचः स्लीपर 08, जनरल 11, रसोई यान 01, दिव्यांग कोच 02 कोच मुहैया कराई गई है।

# जिले में खुलेगी टेक्सटाइल इंडस्ट्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने जिले को पीएम मित्र पार्क योजना अंतर्गत लाने हेतु सचिव उद्योग विभाग बिहार पटना पत्र लिखा है। जिला पदाधिकारी द्वारा लिखे गये पत्र में सदर प्रखंड अंतर्गत मौजा-कुशमहौत में 991 एकड़ चिन्हित रैयती भूमि को पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं गई है। बतातें चलें कि जिला बिहार का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। यहां पर आईओसीएल, एनटीपीसी, एचयूआरएल, सुधा डेयरी, पेप्सी आदि जैसी बड़ी औद्योगिक इकाई स्थापित है। औद्योगिक नगरी होने के कारण बेगूसराय जिला में वस्त्र उद्योग के विस्तार एवं विकास की प्रबल संभावना है। प्रस्तावित भूमि अगर पीएम पार्क योजना अंतर्गत आता है तो लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार मिलेगा। बिहार में सतत् औद्योगिकरण एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही वस्त्र के क्षेत्र में एफडीआई एवं स्थानीय निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु सदर प्रखंड अंतर्गत 991 एकड़ रैयती भूमि चिन्हित करते हुए प्रस्ताव उद्योग विभाग एवं इन्फ्रएस्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथरिटी, बिहार पटना को भेजा गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा लिखे गये पत्र में बताया गया है कि उपरोक्त चिन्हित जमीन बेगूसराय मुख्यालय एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के समीप है। बेगूसराय, बरौनी एवं लखमिनियां रेलवे स्टेशन भी चिन्हित जमीन के समीप है। साथ ही प्रस्तावित पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे भी उपरोक्त चिन्हित जमीन के पास है। प्रस्तावित भूमि पर पहुंच पथ अच्छी होने के साथ-साथ ट्रांसपोर्टेशन में भी काफी सुविधा रहेगी। पीएम मित्र योजना का पूरा नाम 'पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल है। यह भारत सरकार की टेक्सटाईल इंडस्ट्री को ग्लोबल बनाने की महत्वपकांक्षी योजना है। जो एकीकृत टेक्सटाईल पार्क पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य देश में एकीकृत, विशाल और आधुनिक कपड़ा उद्योग ढांचे की स्थापना करना है। पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैंस होंगे। इस योजना का मकसद फार्म से फाइबर से फैब्रिक से फैशन से फरेन तक की पूरी वैल्यू चेन को एक ही जगह पर लाना और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।

# सिमरिया से बलिया तक एनएच 31 का होगा सौंदर्यीकरण

## प्रबंध निदेशक बुडको को सिमरिया गोलम्बर से बलिया तक सौंदर्यीकरण हेतु डीएम ने लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने प्रबंध निदेशक, बुडको पटना को सिमरिया गोलम्बर से बलिया तक एनएच 31 के सौंदर्यीकरण हेतु पत्र लिखा है। जिला पदाधिकारी ने सिमरिया में बेगूसराय जिले का प्रवेश द्वार, एनएच 31 पर विभिन्न स्थलों पर आ.ति निर्माण, रोडवे लाईट,स्ट्रीट लाईट आदि निर्माण कराने का प्रस्ताव भेजा है। ज्ञात हो कि औंटा-सिमरिया सिक्स लेन ब्रिज बन कर तैयार हो चुका है। अतः उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु, श्रीकृष्ण सेतु एवं महात्मा गांधी सेतु के अलावे लोग आवागमन के लिए औंटा-सिमरिया सिक्स लेन ब्रिज का भी उपयोग करेंगे। इससे अब बेगूसराय जिले में लगातार भारी वाहनों से लेकर छोटे वाहनों का आवागमन चालू रहेगा। जिले में सिमरिया धाम है। जहाँ पर सालों भर विविध धर्मिक अनुष्ठान, मुंडन, कल्पवास मेला, दाह संस्कार गंगा स्नान आदि को लेकर भीड़-भाड़ बनी रहती है। प्रथम चरण में सीढ़ी घाट का निर्माण कार्य कराया गया है तथा द्वितीय चरण में मिथिला हाट के तर्ज पर सिमरिया घाट एवं कल्पवास मेला क्षेत्र का विकास किया जाएगा। साथ ही सिमरिया धाम का पर्यटन विभाग को हस्तांतरण प्रस्तावित है। जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को और भी बढ़ावा मिलेगा। दिये गये पत्र में बताया गया है कि बीहट नगर परिषद, बेगूसराय नगर निगम एवं बलिया नगर परिषद के सिमरिया से लेकर बलिया एनएच 31 तक सौंदर्यीकरण करने की बात कहीं है। उन्होंने कहा है कि इससे तीनों क्षेत्र के अलावे पूरे बेगूसराय शहर के सौंदर्यीकरण में वृद्धि होगी। जिला पदाधिकारी ने रोडवे लाईट स्ट्रीट लाईन आदि की प्रस्तुतिकरण भी तैयार कर प्रबंध निदेशक बुडको को उपलब्ध कराया है। ज्ञात हो कि बेगूसराय जिला बिहार का एक औद्योगिक नगरी है। साथ ही सिमरिया धाम यहां की खुबसूरती में चार-चांद लगाता है। सिमरिया गोलंबर से एनएच 31 बलिया तक प्रवेश द्वार आदि के निर्माण होने से बेगूसराय जिले में प्रवेश करने वाले आगंतुकों को जिले की एक अलग खूबसूरत पहचान दिखेगी।

# खेलो इंडिया गेम्स में प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर हुए प्रशिक्षित

## जिले के यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय में फुटबल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में आगामी 4 मई से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी को लेकर गेम्स में प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर को ट्रेनिंग देने हेतु दिनकर कला भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रषिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वशिक्षा, कला संस्कृति पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सहित खेल विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर में फुटबल के खिलाड़ी, सरकारी एवं निजी विद्यालयों के स्पोट्स शिक्षक आदि शामिल थे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने सभी वोलेटिंयर को अच्छे से ट्रेनिंग लेने की बात कहीं। सभी प्रतिनियुक्त वोलेटिंयर दोनों स्थानों पर होने वाले फुटबल गेम के शैड्यूल की पूरी जानकारी रखने की बात कहीं गई। उन्होंने कहा कि सभी वोलेटिंयर को जहां प्रतिनियुक्त किया जायेगा, वहां पर अपने नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करके कार्य करेंगे। साथ ही टीम के पहुंचने से पहले अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर ससमय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में पटना से आये ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दी गई। जिसमें सभी को बताया गया की खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सभी सुविधाएं जैसे वाहन, हेल्पडेस्क, भोजन इत्यादि की पूरी जानकारी रखेंगे ताकी खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो साथ ही खेल आयोजन में बाहर से आने वाले सभी वीआईपी अतिथियों को हर संभाव सहयोग करने हेतु सभी संबंधित अवश्यक जानकारी दी गई। बतातें चलें कि इस बार बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिहार के पांच जिले में खेल का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत जिले के यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय में फुटबल गेम का आयोजन 4 मई से 15 मई तक किया जा रहा है।

# मद्य निषेध विभाग ने परसा बाजार मे की छापेमारी, 50 कार्टन शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** मध्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम ने परसा बाजार स्थित मनीष ढाबा के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और एक लावारिस खड़ी गाड़ी से 50 कार्टून शराब जब्त की.यह कार्रवाई अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई. वाहन पर मूवर्स एंड पैकर्स लिखा हुआ था। मध्य निषेध विभाग के डिप्टी कमिश्नर प्रेम ने बताया कि लावारिस खड़ी गाड़ी में भारी मात्रा में विदेशी शराब मिलेगी ऐसी सूचना मिलने पर टीम का गठन किया गया, जिसमें अजीत कुमार (इंस्पेक्टर), अग्नीत पहेल (एस आई) और शशि ऋषि (ए एस आई ) शामिल थे. बताया गया कि गाड़ी, जिस पर मूवर्स एन्ड पैक्डर्स लिखा था, मनीष ठाबा के पास खड़ी है. सूचना के बाद टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर गाड़ी की तलाशी ली. बॉक्स को खोलने पर टीम को 50 कार्टून शराब मिली, जिनकी कुल मात्रा 450 लीटर और 1200 बोतल थी. हालांकि, ड्राइवर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी और गाड़ी को जब्त कर लिया गया।

# जिले की 101 पंचायतों में विशेष विकास शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के 101 पंचायतों के 101 टोला में डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। विशेष विकास शिविर में पूरे जिले में 9968 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से तत्काल लाभ मिलने वाले योजनाओं के लाभुकों को शिविर में ही योजना से लाभान्वित कर दिया गया एवं शेष आवेदनों को अग्रेतर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।शिविर में कुल कुल 22 विभागों राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा, आँगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई ग्राम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना,वास भूमि,बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बुनियाद केन्द्र, हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली-नली मनरेगा जब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का शिविर लगाया जा रहा है।बतातें चलें कि 14 अप्रैल से डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशेष विकास शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य अनुसूचिज जाति-अनुसूचिज जनजाति के जो लोग सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित है। उन्हें लाभ दिलाना है।

# सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा संगोष्ठी भाजपा जिला समस्तीपुर के द्वारा जिलाध्यक्ष उत्तरी नीलम सहनी और जिलाध्यक्ष दक्षिणी शशिधर झा की संयुक्त अध्यक्षता में भाजपा समस्तीपुर जिला कार्यालय में आयोजित हुआ। संचालन जगदेव राम ने किया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने संगोष्ठी में मंचासीन नेताओं के साथ बाबा साहेब के के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों के स्वागत सम्मान के बाद बाबा साहेब के 135वीं जंयती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैभवशाली बनाने हेतु बाबा साहेब के बताएं राह पर चलना होगा। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर देश के समता मूलक समाज के निर्माण की परिकल्पना को साकार करने के लिए शोषित वंचित गरीबों के विकास के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें मोदी जी नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकले है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को एक वर्ग से बांधकर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्र कल्याण एवं संविधान निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर बोलते हुए कहा कि उसके माध्यम से दबे-कुचले गरीबों के संसाधन का लाभ सम्पन्न लोगों द्वारा हकमारी किया जा रहा था, वाजिब हक अब गरीब मुसलमानों को मिलने वाला है। उन्होंने अपील करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों के बीच भ्रम को दूर करते हुए सभी को सच से वाकिफ करावे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ वैभवशाली बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। समस्तीपुर (उत्तरी) जिलाध्यक्ष नीलम साहनी ने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब ने अपने पूरे जीवन काल में वंचित वर्गो को सामाजिक, राजनीतिक रूप से विकसित करने का पूरा प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास योजना एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित वर्गों को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। समस्तीपुर (दक्षिणी) जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने कहा कि भाजपा जहां बाबा साहेब को सम्मान देने के साथ सामाजिक न्याय को विस्तार भी दे रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों सामाजिक सुरक्षा के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लगातार काम कर रही है। संगोष्ठी में राम सुमिरन सिंह, संजीत अग्रवाल, वीरेंद्र यादव, प्रदीप शाह शिवे, राकेश राज, ठाकुर संग्राम सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बहन के फलदान से पूर्व भाई की उठी अर्थी, बहन के चीत्कार से दहल उठा गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दलसिंहसराय ।** दलसिंहसराय के पांड पछियारी टोला वार्ड संख्या पांच निवासी रामप्रीत महतो के दूसरे पुत्र नीरज कुमार का शव शुक्रवार की देर शाम दरभंगा जिला के बिरौल थाना क्षेत्र के लदहो गांव के किराए के मकान में फंदे से झूलता मिला था। इस खबर से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। शनिवार की पोस्टमार्टम के बाद पांड गांव शव आते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक के भाई पंकज कुमार ने नीरज के हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कहा कि शुक्रवार की देर शाम नीरज के खुद्कुशी करने की सूचना मिली थी। उसने कहा कि मेरा भाई बुजदिल नहीं था वह खुद्कुशी नहीं कर सकता है। जो लोगो और छात्रों को मोटिवेट करता था वह खुद्कुशी कैसे कर सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया है। पंकज ने बताया कि मेरी छोटी बहन शोभा कुमारी की 28 अप्रैल को विभूतिपुर के केराई गांव में शादी को लेकर फलदान होनी थी। फलदान को लेकर नीरज ने ही गुरुवार को खरीदारी कर शुक्रवार की सुबह ही दरभंगा जिला स्थित बलहा गया था। जहां के मध्य विद्यालय में वह शिक्षक नियुक्त था। साथी शिक्षक के अनुसार नीरज शुक्रवार को स्कूल में छुट्टी के बाद कमरे पर आ गए थे। शाम 4 बजे उन्हें किसी काम से फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं किया। अनहोनी की आशंका पर कमरे पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांकने पर देखा का नीरज फंदे से लटका हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### आग लगने से एक घर जलकर राख

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बंधार पंचायत में अचानक आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया। अगलगी घटना दौरान झुलसने से घर के अंदर बंधे एक गाय की मौत हो गई वहीं एक भैंस और गाय का बच्चा झुलसने से बुरी तरह घायल है जिसका इलाज चल रहा है। घटना को लेकर गांव के पीड़ित विजय चौधरी के पुत्र रंजीत कुमार चौधरी ने सीओ को आवेदन देकर सहायता की गुहार लगाया है। आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि उनके फुश के घर में शुक्रवार रात अचानक आग लग गई है। जिसमें घर में रखे सभी घरेलू समान जलकर बर्बाद हो गया है। उसी दौरान एक गाय की भी झुलसने से मौत हो गई है और एक भैंस और गाय का बच्चा भी झुलस कर बुरी तरह घायल हो गया है।

### शिक्षक का निधन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा के अवकाश प्राप्त शिक्षक कृष्णामोहन सिंह का निधन शनिवार के अहले सुबह हो गया। वे 87 वर्ष के थे। इनके निधन की खबर सुनकर सामाजिक, राजनितिक दलों के कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों का हुजूम इनके आवास पर उमड़ पड़ी। इनके पार्थिव शरीर पर फूल, माला अर्पित कर इन्हें श्रद्धांजलि दी। वह अपने पीछे एक भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं। सुपुत्र अजय भारती उर्फ बम बम जिन्हें सामाजिक सरोकारों से एक अच्छा नाता रहा है। उनके पोते अमन कुमार डब्लू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ बुडुल सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक जनार्दन प्रसाद सिंह, अनुभव कुमार केशव, पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार मनोज कुमार लोजपा नेता घनश्याम सिंह रामाशीष सिंह, भाजपा नेता शिवेश रंजन तथा काफी संख्या में ग्रामीणों ने शोकाकुल स्वजनों को ढाढस बंधाया तथा मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### जनता दरबार में दो मामले निष्पादित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में आयोजित जनता दरबार में एक नया मामला सुनवाई के लिए दर्ज किए गया तथा दो मामले निष्पादित किये गये। दर्ज मामला पहसारा के पवन कुमार बनाम रंजीत महतो की विवादित भूमि का है। वहीं दो मामले निष्पादित किये गये। इसमें देवपुरा के मो अयूब बनाम मो अकबर मामले को जमीन मापी के आधार पर निष्पादित किया गया तथा नावकोठी की रेखा देवी एवं मुकेश शर्मा के मामले में सक्षम न्यायालय जाने की अनुमति दी गयी है। जनता दरबार में कुल 14 मामले लंबित है। इस दौरान वभनगामा के योगेंद्र सहनी व लक्ष्मी सहनी, छतौना के रामनारायण महतो वो मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार,नावकोठी के विशेश्वर पासवान व सावित्री देवी, समसा के ज्ञानलता देवी व गणेश तांती, के मामले की सुनवाई की गयी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, एसआई अनिल कुमार सिंह अंचल कर्मी अमरजीत कुमार, अभिमन्यु कुमार आदि मौजूद थे।

### भाकपा अंचल परिषद की बैठक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बेगूसराय अंचल परिषद की बैठक कामरेड कमली महतो स्मारक भवन रजौरा में कामरेड विवेकानंद राय की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम कामरेड इंद्रदेव कुमार के द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों एवं उनके बचाव में आए स्थानीय लोगों की शहादत पर एक शोक प्रस्ताव लाया गया। जिस पर 2 मिनट का खड़ा होकर मौन श्रद्धांजलि दी गई। अंचल प्रभारी सह राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने पहलगाम घटना की तीव्र निंदा करते हुए पीड़ित परिवार एवं राष्ट्र के प्रति अपनी एकजूटता प्रदर्शित किया। अंजान ने आगे कहा कि पुलवामा की घटना से जुड़े आज भी कई सवाल अनुत्रित है। इस घटना से केंद्र सरकार यदि सबक लिया होता तो आज पहलगाम की घटना नहीं घटती । सर्व विदित है कि आतंकवादि हिंदू और मुसलमान के नाम पर देश में दंगा करवाना चाहता है। 15 मई तक शाखा सम्मेलन पूरा करने एवं जून के प्रथम सप्ताह में अंचल सम्मेलन करने का फैसला लिया गया। जनकोष सह जनसंपर्क अभियान के माध्यम से एक-एक घर पर दस्तक देने का भी फैसला लिया गया। बैठक में पार्टी नेता कां श्याम बहादुर सिंह, कामरेड सुनील कुमार, जयशंकर सिंह, प्रमोद कुमार यादव, जयनाथ राय, अरूण कुमार यादव, मुकेश कुमार एवं श्रवन कुमार भी उपस्थित थे।

### महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से शुक्रवार को गस्ती के दौरान देशी शराब के महिला कारोबारी समेत दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए पुलिस अवर निरीक्षक सह वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया है कि वीरपुर पश्चिम पंचायत के बरैपुरा गांव निवासी अमित सहनी की पत्नी जूली कुमारी पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगी संदेह पर एसआई कुमारी प्रियंका अर्स उसे गिरफ्तार कर उसके घर की तलाशी लिया तो घर मे रखे दो गैलन और एक पलीथिन मे कुल मिलाकर 20 लीटर देशी महुआ शराब जप्त करते हुए जूली कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना क्षेत्र के रतनमन बभनगांमा निवासी सुजीत कुमार एवं सुलो देवी एन वी डब्ल्यू केश का फरार वारंटी था जिसे विधिवत गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के माध्यम से उक्त सभी अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### विशेष शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के कई क्षेत्रों में भीम समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें महेशवाड़ा, पहसारा पूर्वी, पहसारा पश्चिम, समसा और नावकोठी पंचायत हैं। यों तो शिविर के पूर्व ही विभिन्न 22 विभागों में समस्याओं व समाधान के लिए प्रशासनिक कसरत पूर्व से आरंभ थी। फिर भी सरकारी दिशा निर्देश के आलोक में अनुसूचित जाति मुहल्ले में शिविर आयोजित की गयी। अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि विकास रजिस्टर 2.0 में दर्ज आच्छादन की संख्या 738 है। कैंप की तारीख के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या 279 तथा निष्पादित 175 बतायी गयी है। कैंप की तिथि में प्राप्त आवेदनों की संख्या 116 तथा निष्पादित 20 है। कुल निष्पादित आवेदनों की संख्या 195 बतायी गयी है। शिविर का उद्देश्य हर अनुसूचित जाति जनजाति परिवारों को विशेष रूप से मिलने वाले लाभ को घर घर पहुंचाना है। अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि नावकोठी के चौधरी टोला वार्ड नंबर 9 एवं 11 था। महेश वाड़ा पंचायत के रमौली मुसहरी वार्ड नंबर 9, समसा के बगरस वार्ड नंबर 6 एवं 7 पहसारा पूर्वी के वसंत टोला, पहसारा पश्चिम पंचायत के वार्ड नंबर 10 में यह शिविर आयोजित था।

### बंद कमरे से युवती का शव बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ीचक गायत्री मंदिर के पास एक बंद घर में युवती का शव मिलने से पूरी इलाके में सनसनी फैल गई है, सूचना मिलते ही धनरूआ पुलिस मौके पर पहुंची है, मृतक की पहचान डिंपल कुमारी पिता लाल बाबू यादव पैगंबरपुर काको जहानाबाद के निवासी बताई जाती हैं, यह युवती अपने जीजा शत्रुघ्न उर्फ डीएम पिता महेंद्र प्रसाद नसीरनाचक के साथ रहती थी। 30 अप्रैल को मृतक डिंपल की शादी बिहटा होनी थी, घटना की सूचना मिलते ही मृतक की मां ज्ञानती देवी पति लाल बाबू यादव घटना स्थल पर पहुची हैं। मृतक की मां ने अपने दामाद शत्रुघ्न पर ही हत्या का आरोप लगाया है, उन्होंने कहा कि यही नहीं चाहता था जिसकी शादी हो, कई तरह के अवैध संबंधों की भी चर्चा हो रही है, फिलहाल जांच पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि शव को अपनी कब्जे में लेकर छानबीन की जा रही है, एफएसएल की टीम को बुलाई गई है, शरीर पर कई जगहों पर जख्म का निशान है, गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आरोपी शत्रुघन कुमार घर छोड़कर फरार है।

# महिला सशक्तिकरण की ओर बिहार सरकार का कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला के सभी प्रखंडों में 27 महिला संवाद रथ के माध्यम से 56 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब तक जिले के विभिन्न पंचायतों में कुल 476 ग्राम संगठनो के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है । यह कार्यक्रम 18 जुन तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम संगठनों में महिला संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को वीडियो और लीफलेट के माध्यम से दिखाया गया। कुल 45 मिनट के इस वीडियो के माध्यम से आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं, साइकिल, पोषाक योजना, जीविका, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान आदि के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तार से बताया गया । कार्यक्रम के दौरान लीफलेट के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही संवाद में शामिल महिलाओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदेश पत्र को दिया गया। इस अवसर पर बहुत सारी महिलाएं जिसे बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ मिला है। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए जिन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को बेहतर बनाया है। कार्यक्रम के दौरान प्रतापगंज प्रखंड आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुलेखा देवी ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत मैनें शौचायल का निर्माण कराया। इससे पूर्व मैं और मेरा पूरा परिवार शौच के लिए खेतों में जाती थी। जिसके कारण मेरे परिवार को काफी दिक्कत होती थी लेकिन अब मैं अपने आप को सम्मानित महसूस करती हूं। आज के महिला संवाद कार्यक्रम में 13 हज़ार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। बिहार सरकार द्वारा संचालित इस महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराना है साथ ही महिलाओं की सरकार से अपेक्षा एवं सार्वजनिक हित में उनकी सुझावो की जानकारी प्राप्त करना है । कार्यक्रम के दौरान शामिल महिलाओं से उनके क्षेत्र 30 आकांक्षाओं को प्रपत्र के माध्यम से लिया जाता है। जिसमें स्थानीय आकांक्षा के साथ नीतिगत आकांक्षाओं को भी प्रतिवेदित करवाया जा रहा है । साथ ही एमआईएस पर उन आकांक्षाओं को दस्तावेजीकरण किया गया। पुरे जिले में महिला संवाद का कार्यक्रम जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में, प्रखंड एवं जिला के जीविका परियोजना कर्मीयों के अनवरत मेहनत एवं नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मियों के प्रयास से सफलतापूर्वक किया जा रहा।

## डर से सहमे छात्र, पढ़ाई छोड़ घाटी से घर लौटने को मजबूर

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पढ़ाई कर रहे अन्य राज्यों के छात्र भय के माहौल में अपनी पढ़ाई बीच में छोड़कर घर लौटने लगे हैं। इसी क्रम में रविवार को रक्सौल के स्थानीय निवासी राजन कुमार गुप्ता के पुत्र आदित्य नारायण गुप्ता भी अपने घर पहुंच गए। आदित्य ने बताया कि वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में लॉ के पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं। आतंकी हमले के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी गैर-कश्मीरी छात्रों को हालात सामान्य होने तक सुरक्षा के मद्देनजर अपने घर लौटने की सलाह दी है। आदित्य ने बताया कि भय और अनिश्चितता के माहौल में वे और अन्य छात्र बिना आरक्षण के किसी तरह घाटी से बाहर निकलने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि इस भयावह स्थिति में पढ़ाई करना असंभव हो गया था।

# लिंगानुपात सुधारने तथा नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु जिला प्रशासन ने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने की। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षित निर्वाचक सूची के अनुसार जहानाबाद जिला में कुल निर्वाचकों की संख्या 8,28,481 है, जिसमें पुरुष निर्वाचक 4,35,723, महिला निर्वाचक 3,92,737 एवं थर्ड जेंडर निर्वाचक 21 हैं।

इस दौरान सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहानाबाद जिला की जनसंख्या लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में भी संतुलन सुनिश्चित करें। विशेष ध्यान युवा (18-19 वर्ष) एवं महिलाओं के नये पंजीकरण पर दिया जाये।इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग का आग्रह किया गया, ताकि योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके और सूची अधिक त्रुटिरहित बने। निर्वाचक सूची के सतत अद्यतीकरण के क्रम में निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने, सूची से नाम हटाने, प्रविष्टियों में संशोधन, दिव्यागों का चिन्हांकन,डुप्लीकेट इपिक आदि के आवेदन दिए जा सकते हैं। सभी दलों से अनुरोध किया गया कि मतदान केन्द्रवार अपने बीएलए की नियुक्ति जल्द करें, जिससे निर्वाचक सूची संशोधन कार्य में प्रभावी सहयोग प्राप्त हो सके। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों को चिन्हित कर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य में भी राजनीतिक दलों से सहयोग की भी अपेक्षा की गई।

# 'हर टोला, हर परिवार, हर सेवा' के तहत सरकारी कर्मचारी गांवों में जाकर दे रहे सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** मंगलवार को विभिन्न स्थलों पर डॉ भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना एवं अंतिम छोर के व्यक्ति को सशक्त करना है। जिले के सभी प्रखंडों में कुल 45 स्थलों पर आयोजित इन शिविरों में संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका दीदी तथा अन्य क्षेत्रीय कर्मी मौजूद रहे। प्रत्येक स्थल के लिए नोडल पदाधिकारी एवं संपर्क सूत्र निर्धारित किए गए हैं, जिससे कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो।

शिविरों में लाभार्थियों को राशन कार्ड निर्गमन एवं खाद्यान्न वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करना, शिक्षा से जुड़े लाभ ऽ नामांकन, पोषण योजना तथा आंगनबाड़ी सेवाएं प्रदान करना, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गमन एवं आधार कार्ड बनवाना या अपडेट कराना,कौशल विकास प्रशिक्षण एवं रोजगार योजनाओं से जोड़ना, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कार्ड का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विभिन्न पेंशन योजनाएं (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) प्रदान करने में सहायता प्रदान करना,नल-जल योजना, गली-नाली निर्माण एवं स्वच्छता अभियान से जुड़ी सेवाएं प्रदान करना,बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं,मनरेगा योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड वितरण एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना इत्यादि सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करना शामिल है। इस अभियान के जरिए सरकार का उद्देश्य यह है कि अब किसी भी जरूरतमंद को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिला एवं अनुमंडल स्तरीय मॉनिटरिंग टीमों द्वारा नियमित निगरानी। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को निर्धारित सेवाएं बिना विलंब के प्रदान की जाएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। इसके साथ शिविर ने आए लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। बढ़ते गर्मी एवं लू की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी शिविरों में ओआरएस एवं अन्य आवश्यक दवा भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रंजना कुमारी द्वारा काको एवं घोषी में आयोजित शिविरों का निरीक्षण भी किया गया तथा उपस्थित लोगों को इस अभियान के बारे में चर्चा भी की गई। साथ ही अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया गया।

## बाबा साहेब द्वारा लिखी संविधान ने बदल दी भारत की तकदीर : मेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया। उन्ही की देन है कि आज एक महिला आप के सामने मेयर के रूप खड़ी है वही संविधान भारत की तकदीर बदल दी। उक्त बातें शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी ढ़ेकहां पंचायत के हथियाही गांव स्थित हाई स्कूल के मैदान में अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित मेधा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मोतिहारी मेयर प्रीति गुप्ता ने कही। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर गुप्ता, जिला पार्षद कृष्णा कुमार दास, मुखिया पति नरेश प्रसाद यादव, पंसस राजबल्लभ यादव व संस्था के अध्यक्ष रंजन कुमार आदि ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मेयर श्रीमती गुप्ता ने आगे कहा कि जीवन जीने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि एक रोटी कम खाये परन्तु अपने बच्चों को शिक्षित जरूर बनाये। इस दौरान प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास हाईस्कूल के विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सरपंच गणेश लाल प्रसाद, धनंजय कुमार तिवारी, अजीत कुमार चौधरी, केदार प्रसाद, रामबाबू यादव, अजीत कुमार, डीएन ठाकुर, लखपति देवी, पूजा कुमारी, रमेश सहनी, गोपाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के टेहटा बाइपास पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मां-बेटी बाजार जाने के दौरान सड़क पार कर रही थीं और तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।घटना में पकड़ी गांव निवासी और टेहटा के धीरा बिगहा मकान में रहने वाली मां-बेटी सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची काव्या कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**पुलिस ने दिखाई तत्परता**

घटना की जानकारी मिलते ही टेहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां-बेटी को तत्काल मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मां की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया गया।इस दर्दनाक घटना से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद भेज दिया है। बाइक सवार युवक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।यह घटना जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही की ओर इशारा करती है।

# सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा श्रमिकों का हो रहा है शोषण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित जहानाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कर्मियों का खुल्लम-खुल्ला सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा शोषण का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत रंजन कुमार ने बताया कि सिमांचल सिक्योरिटी प्राईवेट कंपनी के तहत दो वर्षो से काम कर रहा हूं लेकिन कंपनी के द्वारा दिये जाने वाले वेतन कार्य अवधि में सुविधाएं एवं अवकाश आदि मुद्दों पर बात करने पर हटाने की धमकी दी जाती है। वहीं एक अन्य गार्ड प्रवीण कुमार ने बताया कि केवल अवकाश के लिए आवाज उठाने की सजा मिल चुकी है। मुझे अगले ही दिन काम छोड़ देने का आदेश दे दिया गया।आवाज उठाने वाले मजदूर को निकालने की धमकी भी दी जाती है। इस संबंध में वहां का कार्यरत कर्मियों ने बताया कि सीमांचल सिक्योरिटी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा अभियंत्रण महाविद्यालय में सफाई कर्मी से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक के कुल 26 व्यक्ति का कार्यरत है। सभी कार्यरत कर्मियों की मजदूरी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के प्रावधानों के विपरीत काफी कम दिया जा रहा है बताया गया कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के प्रावधानों के तहत सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति को 428 रूपया दैनिक मजदूरी होनी चाहिए जबकि मात्र 285 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जा रही है इसके साथ ही एक महीने में लगातार 30 दिन ड्यूटी को अनिवार्य कर दिया गया है। जबकि श्रम कानून के प्रावधानों के तहत लगातार 7 दिन के बाद एक दिन अवकाश दिया जाना जरूरी है। इसी तरह सफाई कर्मी माली एवं अन्य पदों पर कार्यरत लोगों को भी न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है ।इस संबंध में सिक्योरिटी कंपनी के प्रतिनिधि से बात करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया साथ ही उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी कंपनी काफी प्रभावशाली है। हमारी कंपनी क्या कर रही है यह आंतरिक मामला है। विरोध करने से या कुछ पूछे जाने पर हम नहीं बता सकते। इसकी जानकारी प्रखंड स्तरीय श्रम एवं प्रवर्तन पदाधिकारी को दी गई है।। यहां कार्यरत कर्मियों ने बताया कि न्यूनतम मजदूरी एवं कार्य करने की अवधि को लेकर जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई है ।कर्मियों ने बताया कि जब कभी भी मजदूरी बढ़ाने की मांग की जाती है तो मांग करने वाले व्यक्ति को यहां से हटाने की धमकी दी जाती है। जबकि कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मजदूरों की दैनिक मजदूरी श्रम विभाग द्वारा गजट के माध्यम से प्रकाशित कर दिया गया है। यहां कार्यरत लोगों द्वारा जब नये वित्तीय वर्ष में नये दर के हिसाब से मांग की तो लोगों को धमकी मिलने लगी। लोगों ने इस तरह सिक्युरिटी कंपनी द्वारा ताल ठोक कर किये जा रहे शोषण पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिलाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है।

# अपनी मांगों को लेकर जहानाबाद डेवलपमेंट कमेटी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**
**शहर स्थित कृषि फॉर्म की जमीन पर हो मेडिकल कॉलेज की हो स्थापना : जेडीएस**



**जहानाबाद।** जहानाबाद डेवेलपमेंट कमिटी (जेडीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रभारी जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को हुलासगंज प्रखंड के बौरी मौजा की बजाय सीधे जिला मुख्यालय यानी जहानाबाद शहर में स्थापित करने की मांग की गई।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि शहर के काको रोड स्थित कृषि फार्म की जमीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। उन्होंने यह भी बताया कि यह स्थल राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के हालिया दिशा-निर्देशों के अनुरूप भी है। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि शहर में मेडिकल कॉलेज के निर्माण होने से न केवल मरीजों को शीघ्र और बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलगी, बल्कि यहां अध्ययन करने वाले मेडिकल छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उच्च स्तरीय सुविधाएं प्राप्त होगी।

**शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना से शहर की चतुर्दिक विकास में मिलेगी मदद।**

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में जहानाबाद विकास कमिटी ने यह भी उल्लेख किया है कि शहर में पहले से उपलब्ध मजबूत आधारभूत संरचना जिनमें सड़क, रेल, बिजली, पानी और इंटरनेट जैसी सुविधाएं शामिल हैं, ये सभी कॉलेज के निर्माण के लागत को कम करेगी तथा कॉलेज की स्थापना को प्रभावी और सुविधाजनक बनाएगी। साथ ही मेडिकल कॉलेज के आगमन से निजी क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, हॉस्टल, होटल और अन्य सहायक सेवाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जिले की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। इससे शहर के भौतिक संरचना में बदलाव होगी जिससे शहर का चतुर्दिक विकास होगा।

प्रभारी जिलाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने बताया कि शहर स्थित कृषि फार्म की जमीन का सर्वे कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि अब विभागीय निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। इस आशय की जानकारी देते हुए जेडीसी अध्यक्ष देवांशु दीपक ने कहा कि जनभावनाएं और तकनीकी मानकों – दोनों के अनुरूप शहर स्थित कृषि फार्म ही मेडिकल कॉलेज के लिए सबसे उपयुक्त स्थल है। उन्होंने प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की यदि जरूरत पड़ी तो जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक दबाव बनाने और आंदोलन शुरू करने से जेडीसी पीछे नहीं हटेगी। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने गए प्रतिनिधिमंडल में देवांशु दीपक के साथ उपाध्यक्ष अमित कुमार, अमित कैप्टन, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश, राहुल कुमार समेत कई सदस्य शामिल थे।

# बृज बिहारी लाल निकेतन हाईस्कूल में खेल महोत्सव मशाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पताही (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के पट्टी बोकाने स्थित श्री बृज बिहारी लाल निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में खेल महोत्सव मशाल 2024 का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाध्यापक गौरी शंकर पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद श्री पांडे एवं शिक्षा प्रेमी अवधेश कुमार महतो को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार एवं वरीय शिक्षक सूरज कुमार सिंह ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। 25 अप्रैल से शुरू हुई इस प्रतियोगिता का समापन शनिवार 26 अप्रैल को हो गया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक सूरज कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का जरूरी हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, बॉलीबॉल, क्रिकेट बॉल थ्रो व साइक्लिंग जैसे खेल शामिल थे। बच्चों ने इसमें काफी बढ़ चढ़कर भाग लिया। चयनित बच्चों को संकुल स्तर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

## बीस हजार के इनामी के घर पुलिस ने चिपकाया पोस्टर

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** बीस हजार रुपये के इनामी बदमाश अशरफ मियां के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया। नकरदेई थाना प्रभारी रामशरण साह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में फरार सिरिसिया माल निवासी खैराती मियां के पुत्र अशरफ मियां के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने अपने दल-बल के साथ गांव पहुंचकर लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी करवाई और फिर घर पर फरारी का पोस्टर चिपकाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

# बीडीओ को ग्रामीण विकास विभाग ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनाथ कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्ष्य के विरुद्ध सराहनीय कार्य के लिए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। शनिवार को पटना के शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया है। इस बारे में बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लक्ष्य के विरूद्ध जिला स्तर पर किए गए सराहनीय कार्य के लिए मुझे सम्मानित किया गया है।

# सरकारी योजनाओं से 7,388 अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग हुए लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के 196 अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल टोलों में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सरकार द्वारा संचालित 22 विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कुल 7,388 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर शिविरों का निरीक्षण जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि शिविरों में नामित पदाधिकारियों और कर्मियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर उनके एक दिन का वेतन काटते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिला कल्याण पदाधिकारी दिवेश दिवाकर ने बताया कि मोतिहारी प्रखंड के टिकुलिया पंचायत के मुशहर टोला (वार्ड नं. 13) तथा वासमनपुर के सिवान टोला ककहिया में आयोजित शिविरों में उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय स्वयं दरी पर बैठकर आमजनों की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही राशन कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए आवेदनों को स्वीकृत किया गया।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे आमजनों तक पहुंचाने के इस प्रयास से लोगों में सरकार के प्रति विश्वास और उत्साह का माहौल देखा गया। शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# मद्य निषेध उपायुक्त ने किया नीरा उत्पादक समूह के बिक्री सह संग्रह काउंटर का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मोतिहारी।** सुगौली प्रखंड के दक्षिणी सुगांव पंचायत स्थित सुगांव डीह धांगड़ टोली में शुक्रवार को बिहार राज्य के तिरहुत प्रमंडल के मद्य निषेध उपायुक्त विकास सिन्हा ने दौरा कर जीविका द्वारा संचालित जीवन जीविका नीरा उत्पादक समूह के बिक्री सह संग्रह काउंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नीरा उत्पादन से जुड़े जीविका दीदियों, ताड़ छेवक सदस्यों और जीविका पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में भारत जीविका महिला संगठन से जुड़ी कई सदस्याएं एवं अन्य कैडर भी उपस्थित रहीं।

उपायुक्त ने नीरा उत्पादन, बिक्री प्रक्रिया, प्रबंधन एवं सरकार द्वारा प्रदत्त लाइसेंस एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समूह की दीदियों और ताड़ छेवक सदस्यों के सवालों का भी समाधान किया। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने जिले में नीरा उत्पादन सह बिक्री की वर्तमान स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही बताया कि नीरा व्यवसाय से जुड़े सभी सदस्यों को उत्पाद से होने वाले लाभ और सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

जीविका के प्रशिक्षण प्रबंधक कृष्ण रंजन कुमार ने नीरा के औषधीय गुणों और इसकी विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मद्य निषेध अधीक्षक नीरज कुमार समेत जिला और प्रखंड स्तर के जीविका कर्मी एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# एसएस कॉलेज में चित्रकला एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** बिहार राज्य नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना एवं जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, जहानाबाद के निर्देशानुसार 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला गंगा समिति द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जहानाबाद के एस.एस कॉलेज में स्नातक एवं पीजी के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार तथा जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, अमित कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के संदेश पर आधारित चित्र प्रस्तुत किए। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में छात्रों को नदियों की स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नदियाँ केवल भौतिक परिदृश्य को नहीं गढ़तीं, बल्कि मानव सभ्यता, संस्कृति एवं इतिहास को भी दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि गंगा तथा उसकी सहायक नदियां जीवनदायिनी हैं और इनकी रक्षा हेतु हम सभी को निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण से मुक्त करना तथा स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना है।

# अपहृत बच्चा सकुशल बरामद अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** लक्ष्मी रोड स्थित मस्जिद के समीप से अपहृत तीन वर्षीय मो. गुलाम रसूल को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चे को शेखपुरवा रोड क्षेत्र में बसे करोड़ी जाति के गिरोह से मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को शेखपुरवा रोड निवासी करोड़ी कृष्णा द्वारा बच्चे का अपहरण किया गया था। इसके बाद अपहृत बच्चे को 50 हजार रुपये में सीतामढ़ी जिले के बेलसंड क्षेत्र स्थित करोड़ी जाति की तीन महिला सदस्यों को बेच दिया गया था। इधर, बच्चे के परिजन और पुलिस उसकी खोजबीन में लगातार लगे हुए थे। इसी दौरान शेखपुरवा रोड पर गिरोह के सदस्यों के बीच रुपये के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद और मारपीट हुई। विवाद के बाद गिरोह के एक सदस्य अमृत ने नाराज होकर बच्चे के परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दे दी। परिजनों से सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। थानाध्यक्ष के निर्देश पर दरोगा सुधीर ठाकुर के नेतृत्व में टीम को सीतामढ़ी भेजा गया। वहां छापेमारी कर बच्चे को सकुशल बरामद किया गया और अपहरण में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे गिरोह की गतिविधियों की जांच की जा रही है।

# विवाह समारोह के दौरान गोलीबारी दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के सीमावां गांव में विवाह समारोह के दौरान गोली चलने से एक महिला घायल हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में घायल महिला रिंकी देवी, जो गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के बांकेबाजार की रहने वाली हैं, ने बताया कि वह अपने भाई रामू कुमार के विवाह समारोह में शामिल होने सीमावां गांव आई थीं। रिंकी देवी के अनुसार, विवाह की रात पूर्व के किसी विवाद को लेकर गांव के ही सोनू कुमार उनके घर पहुंचे और रामू कुमार के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब रामू ने इसका विरोध किया तो सोनू कुमार ने बंदूक निकालकर गोली चला दी, जो रिंकी देवी के बाएं पैर में जा लगी। वहीं, दूसरी ओर आरोपित सोनू कुमार की मां बेबी देवी ने अपने पुत्र के पक्ष में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उनका बेटा सोनू कुमार दुकान पर बैठा था, तभी रामू कुमार शराब के नशे में धुत होकर वहां आया और सोनू पर पिस्तौल तान दी। उन्होंने कहा कि पहली फायरिंग फ़ेल हो गई, जिससे सोनू कुमार बाल-बाल बच गया। इसके तुरंत बाद रामू कुमार की बहन रिंकी कुमारी और दीपक पासवान भी वहां पहुंचे और रामू को पकड़कर सड़क की ओर ले जाने लगे। इसी दौरान छीना-झपटी में फायरिंग हो गई, जिसमें रिंकी देवी के पैर में गोली लगी। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सीमावां गांव निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** शनिवार की सुबह गोह थाना क्षेत्र के दधपी पेट्रोल पंप के समीप एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें थाना क्षेत्र के पंडुकी गांव निवासी कमलेश गिरी के 70 वर्षीया पत्नी गायत्री देवी एवं मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तड़वां मठ निवासी 23 वर्षीय विवेक कुमार, पलामू हरिहरगंज निवासी 19 वर्षीय सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने घायलों को पीएचसी गोह में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज जारी है। घटना के संबंध बताया जाता है कि बाइक सवार युवक देवहरा रिश्तेदार के घर जा रहा था।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधानाध्यापक ने किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेरी में शनिवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एक समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नेहाल अंसारी ने किया। प्रधानाध्यापक ने कहा शिक्षा एक ऐसी प्रणाली है जो न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि व्यक्तित्व को भी आकार देती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि छात्रों में सीखने की इच्छा, जिज्ञासा और नैतिक मूल्यों को विकसित करना भी है। प्रधानाध्यापक ने कहा आज के इस समारोह में हम उन छात्रों को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने अपने कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ये छात्र हमारे विद्यालय का गौरव हैं और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करेंगे। विद्यालय के प्रथम से अष्टम वर्ग तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किताब, कॉपी, कलम एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्रों में अष्टम वर्ग से प्रिंस , अंकित व सीटू, सप्तम वर्ग से आदिति, सुप्रिया व अर्चना कुमारी, षष्ठम वर्ग से खुशबू, सृष्टि, दिव्या, अंश कुमार, पंचम वर्ग से पियूष, कृति व शुभम कुमार, चतुर्थ वर्ग से आदित्य, प्रिंस व हिमांश कुमार, तृतीय वर्ग से शुभम, रिया, द्वितीय वर्ग से खुशबू, प्रिया व मीनू एवं प्रथम वर्ग से शिवानी, प्रिंस व गौतम कुमार शामिल हैं।इस अवसर पर शिक्षिका अनिता पांडेय, कृतिमाला और शिक्षक कमलेश कुमार सिंह, शंभू पासवान, शशिकांत कुमार, लोकेन्द्र सिंह, रंजीत कुमार, मुन्ना मेहता, अजीत दूबे मौजूद थे।

# रफीगंज में अंबेडकर रथ का भव्य स्वागत, मुख्यमंत्री के कार्यों का किया प्रचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के अध्यक्ष राजेश त्यागी के नेतृत्व में पटना से रवाना हुआ अंबेडकर रथ शनिवार को रफीगंज प्रखंड के बराही बाजार पहुंचा, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उसका भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात ग्राम कानाखाप में एक समारोह आयोजित कर महादलित समुदाय के लोगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। समारोह की अध्यक्षता जदयू के जिला उपाध्यक्ष एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य संजय अंबेडकर ने की, जबकि संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने का कार्य किया है। राज्य के दबे-कुचले और वंचित वर्गों तक विकास की किरण पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगा, तब तक पार्टी द्वारा जनजागरूकता अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर संजय अंबेडकर ने भी कहा कि पार्टी गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के हक की रक्षा के लिए सतत निगरानी कर रही है। वहीं सुनील कुमार वर्मा ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और रोजगार के अवसरों का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि भेटनिया पंचायत में पूर्व विधायक के कार्यकाल के दौरान लगभग सभी गांवों में सड़क का निर्माण कराया गया है। मंझौली पुल बनने से रफीगंज से ओबरा तक यातायात सुगम हो गया है। वहीं बचा हुआ भेटनिया पुल का निर्माण भी शीघ्र कराया जाएगा। समारोह में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, महादलित प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रामजतन राम, पंचायत अध्यक्ष राजा राम चंद्रवंशी, सुदर्शन अंबेडकर, जुगेश कुमार, हीरा दास, धर्मेंद्र दास सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# अच्छी सरकार से होता है देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास : ज्योति मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अंबा (औरंगाबाद)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमला निंदनीय है। ईश्वर शहीदों के परिजनों को दुखद घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति दें। उक्त बातें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर की राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) सह बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी ने शनिवार को औरंगाबाद में कही। इस दौरान उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें औरंगाबाद जिला का संगठन प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनने के बाद वे पहली बार औरंगाबाद पहुंचीं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विस्तार और मजबूती पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि संगठन के बल पर विषम परिस्थितियों में भी चुनाव जीता जा सकता है। पार्टी मजबूत और निर्भीक कार्यकर्ताओं से चलती है। हमें पंचायत और बुथ स्तर तक कमेटी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कमेटी में महिलाओं को जगह देने पर जोर देते हुए कहा कि नारी के सहयोग के बिना हर बगिया अधूरी होती है। इसलिए बुथ कमेटी से लेकर जिला कमेटी तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में अच्छी सरकार होती है स्वाभाविक रूप से प्रदेश का सर्वांगीण विकास होता है। संगठन का प्रभारी के होने के नाते अगली बार एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष के साथ बैठक कर चुनावी चर्चा की जाएगी और एक सूत्र में बंध कर घटक दलों के साथ कदम से कदम मिलाकर जिले के सभी सीट पर जीत की दावेदारी पेश करेंगे। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के संगठन की समीक्षा के पश्चात उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह और प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सुरज राय के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आप सबों ने धरातल पर उतरकर संगठन को मजबूत करने का काम किया है। आप लोग दोस्ताना व्यवहार के साथ जनता के बीच कम करें। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता हरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शशि देवी, छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज राय, प्रदेश सचिव संतोष गौतम, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नवनीत राय समेत पार्टी के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नाला, सड़क, जल संकट पर गूंज उठी आवाजें, डीएम को सौंपे आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देश पर शनिवार को आरा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-05 के सिद्धनाथ मंदिर प्रांगण में 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड पार्षद एवं आरा नगर निगम के जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा नागरिकों के स्वागत से हुई, जिसमें उपस्थित नागरिकों को अपनी समस्याएं रखने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों द्वारा प्रमुख रूप से नाला निर्माण, जल निकासी, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन एवं पार्क निर्माण, छठ घाट निर्माण, नल-जल योजना की अधूरी आपूर्ति, बिजली संकट, प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों की समस्याएं, तथा जलजमाव की समस्या को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई गईं। विशेष रूप से मझौवा, बिंदटोली, धुरा मुहल्ला और तांतवा टोला क्षेत्र से नाला निर्माण, गली-नली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण तथा अतिक्रमण हटाने जैसी मांगें रखी गईं। इसके अतिरिक्त, गर्मी को देखते हुए पानी की गंभीर समस्या, अधूरी नल-जल पाइपलाइन कार्य तथा समरसेबल पंप एवं सामुदायिक शौचालय की मरम्मत की भी आवश्यकता बताई गई। संबंधित नागरिकों द्वारा भूमि अतिक्रमण, निजी जमीन पर नाले का पानी बहने से उत्पन्न कठिनाइयों एवं राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं पर भी आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं की जांच कर,आगामी नगर निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट घाट का होगा सौंदर्यीकरण

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने समाहरणालय आरा स्थित कलेक्ट्रेट घाट का निरीक्षण शनिवार को किया। उनके साथ अधिकारियों का काफिला था। उन्होने वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के आयुक्त एवं सहायक अभियंता ने घाट के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने मौके पर ही निर्देश देते हुए कहा कि घाट परिसर के समग्र विकास के लिए बॉन्ड्री वॉल, आकर्षक कैफ़ेटेरिया, विश्राम गृह, गार्डन, लेजर लाइटिंग एवं साउंड सिस्टम, पौधारोपण, फाउंटेन, गार्ड रूम तथा शौचालय जैसी सुविधाओं का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

# बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, कुलपति ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र और आसव अस्पताल, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र राय एवं प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) बी.एस. राय ने स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

शिविर का समन्वयन स्वास्थ्य केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिंह एवं डॉ. अंजलि चंद्रा ने किया। इस अवसर पर आसव अस्पताल की डॉ. अमृता के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम – डॉ. कन्हैया (जनरल फिजिशियन), डॉ. सना (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अश्वनी (नेत्र रोग विशेषज्ञ), और डॉ. अनन्या (फिजियोथेरेपिस्ट) ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच जैसे नेत्र परीक्षण, रक्त शर्करा जांच, रक्तचाप मापन, बॉडी मास इंडेक्स (उख्रक्र) इत्यादि सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. संगीता रानी, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी, डॉ. कुसुम, डॉ. रेणु, डॉ. विदिशा मिश्रा, डॉ. अमर शुक्ला और डॉ. विनोद बैठा सहित कई प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी चंदन, प्रकाश, विकास और टुन्ना ने शिविर के संचालन में अहम भूमिका निभाई। शिविर में विश्वविद्यालय के लगभग 150 शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और प्रारंभिक स्तर पर बीमारियों की पहचान सुनिश्चित करना था।

# प्रतिभा खोज खेल प्रतियोगिता को लेकर जागरूक हुए छात्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**ओबरा(औरंगाबाद)।** प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर में बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रतिभा खोज खेल प्रतियोगिता के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक रीता कुमारी के नेतृत्व में खेल का शुभारंभ कर दिया गया है जिसके तहत बॉलीबॉल , फुटबॉल, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं दौड़ प्रतियोगिता के साथ कई खेलों का अभ्यास कराया गया। खेल का देख रेख शिक्षक सुशील कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों के खेलों के गतिविधियों को मशाल एप पर डाला जाएगा और उसके बाद छात्रों को चयन कर बाहर भेजा जाएगा। कहा कि जिसके माध्यम से युवाओं में खेल के प्रति स्पर्धात्मक अनुशासन एवं देश भक्ति की भावना जागरूक होगा। इस खेल के माध्यम से युवाओं को खेल भावना को विकसित करना है तथा खेल को कैरियर के रूप मे प्रस्तुत करना हैं। अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को निर्माण करना है। यह राष्ट्रीय चेतना का बहुत बड़ा कदम है। इस मौके पर शिक्षक पारस कुमार, अरुण कुमार मिश्रा, अमरकांत कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार, शशिकांत प्रसाद, मिना कुमारी, शौर्य मंडल कुमारी, उर्मिला कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# खलिहान में लगी आग, जले हजारों के गेहूं - पुआल


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा।** थानाक्षेत्र के पचरूखिया बाजार के देवहरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप उमेश पासवान के खलिहान में शनिवार को आग लगने से खलिहान में रखा गेहू की बोझा व पुआल जल कर बर्बाद हो गया। बताया जाता है कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग बुझाने में ग्रामीणों को घंटों मशक्कत करना पड़ा। इसके उपरांत अग्निशमन की गाड़ी आई तब आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी पता नहीं चल रहा है। ऐसे में चर्चा है कि बिजली की तार खलिहान में गिरा हुआ था हो सकता है कि शॉट सर्किट से आग लगी हो। आग लगने की जानकारी मिलते पूर्व मुखिया मृत्युंजय शर्मा पहुंचे और पीडित किसान को दुख की घंड़ी में धैर्य रखने का ढांढस बंधाया। उन्होंने बताया कि अगलगी की जानकारी थानाध्यक्ष व सीओ को लिखित दी जाएगी। ऐसे में मौखिक जानकारी दी गई है। मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा, पूर्व मुखिया मृत्युंजय शर्मा ने आपदा विभाग से की है।

# एसटीआर निर्गत होने के 3 दिनों के भीतर सीएमआर आपूर्ति नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई करे : डीएम


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स (धान/गेहूं) की अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक शनिवार को आहूत की गई। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भोजपुर जिले में 136.30 एमटी गेहूं की अधिप्राप्ति हुई है। इस संबंध में यह भी बताया गया कि जिले के अंतर्गत 1140 किसानों द्वारा गेहूँ अधिप्राप्ति के लिए निबंधन कराया गया है। जिलाधिकारी ने गेहूँ अधिप्राप्ति में अपेक्षित प्रगति में कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कैम्प तथा डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के माध्यम से विशेष रूप से निबंधित किसानों से संपर्क स्थापित करें, अधिप्राप्ति को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा करें तथा किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करें। धान अधिप्राप्ति के क्रम में बताया गया कि कुल अधिप्राप्त धान के समानुपात में 54.37 प्रतिशत सीएमआर (चावल) की आपूर्ति कर दी गई है। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि एसटीआर निर्गत होने के तीन दिनों के भीतर सीएमआर आपूर्ति नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि मिलों को अबाधित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा कसाप सीएमआर संग्रहण केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था की जाए। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भोजपुर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भोजपुर, जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा, जगदीशपुर एवं पीरो), जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम, भोजपुर) सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार, चुनावी रणनीति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बक्सर।** पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्र ने शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित आभार मिलन समारोह में 2024 लोकसभा चुनाव में समर्थन देने वाले साथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम की शुरुआत आनंद मिश्र, पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, युवा उद्यमी प्रत्युष पुष्कर, पिताम्बर जी महाराज, मुखिया अजय राम एवं अभिषेक पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

आनंद मिश्रा ने चुनावी समर्थन देने वाले साथियों को गमछा एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन उन सभी जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए है जिन्होंने तन-मन-धन से उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि अब सही समय है जब ऊर्ज़ा से भरे साथियों के साथ नई रणनीति बनाकर बेहतर बिहार के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा जाए। आनंद मिश्र ने वंशवाद की राजनीति से ऊपर उठकर समाज के हर तबके के लिए कार्य करने का संकल्प लिया और 'एक टीम, एक सोच, एक दिशा - आगे बढ़ते रहना है' का नारा दिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं के सवालों का आनंद मिश्र ने खुले दिल से जवाब दिया। कार्यक्रम के दौरान आनंद मिश्रा ने अपने मेगा प्रोजेक्ट 'आनंद सेवा केंद्र' का भी शुभारंभ किया।

आनंद सेवा केंद्र गांव स्तर पर एक सिंगल विंडो सुविधा है, जहां नागरिकों को दस्तावेज़ संबंधी समस्याओं, कानूनी सहायता, वित्तीय मदद, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया में सहयोग मिलेगा। आनंद सेवा केंद्र तब तक अपनी जिम्मेदारी निभाएगा जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, साथ ही सतत फॉलो-अप भी सुनिश्चित करेगा। इसका उद्देश्य गांवों में शासन व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाना है।

इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत कुमार एवं विकास सिंह कुशवाहा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छोटे राय, अनिल राणा, वंशलोचन राम, अजय राय, अरविंद पांडेय, बद्रीनारायण दुबे, अवधेश पांडेय, गोविंद मिश्रा, नवीन राय, मनमन पांडेय, जनार्दन राय, प्रेम प्रकाश, विनय कुशवाहा, सुशील, विकास, ओम मिश्रा, शैलेश मिश्रा, रितेश, विनय, अंशुमान, दुर्गेश, प्रमोद, दिलीप, विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# साक्षी व ऋषिका ने यूपी बोर्ड में 90 प्रतिशत अंक लाकर किया नाम रौशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** जिला के गड़हनी प्रखंड अंतर्गत बगवां गांव के पत्रकार अमित कुमार सिंह की 15 वर्षीय पुत्री ऋषिका व 17 साक्षी सिंह ने यूपी बोर्ड में कमाल कर दिया। ऋषिका ने मैट्रिक में 90% व साक्षी सिंह ने इंटरमीडिएट में 90.2% अंक लाकर बिहार प्रदेश,भोजपुर जिला व गड़हनी प्रखंड के साथ बंगवा गांव का नाम रौशन किया है। बता दे कि शाक्षी व ऋषिका दोनो बहन उतर प्रदेश के कानपुर शहर में अपने नाना के घर बचपन से रह कर अपनी प्रारंभिक स्कूली पढ़ाई की है। साक्षी व ऋषिका ने अपने स्कूल में पहला क्लास से लेकर 9 वीं तक लगातार प्रथम स्थान लाती रही है। आगे साक्षी जेई मेंस की तैयारी कर रही है व इंजिनियर बनना चाहती है। वही ऋषिका सिविल सर्विस में जाना चाहती है। जिससे देश का सेवा कर सकू। सपना साथ ही सपना अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ना और प्राइवेट सेक्टर में जाना। मां कंचन सिंह ने कहा की दोनों बेटी दिन रात मेहनत कर इस मुकाम पर पहुंची है। रोजाना 12 से 14 घंटे पढ़ाई करती थी। खाना खाने को भी कहना पड़ता था तब जाकर खाना खाती थी। मेरी सपना है की अच्छे ऑफिसर बन कर देश व घर का मान बढ़ाए। वही साक्षी के पिता एक अखबार में संवाददाता के पद पर गड़हनी में कार्यरत है। पिता ने कहा कि मैं भी चाहता हूं की मेरी बेटी एक अच्छी आईआईटीयन बने तो मेरा सारा सपना साकार हो जायेगा। यूपी बोर्ड में काफी सख्ती के बाद साक्षी व ऋषिका ने अच्छी अंक लाई है। उसके बाबा, नाना, मामा, बड़े पापा, छोटे पापा सहित सभी परिवार बहुत खुश है और दोनो को खुशी में मिठाई खिलाया।

# त्रिदिवसीय मशाल–2025 प्रतियोगिता शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर/भोजपुर।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंदा काजीचक में मशाल-2025 के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। उद्घाटन विद्यालय के एचएम डॉ दयाशंकर प्रसाद एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विभागीय निदेशानुसार यह कार्यक्रम 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया जाना है। विद्यालय के बाल संसद, मीना मंच व ईको एंड यूथ क्लब के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर इस में भाग लिया। विद्यालय की शारीरक शिक्षिका, आंचल गोस्वामी के कुशल निर्देशन में बच्चों के बैट्री टेस्ट के उपरांत एथलेटिक में 60 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी हूनर का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका अर्चना कुमारी, कुमारी सुधा तिवारी, मनोज कुमार सिंह, सुजीत कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। मौके पर शिक्षक/शिक्षिका, सुमन कुमार, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार, संजय कुमार राम, सुषमा गुप्ता समेत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# दंत चिकित्सा पदाधिकारी का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** स्थानीय सीएचसी सभागार में तीन वर्षो से पदस्थापित दंत चिकित्सा पदाधिकारी डा विवेक कुमार सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। सम्मान समारोह में सभी स्वास्थ्य कर्मियों व अन्य ने चिकित्सा पदाधिकारी को फूलमाला , बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संबोधित करते हुए स्वास्थ्य प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी सुनील महेंद्र कपूर ने कहा कि विवेक सिंह ने अपने कार्यो का अच्छे से समय पर निर्वहन किया है। कोई भी मरीज या स्वास्थ्य कर्मी उनसे हमेशा खुश रहते थे। किसी से आज तक इनका विवाद नही हुआ। आज जाने के बाद लोग उनको याद करेंगे। और उम्मीद करता हूं कि जहां जा रहे है वहां भी आपको वही इज्जत व सम्मान मिले। वही स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि विवेक सर हमेशा समय का ख्याल रखते थे और समय पर अस्पताल आते थे और मरीज़ो पर समय देकर उनका इलाज करते थे। वही दंत चिकित्सा पदाधिकारी ने भावुक होकर कहा कि मुझे सीएचसी के सभी कर्मियों ने बहुत इज्जत व सम्मान दिया इसके लिये मैं सबको दिल से आभार व धन्यवाद देता हूं।

CMYK

# प्रेम प्रसंग में हुई थी रजनीश की हत्या, दो गिरफ्तार

## डीएसपी ने मामले का किया खुलासा

### पुलिस को मिली कामयाबी



**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में हुए रजनीश हत्याकांड का शनिवार को डीएसपी ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, प्रेम प्रसंग को लेकर रजनीश की हत्या की गई। गिरफ्तार आरोपियों में करण कुमार, पिता-स्व. ललन मांझी और धुरी उर्फ पगला, पिता-भज्जू मांझी शामिल हैं।

बताया गया कि 1 अप्रैल 2025 को रजनीश उस्मानचक गांव में एक लड़की से मिला था और उसे अपना मोबाइल नंबर दे दिया था। इसी बात से नाराज होकर करण ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। रात 9 बजे लड़की से फोन कर अंधेरे में बुलवाया और फिर गला रेतकर हत्या कर दी। शव को गांव के तिनमुहानी के पास एक पईन में फेंक दिया गया। अगले दिन शव बरामद होने के बाद मृतक के पिता अजित दास ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

# चापाकल से गिर रहा गाद भरा पानी, संक्रमण का खतरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मसौढ़ी।** भीषण गर्मी में मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नूरा में पानी का संकट गहराता जा रहा है। स्कूल के चापाकल से गाद भरा गंदा पानी गिर रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। छात्र-छात्राएं मजबूरन घर से या बाहर से पानी लेकर आ रहे हैं।

छात्रा रानी नयनतारा, खुशबू कुमारी, निशा कुमारी और छात्रों दीपक कुमार आदि ने बताया कि स्कूल का चापाकल वर्षों से खराब है। वहीं, स्कूल में बोरिंग भी है, लेकिन बिजली कटौती के कारण उसका भी उपयोग नहीं हो पा रहा। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो वर्षों से विभाग और पीएचईडी को पत्र देने के बावजूद चापाकल नहीं सुधारा गया है। भीषण गर्मी में छात्रों को भारी परेशानी हो रही है।

# आतंकी हमले के खिलाफ एबीवीपी ने निकाला आक्रोश मार्च

### पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**बाढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बाढ़ इकाई ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू हुई। एसबीआर चौराहा पर समाप्त हुई और पुतला दहन किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध रैली निकाली। आयोजित इस रैली में छात्रों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही आतंकवाद खत्म करने की मांग की। विभाग संयोजक शुभम सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हिंदुओं को टारगेट करके आए दिन उनकी हत्या कर दी जाती है यह निंदनीय है। पहलगाम में धर्म पूछकर पर्यटकों पर किया गया हमला भारत की आत्मा पर चोट है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसा जवाब देना चाहिए। मौके पर विशाल, रिकुल आदि मौजूद थे।

# कैंसर रोगियों के लिए उम्मीद की किरण : एम्स पटना में सीएमएल और जीआईएसटी सहायता समूहों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना में शनिवार को क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (सीएमएल) और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर (जीआईएसटी) रोगियों के लिए सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक का विषय 'एक साथ हम साझा करते हैं और सीखते हैं' रहा। कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरव वार्ष्णेय के संरक्षण और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. प्रीतांजलि सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मेदांता और आईजीआईएमएस



पटना के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम पीड़ितों के प्रति दो मिनट की श्रद्धांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डॉ. प्रीतांजलि सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए रोगियों को सहयोग समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मैक्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस बैठक में सौ से अधिक मरीजों ने भाग लिया। डॉ. वार्ष्णेय ने परिवार, डॉक्टर और सहयोगी संस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, मैक्स फाउंडेशन की क्षेत्रीय प्रबंधक प्रियंका कुबल ने मरीज-चिकित्सक संबंध की अहमियत बताई। बैठक में सीएमएल और जीआईएसटी के लक्षण, जांच व इलाज की जानकारी दी गई और संवादात्मक सत्र में मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ाया गया। समापन डॉक्टरों के सम्मान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# 10वीं पास छात्रों को पूर्व मंत्री श्याम रजक ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मसौढ़ी।** उच्च माध्यमिक विद्यालय (बसुहार) पोठही में दसवीं वार्षिक परीक्षा 2024-25 में सफल छात्र-छात्राओं को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने सम्मानित किया।

सम्मानित छात्रों में गौतम कुमार (451 अंक), नेहा कुमारी (446 अंक) और ज्योति कुमारी (408 अंक) प्रमुख रहे। श्याम रजक ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा आंदोलन का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर ओम सिंह, शैलेंद्र रविदास, चंदन मांझी सहित सैकड़ों



ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नगरवासियों से सुनी गई समस्याएं

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी द्वारा नवगठित आठ वार्डों में 'आपकी शहर आपकी बात' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को सरवां मठ और वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें 12 गांवों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगरवासियों ने सफाई, लाइटिंग और नागरिक सुविधाओं की समस्याएं रखीं। नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर 28 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए 23 कर्मचारी, आठ प्रभारी पदाधिकारी और आठ जिला नामित पदाधिकारी लगाए गए हैं। अमीन रामाधार प्रसाद यादव ने बताया कि वार्ड नंबर 1, 7, 8, 9, 26, 32, 33 और 34 में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नागरिक सुविधाओं के विस्तार व विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से संवाद आयोजित किया जा रहा है।

# बिहार में आंधी और बारिश को लेकर अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** बिहार मौसम सेवा केंद्र ने 27 अप्रैल 2025 के लिए राज्य में कई जिलों में आंधी, तेज़ हवा और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग ने अलर्ट को तीन स्तरों में बांटा है - हाई, मॉडरेट और लो के रूप में। हाई अलर्ट वाले जिले : सिवान, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुज़फ्फरपुर, सीतामढ़ी, श्योहर, मधुबनी और पटना में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के कई प्रखंडों जैसे गोरियाकोठी, पचरुखी, रामनगर, मोतीहारी, सकरा, सीतामढ़ी सदर, श्योहर आदि में विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। मॉडरेट अलर्ट वाले जिलेः नालंदा, नवादा, लखीसराय, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया और शेखपुरा जिलों के कई प्रखंडों में मौसम विभाग ने मध्यम स्तर का अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भी तेज़ हवाओं और बारिश की संभावना है। लो अलर्ट वाले जिलेः जमुई, बांका, भागलपुर और मुंगेर जिलों को लो अलर्ट श्रेणी में रखा गया है, जहां हल्की से मध्यम वर्षा और आंधी की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम की ताज़ा जानकारी पर नज़र बनाए रखें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# घर जा रहे एक व्यक्ति की गिरने से मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ बाजार से अपने घर जा रहे एक व्यक्ति को ठेस लाकर गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के तोताबिगहा गांव का है जिसका नाम बुधन बिंद उम्र 42 वर्ष पिता धुरी बिंद के रूप मे हुई है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बताया गया की गिरने के कारण चोट लग गयी जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की सफलता से संस्थान का बढ़ता है यश : नन्द किशोर यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** इण्डियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन एंड रिसर्च, बेउर में शनिवार को वाक एवं श्रवण विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों का समागम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की सफलता से संस्थान का यश बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी विदेशों में भी संस्थान का नाम रौशन करते हैं, तो संस्थान गौरवान्वित होता है। श्री यादव ने युवाओं से भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार, अध्यक्ष, राज्य उपभोक्ता




संरक्षण आयोग, बिहार ने संस्थान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दक्षता और निपुणता से ही सफलता अर्जित की जा सकती है। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और चिंतक न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद ने वाक एवं श्रवण विशेषज्ञों के योगदान को सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्थान के अध्यक्ष-सह-निदेशक डा अनिल सुलभ ने कहा कि शिष्य की सफलता से आचार्य का गौरव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने देश-विदेश में अपनी सेवाओं से संस्थान का नाम ऊंचा किया है। समारोह में सरदार महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लन, समाजसेवी आनन्द मोहन झा, अमेरिका में कार्यरत डा विक्रान्त मल्लिक, डा कुमार अभिषेक, डा स्मिता कुमारी, डा अजय कुमार, डा रजनीश झा और डा निरुपमा राय ने भी अपने विचार रखे. सभी ने संस्थान की शिक्षा प्रणाली और प्रशिक्षण की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक डा अभय कुमार और पूर्ववर्ती छात्रों को नन्द किशोर यादव ने अंग-वस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। संस्थान के वरिष्ठ कर्मियों कुमार करुणा निधि, मोहन मण्डल, राम विलास राम और सुरेंद्र कुमार को भी सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के लिए आयोजित वैज्ञानिक सत्र में तकनीकी विकास और नयी उपचार विधियों पर चर्चा की गई। संचालन डा महिमा झा ने किया तथा धन्यवाद-ज्ञापन डा आकाश कुमार ने प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में डा नेहा कुमारी, प्रो संजीत कुमार, डा रूपाली भोवाल, डा संतोष कुमार सिंह, डा नवनीत कुमार, डा आदित्य ओझा, प्रो मधुमाला, प्रो देवराज, प्रो जया कुमारी तथा सूबेदार संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अतिथि उपस्थित थे। संध्या में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। पुराने मित्रों के मिलने से चेहरे खिल उठे। सबने फिर अगले वर्ष मिलने का वादा किया।

# महागठबंधन के नेताओं ने निकाला कैंडल मार्च

### दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए महागठबंधन के नेताओं ने शनिवार को मसौढ़ी में कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च में कांग्रेस, वाम दल, माकपा, वीआईपी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. ये मार्च कर्पूरी चौक से तारेगना स्टेशन तक निकाला गया। इस दौरान जय हिंद के नारे भी लगे। इस मौके पर फुलवारी शरीफ की विधायक गोपाल रविदास और मसौढ़ी विधायक रेखा देवी शामिल रहे, कहा कि पूरा देश एकजुट है। सरकार को इसका करारा जवाब देना चाहिए, पहलगाम में जो घटना हुई है उनको श्रद्धांजलि देने के लिए हम




कैंडल मार्च निकाल रहे हैं. मार्च में हमारे इंडिया के साथी भी हैं पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ है कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवाद को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है। मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए हम जुटे हैं। पूरा देश एकजुट है। आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। केंद्र सरकार के हर फैसले के साथ हम लोग खड़े रहेंगे। मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, कांग्रेस इंद्रमणि देवी, प्रोफ़ेसर सीपी मंडल, बृजनंदन सहाय, मृत्युंजय पांडे, बिट्टू कुमार, कमलेश कुमार, अरफराज साहिल, मृत्युंजय परियार, अकलू पासवान, समेत सैकडों लोग शामिल रहे।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला, पशुपालन को बढ़ावा देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा लेमन ट्री प्रीमियर, पटना में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ग्लैण्डर्स रोग, सीरो सर्विलेंस का महत्व और राष्ट्रीय पशुधन मिशन था। इस वर्ष विश्व पशुचिकित्सा दिवस की थीम 'एनिमल हस्बैंडरी टैक्स अ टीम' रही। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एन. विजयलक्ष्मी, अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने किया.विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. इन्द्रजीत सिंह, कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और नवदीप शुक्ला, निदेशक पशुपालन उपस्थित थे। डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने वेटनरी प्रोफ़ेशन के टीम वर्क और पशुचिकित्सकों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बिहार में दुग्ध उत्पादन लक्ष्य 30 लाख लीटर से बढ़ाकर 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने की योजना बताई.उन्होंने कृषि रोड मैप के बेहतर क्रियान्वयन से दुग्ध, मांस, अंडा और मत्स्य उत्पादन में हुई वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. विजयलक्ष्मी ने पूर्णिया में स्थापित ए-ग्रेड फोजेन सीमेन सेंटर का उल्लेख करते हुए नस्ल सुधार में तेजी का जिक्र किया.उन्होंने पशुधन सहायक के पाठ्यक्रम और फूड टेक्नोलॉजी शिक्षा प्रारंभ करने का सुझाव भी दिया। डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने बीएससी पॉल्ट्री साइंस की पढ़ाई शुरू करने की योजना साझा की और पशुपालकों को जागरूक करने पर बल दिया। नवदीप शुक्ला ने पशुचिकित्सकों के मानवीय कल्याण कार्यों की सराहना की। डॉ. ए. संगरन, विभागाध्यक्ष, परजीवी विज्ञान, मद्रास पशुचिकित्सा महाविद्यालय ने निरंतर क्षमता वर्धन हेतु रिफ्रेशर कोर्स की आवश्यकता बताई.डॉ. के. जी. नारायण, सेवानिवृत्त डीन, रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय ने ग्लैण्डर्स रोग पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार ने सीरो सर्विलेंस की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. ब्रजभूषण बच्चु और डॉ. दिवेश कुमार ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय निदेशक, जिला पशुपालन पदाधिकारी और जिलों से आए पशुचिकित्सक मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश कुमार पंजियार, निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार द्वारा किया गया।

## एक नजर

### लू से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अरवल जिले में लू से बचाव हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 21 से 30 अप्रैल तक चलेगा। नाटकों के जरिए कलाकारों ने कड़ी धूप से बचने, अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। लू के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय मदद लेने की अपील भी की गई। नाटक का लेखन-निर्देशन महेश चौधरी ने किया, जिसमें हरियाली बढ़ाने और पेड़ लगाने का संदेश भी दिया गया। कलाकारों में विफन कुमार, मनोज पासवान, निरमा कुमारी, सुनीता कुमारी आदि शामिल रहे।

### 90 वर्षीय बुजुर्ग की सफल रीढ़ सर्जरी

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर निवासी 90 वर्षीय रामचंद्र की रीढ़ की सफल सर्जरी पारस एचएमआरआई, पटना में की गई। गिरने से रीढ़ में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। स्पाइन सर्जन डॉ. गौतम आर. प्रसाद के नेतृत्व में डेढ़ घंटे चली सर्जरी पूरी तरह सफल रही। डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने उम्र और स्वास्थ्य चुनौतियों के बावजूद सफल इलाज कर रामचंद्र को फिर से चलने-फिरने योग्य बना दिया। अस्पताल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि उम्र बाधा नहीं है, सही इलाज से बड़े ऑपरेशन भी संभव हैं।

### मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ में शनिवार को आरएस मेमोरियल सोसायटी कैंसर सोसायटी, सवेरा कैंसर हॉस्पिटल और रोटरी पटना मिडटाउन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय मेगा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। 198 लोगों ने भाग लिया, जिसमें 14 लोग संदिग्ध पाए गए। इस कैंप में मुख्य रूप से ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। रोटरी पटना मिडटाउन के अध्यक्ष डॉ. वीपी. सिंह, कैंप प्रबंधक आशुतोष कुमार, डॉ. विनीता आनंद, डॉ. साद, डॉ. रवीश्वर, डॉ.स्वाति आदि शामिल हुए।

### अज्ञात वृद्ध का शव मिला

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के उमानाथ मंदिर एरिया स्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी के पीछे गंगा घाट किनारे एक वृद्ध का शव मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराकर पहचान के लिए रखा है। लू लगने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### फायरिंग में किशोर के हाथ में लगी गोली

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ थाना क्षेत्र के सदर बाजार के मीर मोहल्ला में वर्चस्व को लेकर किशोर गैंग ने सरेआम गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया। गोलीबारी में शुभम कुमार 16 वर्ष के हाथ में गोली लगी है। 5-6 की संख्या में आए युवकों ने दो राउंड फायरिंग कर दी जिसमें शुभम जख्मी हो गया। जख्मी युवक शुभम कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व लालू के साथ झगड़ा हुआ था। इसी झगड़े को लेकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। घटना का कारण 1000 रुपए का लेनदेन बताया जा रहा है। वहीं गोली चलाकर भाग रहे एक आरोपी धर्म कुमार को लोगों ने पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। जख्मी युवक को पुलिस ने अस्पताल में इलाज करवाया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### बेढ़ना पूर्वी उपसरपंच के चुनाव को लेकर 28 को बैठक

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ प्रखंड के बेढ़ना पूर्वी ग्राम कचहरी के उपसरपंच के रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए बीडीओ ने 28 अप्रैल को बैठक बुलाई है। इसमें पंचों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। काफी दिनों से उपसरपंच का पद रिक्त था जिसके कारण कामकाज में परेशानी हो रही थी। कई पंच इस पद के लिए दावेदार नजर आ रहे हैं।

### विधायक गोपाल रविदास ने इमारत-ए-शरिया का किया दौरा

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी शरीफ के स्थानीय विधायक गोपाल रविदास ने आज इमारत-ए-शरिया का दौरा किया और नाज़िम से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान देश के अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़े वर्गों की सामाजिक स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। गोपाल रविदास ने बताया कि भाकपा (माले) की ओर से आगामी 3 मई को राज्यभर में वक्फ बिल के विरोध में प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी सरकार की नीतियों के प्रति अपनी नाराजगी प्रकट करेगी। भाकपा (माले) के कार्यकर्ता प्रखंड और जिला स्तर पर व्यापक विरोध कार्यक्रम करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने इमारत-ए-शरिया में विभिन्न मस्जिदों के इमामों से भी औपचारिक रूप से भेंट की।

### मसौढ़ी में मशाल कार्यक्रम के तहत स्कूलों में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में मसौढ़ी प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में प्रतिभा खेल पहचान योजना के तहत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रखंड के 54 मिडिल स्कूलों और 19 सीआरसी केंद्रों पर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेल आयोजित किए गए। नूरा हाई स्कूल में कबड्डी के बॉयज वर्ग में करन टीम और गर्ल्स वर्ग में प्रियंका पैथम टीम विजेता रही। वहीं वॉलीबॉल में विशाल टीम ने बाजी मारी। लॉन्ग जम्प और हाई जम्प में कुल 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। बीईओ राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता का समापन 27 अप्रैल को होगा।

### आतंकी हमले के खिलाफ बजरंग दल ने निकाला कैंडल मार्च

**पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोगों में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की देर शाम इमामगंज बाजार में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर आतंकी घटना का विरोध किया। इस दौरान पालीगंज क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में मोमबत्ती जलाकर आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इमामगंज बाजार स्थित बजरंग बली की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे। आतंकवादी घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओ ने कहा कि आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब मिलना चाहिए। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। कैंडल मार्च इमामगंज मोड़ चौराहा, बदौली फील्ड , देवी स्थान चौराहा सहित आदि स्थानों से होते हुए इमामगंज मोड़ पर समाप्त हुई। मौके पर शुभम कुमार, पिन्टू कुमार, प्रिंस कुमार, चंदन गुप्ता, करण कुमार, रवि खत्री, अमित कुमार एवं ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोरी में मिला बुजुर्ग, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के चिनिमिल नहर के पास से एक बुजुर्ग व्यक्ति को शिकारपुर पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बुजुर्ग मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा।रहा है। शनिवार को वार्ड संख्या एक स्थित नहर के पास एक बोरे में बुजुर्ग को देख स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुची पुलिस ने बुजुर्ग को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है। और उसकी पहचान कराने में जुटी है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि बुजुर्ग मानसिक रूप से कमजोर है। अपने बारे में कुछ भी नही बता रहा है। उसकी पहचान कराई जा रही है। बता दे कि बुजुर्ग को अस्वस्थ बुजुर्ग को बोरी में लपेटकर नहर के किनारे फेकने को लेकर लोगो मे उनके घरवालों के प्रति आक्रोश है।

### अश्लील गाना बजाने को लेकर डीजे और वाहन जप्त

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सरिसवा बाजार से बीती रात्रि अश्लील गाना बजाने को लेकर पुलिस ने पिकअप पर लगे डीजे को जप्त कर थाने ले आई है।इस संदर्भ में पिकअप मालिक और चालक पर प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दी गई है।थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया है कि पुलिस मुख्यालय बिहार पटना के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अश्लील गाना बजाते हुए डीजे सहित पिकअप को जब्त कर पिक अप मालिक नरेश साह एवं डीजे मालिक लालबाबू प्रसाद दोनों साकिन सरिसवा बाजार पर प्राथमिक दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

### अंचलाधिकारी ने जमीनी विवाद का किया निपटारा

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को सिसवन अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीनी विवाद पर सुनवाई करते हुए आपसी सहमति के आधार पर जमीन से संबंधित चार विवाद का निपटारा किया .इस दौरान सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।इस संबध में अंचल कर्मियों ने जानकारी दी। प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से लोगों ने जमीन से संबंधित विवाद निपटारा करने को लेकर आवेदन दिया था। वही आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस कर शनिवार को थाना परिसर में उपस्थित होने को लेकर कहा गया था जहां पर कागजातों के आधार पर आपसी सहमति बनाते हुए भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया।

### चमकी बुखार से बचने हेतु विशेष ट्रेनिंग

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में जीविका सिसवन द्वारा शनिवार को चमकी बुखार से बचने हेतु विशेष ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में 350 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया और चमकी बुखार से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जीविका दीदियों को चमकी बुखार से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान करने से वे अपने समुदाय में लोगों को जागरूक कर सकती हैं और चमकी बुखार से होने वाली मौतों को कम करने में मदद कर सकती हैं।

### विभिन्न थानों में जनता दरबार आयोजित

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के विभिन्न थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष के आदेशानुसार किया गया। वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने कहा कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भूमि विवादों के निपटारे को जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें सीओ व थानाध्यक्ष के द्वारा सुनवाई की गयी। वहीं मशरक थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार, अंचल निरीक्षक अनिल शर्मा, बडा बाबू रवि कुमार ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद को सुना और कागजात की जांच पड़ताल के बाद सुनवाई की।



सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में पहले से 40 मामले लंबित थें जिस पर सुनवाई करते हुए 10 का निष्पादन किया गया वहीं 7 नया मामला दर्ज कराया गया। जिसका अगले जनता दरबार में सुनवाई किया जाएगा। इसी क्रम में एकमा और रसूलपुर थाना परिसर में भी जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंचलाधिकारी राहुल शंकर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार आदि जनता दरबार में आयीं शिकायतों का निपटा करते नजर आए।

### जाली दस्तावेज के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री की समाहर्ता को मिली जानकारी

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला समाहर्ता अमन समीर को विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हुई कि जिला अवर निबंधक कार्यालय, सारण में पूर्व के वर्षों (वर्ष 1960, 1961, 1962 आदि) के कुछ दस्तावेज कार्यालय से गायब हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन अनुपलब्ध (मिसिंग) दस्तावेजों की रिकॉर्ड संख्या के आधार पर कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता मुकेश कुमार को पूरे प्रकरण की गहन जांच कर 28 अप्रैल की संध्या तक स्पष्ट जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान जो भी कर्मी या पदाधिकारी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने जिला अवर निबंधक, सारण को निर्देशित किया है कि पूर्व के वर्षों के सभी मिसिंग दस्तावेजों की सूची एक माह के भीतर तैयार कर ली जाए। तैयार सूची छपरा नगर निगम और सभी अंचलाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि भविष्य में संदिग्ध दस्तावेजों का उपयोग करने वालों पर निगरानी रखी जा सके और एक ही दस्तावेज का बार-बार दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### सामान्य बोर्ड की बैठक में योजनाएं चयनित

**मशरक (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के ई किसान भवन में नगर पंचायत के कार्यालय परिसर में शनिवार को सामान्य बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सोहन महतों ने किया वहीं मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा और नाजिर रणधीर कुमार मौजूद रहें। कार्यपालक पदाधिकारी मो शहनवाज रजा ने सामान्य बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी वार्ड पार्षद अपने अपने वार्ड में चल रहे विकास कार्यो पर विशेष ध्यान रखें।



किसी भी योजना में अनियमितता पर कार्यालय को या उन्हें सूचना दें। वहीं चेयरमैन सोहन महतों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास की योजनाओं में तेजी लाई जाएगी। सभी वार्डों में समुचित विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए चौक चौराहे पर प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। सभी वार्ड के चौक पर डस्टबिन रखी गई है। वहीं सफाई कर्मी के द्वारा समुचित सफाई व्यवस्था चलाई जा रही है। वहीं बैठक में बाजार क्षेत्र में दो जगहों पर सार्वजनिक शौचालय, स्टेशन रोड स्थित ब्रजनंदन लाइब्रेरी का जीर्णोद्वार, मार्केट में स्टेशन फीडर रोड का चौड़ीकरण, जगह-जगह वाटर शेड और बस स्टैंड निर्माण कार्य को कार्य योजना में शामिल किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद राजेश तिवारी,बंटी राय,सूरज राम,नैमुद्दीन, सिकंदर महतों, दिनेश कुमार ,अवधेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। बैठक में पूर्व के किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

### मंदिर जाने से मनुष्य के नकारात्मक विचारों व ऊर्जा का नाश होता है: डॉ. पुंडरीक शास्त्री

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सातवें दिन श्री नारायण विश्व शांति महायज्ञ के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की कथा के बीच डॉ. पुंडरीक शास्त्री ने मंदिर की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यद्यपि परमात्मा प्रत्येक कण में विराजमान हैं, फिर भी मंदिर उनका एक स्थायी केंद्र है। मंदिर में शंख ध्वनि, घंटा नाद, मंत्रोच्चार तथा धूप-दीप से सदैव सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहता है। अतः प्रत्येक स्थान पर परमात्मा का आलमदर्शन करते हुए भी मंदिर अवश्य जाना चाहिए। मंदिर जाने से मनुष्य के नकारात्मक विचारों और ऊर्जा का नाश होता है। एक अन्य प्रसंग में डॉ. शास्त्री ने "रामचरितमानस" को ज्ञानविज्ञा न का पुंज बताया। उन्होंने कहा कि "रामचरितमानस" आधुनिक तकनीक, विज्ञान और तर्कशास्त्र का भी स्रोत है। सभी को नियमित रूप से "रामायण" का पाठ कर जीवन के मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। हम अपने घर, परिवार और समाज में "रामराज्य" की कल्पना तो करते हैं, लेकिन "रामचरित" का अनुकरण नहीं कर पाते। सूर्यमंदिर प्रांगण में रविवार को होने वाले कन्या पूजन को विश्व

# जिले में 717,170 कार्डधारियों का ई- केवाईसी पेंडिंग

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद के सभागार में संपन्न

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद के सभागार में माननीय सांसद, महाराजगंज श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक के पूर्व जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा बर्बर हत्या किए गए पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु 01 मिनट का मौन रखा गया तथा मृत पर्यटकों के परिजनों को इस मुसीबत की घड़ी में संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई। इसके उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति के पश्चात बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 28 दिसंबर 2024 को संपन्न हुए जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा समीक्षा की गई। इस क्रम में माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारी गणों को महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए रचनात्मक एवं विकासात्मक कार्य को तीव्र गति से करने का निर्देश दिया। जिसमें जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को सही तौल वाले अनाज की बोरी





उपलब्ध कराने पुख्ता व्यवस्था करने हेतु सख्त निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया। जिसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी महाराजगंज के द्वारा जानकारी दी गई की कुल राशन कार्ड धारी की संख्या- 875980 है जिनमें से 644808 कार्ड धारकों का ई केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है ।शेष 231172 प्रक्रियाधीन है। जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी सिवान, सदर ने जानकारी दी कि कुल राशन कार्ड धारी की संख्या 17 लाख 94262 है।जिनमें से 1308264 कार्ड धारकों ने ईकेवाईसी करवा लिया है। शेष 485998 के द्वारा ई केवाईसी करवाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करवाने की जानकारी दी गई।प्रखंडों में नये राशन कार्ड बनाने से संबंधित सभी लंबित कार्यों को तीव्र गति से निपटारा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि जिला के वैसे सभी महादलित टोलों में जहां एक भी संपर्क पथ नहीं है, वहां के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार सर्वेक्षण का कार्य करवाया जा रहा है।तत्पश्चात ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा वांछित भूमि के अधिग्रहण के हेतु अधियाचना की जाएगी। भूमि अधिग्रहण के उपरांत पगडंडी बनाए जाने का कार्य किया जाएगा। नव सृजित भूमि विहीन विद्यालयों के लिए भूमि की व्यवस्था तथा जहां भूमि उपलब्ध है वहां आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षा भवन के बनवाने हेतु प्रस्ताव सरकार को भेजने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। वर्तमान में जिला में 180 से ज्यादा महादलित टोलों के लिए संपर्क पंथ बनाए जाने का कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रारंभ करवाया जा चुका है। शेष टोलों में भी सर्वेक्षण के पश्चात भूमि अधिग्रहण के उपरांत कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। वही राम जानकी पथ के बारे में जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया बिहार सरकार एवं भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले सड़कों में यह शामिल है। इस महत्वपूर्ण पथ के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के एवज में मुआवजा वितरण हेतु अंचल में कैंप लगाए जाने की जानकारी जिला पदाधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप में रैय्यत की सुविधा के लिए स्टांप वेंडर, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं वकील की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाती है। ताकि रैय्यत को एक ही जगह पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सके और भूमि अधिग्रहण के कार्य में तीव्र गति से प्रगति हो सके। इस पथ से कुछ दूरी पर बिहार सरकार की निदेशानुसार मैरवा में ढाई सौ एकड़ की जमीन पर उद्योगों की स्थापना हेतु जमीन चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। इससे पूरे क्षेत्र व जिला का विकास तीव्र गति से हो सकेगा। साथ ही नल-जल योजना से संबंधित शिकायतों के अनुश्रवण हेतु बिहार सरकार के निर्देशानुसार संबंधित एजेंसी की जानकारी बारकोड के जरिए घर-घर प्रसारित करने का सरकार का निर्देश प्राप्त है। नियमानुसार प्रत्येक वार्ड में चार जगह बार कोड को चिपकाया जाना है। जीविका की दीदी के द्वारा इसका घर-घर प्रचारित किया जाएगा।

# प्रधान शिक्षिका व सहायक शिक्षिका के बीच मारपीट का मामला पकड़ा तूल

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय डुमरी की प्रधान शिक्षिका रेणु साहू व सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण के बीच मारपीट का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। प्रधान शिक्षिका रेणु साहू द्वारा सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण पर मारपीट व दुर्व्यवहार करने की शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीपक राम से शुक्रवार की शाम की गयी थी। जिसमे प्रधान शिक्षिका के पक्ष मे विद्यालय की शिक्षिका व शिक्षक बीआरसी पहुंचे थे। बीईओ ने बताया कि सहायक शिक्षिका को बीआरसी बुलाया गया था परन्तु वह बीआरसी नही आयी। यही कारण है कि सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण से स्पष्टीकरण मांगते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है। उनका कहना था कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार अग्रतर करवाई की जायेगी। बता दे कि शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे रोजी प्रवीण द्वारा विद्यालय मे बच्चों द्वारा लगायी जा रही झाड़ू का वीडियो बनाया जा रहा है। प्रधान शिक्षिका रेणु साहू द्वारा रोजी प्रवीण को वीडियो बनाये जाने से माना किया गया तो वह नही मानी। प्रधान शिक्षिका द्वारा रोजी प्रवीण का मोबाईल छीनने का प्रयास किया गया जिसके कारण शिक्षिकाओं के बीच मारपीट हुई। रोजी प्रवीण का कहना था कि जब विद्यालय मे सफाई कर्मी है तो बच्चों से झाड़ू क्यों लगवाई जाती है। साथ ही सहायक शिक्षिका का कहना है कि स्थानीय चार शिक्षिकाएं है। जिसमें अधिकांश शिक्षिकाएं प्रतिदिन मध्यांतर के समय घर चली जाती है तथा एक से डेढ़ घंटे बाद विद्यालय आती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। बीआरसी के कर्मियों ने बताया कि सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण द्वारा प्रधान शिक्षिका रेणु साहू के विरोध मे कोई आवेदन बीआरसी मे नही दी गयी है। बता दे कि उक्त विद्यालय मे विगत कई महीनों से वर्चस्व को लेकर लड़ाई चल रही है। सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण बीपीएससी का शिक्षक होने के कारण अपने को बड़ा समझती है। जबकि चार स्थानीय शिक्षिका सेमरी डुमरी गांव की है। जिसमे प्रधान शिक्षिका रेणु साहू, सहायक शिक्षिका आराधना देवी, राजेश्वरी कुमारी व सुचिता कुमारी है। एक अन्य शिक्षक सफी आलम बैठा पकड़ी विशौली गांव से पढ़ाने आते है। जबकि रोजी प्रवीण उत्तरप्रदेश की रहने वाली है। इस घटना को लेकर गांव के कुछ लोग रोजी प्रवीण के पक्ष मे दिखाई दे रहे है तो कुछ लोग प्रधान शिक्षिका रेणु साहू के पक्ष मे है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस घटना के 24 घंटे बाद भी कोई अधिकारी विद्यालय मे जांच के लिए नही पहुंच पाये है जो कि खेद का विषय है। रोजी प्रवीण ने इस घटना कि जानकारी अपने परिजनों को भी दे दी है। उसके परिजन भी उत्तरप्रदेश से गौनाहा के लिए चल दिये है। सहायक शिक्षिका रोजी प्रवीण का मोबाईल भी इस मारपीट मे गायब हो गया है। रुपवलिया मुखिया छोटन साह ने बताया कि दोनों पक्षो को समझा बुझाकर मामला शांत करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि विद्यालय के बच्चों का पढ़ाई बाधित नही हो। मुखिया ने बताया कि बीईओ से इस सम्बन्ध मे सम्पर्क स्थापित कर मामले का पटाक्षेप किया जायेगा।

# महादलित टोले में विशेष विकास शिविर आयोजित

## कार्यपालक सहायकों ने दी योजनाओं की जानकारी, लिए गए आवेदन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी के निर्देशालोक मे शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों में अवस्थित रोस्टर वार चिन्हित किए गए महादलित टोलों में समग्र सेवा अभियान चलाया गया। आयोजित इस शिविर में जिले के पंचायतों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों द्वारा लोक सेवा केंद्र पर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी। वही इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सिवान ने बताया कि अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोलों में आधारभूत संरचना के विकास सहित अनु. जाति एवं अनु. जनजाति परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। अनु. जाति एवं अनु. जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए सभी अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें सरकार के सभी प्रमुख विभागों की सहभागिता होगी एवं उनसे जुड़े योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को दिलाया जाना प्रमुख लक्ष्य होगा।

शिविर के आयोजन के पूर्व में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान अपने-अपने विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण के माध्यम से संबंधित योजनाओं के अच्छादान हेतु ऑफलाइन/ ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उनका नियमानुसार निष्पादन शिविर से पूर्व कर लेंगे। वही छूटे हुए लाभुक से शिविर में आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं तथा यथासंभव ऑन स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। इस शिविर में सरकार के सभी प्रमुख विभागों की सहभागिता एवं उनसे जुड़े योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को दिलाया जाना लक्षित है। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार आज डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित 150 कैंपों में पंचायत कार्यपालक सहायक द्वारा पंचायत लोक सेवा केंद्र से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ आम जनों से आवेदन पत्र भी प्राप्त किया गया। शिविर एवं उसके पूर्व राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा,आँगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम / कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई ग्राम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड/ स्वास्थ्य कार्ड / हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना/वास भूमि/बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बुनियाद केन्द्र / हर घर नल जल योजना,





मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली-नली मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनाओं से अनु. जाति एवं अनु. जनजाति टोलों में नियमानुसार आच्छादन किया जाना है। रघुनाथपुर प्रतिनिधि के अनुसार डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्रखंड के आठ पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिक्षा गुप्ता की नेतृत्व में विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रघुनाथपुर, टारी, राजपुर, पंजवार, कुशहरा,गोपी पतियाव ,निखती कलाँ, फुलवरिया पंचायत शामिल हैं।इस संबंध में बीडीओ दिक्षा गुप्ता ने बताया कि महादलित बस्ती में वंचित लाभाथीयी तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए शिविर रोस्टरवार आयोजित किया जा रहा है। शिविर में राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, कौशल विकास, पीएम आवास, समाजिक सुरक्षा, जॉब कार्ड सहित पंचायत स्तर पर संबंधित योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास सभी कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है।

# 25 लाख की रंगदारी मांगने वाला अपराधी मदिशलापुर से गिरफ्तार

## मदिशलापुर मुखिया व नर्सिंग होम के मैनेजर से मांगी गई थी रंगदारी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के आंदर ढाला रामनगर स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम के मैनेजर चंदन कुमार सिंह से 25 लाख की रंगारी मांगने वाला अपराधी को पुलिस ने शनिवार की दोपहर गिरफ्तार कर ली .वही जिस मोबाइल से रंगदारी मांगी गई थी उसे भी बरामद कर लिया. पुलिस उपाधीक्षक साईबर सुशील कुमार ने नगर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 22 अप्रैल की दोपहर 2:48 बजे शहर के लक्ष्मी नर्सिंग होम के मैनेजर चंदन कुमार सिंह से उनके मोबाइल पर अपराधी ने वाट्सएप कॉल कर 25 लख रुपए की रंगदारी मांगी थी. वही नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दिया था .इसके बाद उसी दिन उसी तरह उसी मोबाइल नंबर से आंदर थाना क्षेत्र के मदिशलापुर मुखिया सुभाष चंद्र यादव से भी रंगदारी मांगी गई थी. जिसके बाद आंदर और नगर



थाना में अलग-अलग प्राथमिक की दर्ज की गई थी. जहां पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और छापेमारी की जा रही थी. जहां छापामारी के दौरान शनिवार की दोपहर मदीशिलापुर गांव निवासी सह रंगदारी मांगने वाला अपराधी धर्मेंद्र कुमार यादव को उसे घर से गिरफ्तार कर लिया गया .जहां पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि रंगदारी उसी ने मांगी थी. जिसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजने की प्रक्रिया में जुटी हुई है. इस छपेमारी विशेष टीम में पुलिस उपाधीक्षक साईबर, नगर इंस्पेक्टर,आंदर थानाध्यक्ष, एसआईटी और एसओजी -7 एसटीएफ पटना शामिल थी. बताया जाता है कि जब पुलिस ने धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया और मोबाइल के संबंध में पूछताछ करने लगी तो उसने बताया कि मैं मोबाइल फेंक दिया हुं. हालांकि जांच के दौरान एक ब्लूटूथ पाया गया. इसके बाद मोबाइल की तलाश में पुलिस जुट गई और छत की ढलाई करने वाला गिट्टी के अंदर छुपा कर रखा या मोबाइल को बरामद किया गया. धर्मेंद्र जब भी किसी से रंगदारी मांगता था तो वह व्हाट्सएप के जरिए मांगता था. मदिशलापुर मुखिया सुभाष चंद्र यादव से भी उसने व्हाट्सएप के जरिए रंगदारी मांगी थी और नर्सिंग होम के मैनेजर चंदन कुमार सिंह से भी व्हाट्सएप के जरिए 25 लाख लाख की रंगदारी मांगी थी.

### मकान का ताला तोड़ नगद सहित 36 लाख की संपत्ति की चोरी


**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिन्दुसार हामिद गांव स्थित एक बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने नगद सहित 36 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली.इस घटना के बाद पीड़ित रामनरेश सिंह की पत्नी सुशीला देवी ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है. बताया जाता हैं कि महाराष्ट्र से घर लौटने के दौरान नागपुर में हुए सड़क दुर्घटना में इनके दामाद की मौत हो गयी थी. इसकी जानकारी 24 अप्रैल को मिली तो आनन-फानन में पूरे परिवार के सदस्यों के साथ मकान में ताला बंद कर बेटी के घर ओरमा के लिए निकल गए. दामाद का शव रात के करीब 9.30 बजे बेटी के घर पहुंचा. बेटी के घर से रात के करीब 1.30 बजे अपने मकान पर पहुंचे तो देखा कि मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था. अन्दर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था तथा सभी गहने, रुपये चोरी कर लिया गया था. इसकी सूचना डॉयल 112 टीम को दी गयी.

### अखंड राम धुन कीर्तन में पहुंची मंत्री रेणु देवी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के हरिपकड़ी गांव में भाजपा नेता व पूर्व मुखिया हरिशंकर शर्मा के निवास परिसर में आयोजित 24 घंटे के अखंड राम धुन कीर्तन में शामिल होने बिहार की पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी शनिवार को पहुंची। पूर्वी चंपारण जिले के सटहा गांव की आराधना मंडली द्वारा मधुर मनमोहक और आकर्षक ढंग से राम धुन कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

# वैशाखी शिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के एतिहासिक मंदिर बाबा महेंद्रनाथ धाम परिसर में शनिवार वैशाखी शिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार से ही दूरदराज के श्रद्धालुओं के मेहंदार पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। शनिवार की अहले सुबह मंदिर के पट खुलते ही मे जय शिव व हर हर महादेव के जय घोष व मंदिर के घंटे की आवाज से गुजने लगा। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह से ही लोग कमलदाह सरोवर में स्नान कर बाबा महेंद्रनाथ का अरघा के जरिए जलाभिषेक कर माथा टेक मन्नतें मांगने लगे। पुजारी सत्येंद्र उपाध्याय, छोटन उपाध्याय, नीरज उपाध्याय व महंत तारकेश्वर गिरी ने बताया कि वैशाखी शिवरात्रि पर लोगों को अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना करने का मौका मिलेगा। हरसाल यहां भारी भीड़ उमड़ती है।। वैशाखी शिवरात्रि को देखते हुए स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक तैयारी भी की गई थी। सिसवन, चैनपुर ओपी के अलावा जिले से भी पुलिस बल बुलाए गए थे।सीओ पंकज कुमार व बीडीओ राजेश कुमार मेला परिसर में गस्त करते रहे।



# अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम सह संगोष्ठी की तैयारी पूर्ण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 अप्रैल से अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है।जिसे लेकर मझौलिया पंचायत स्थित 55 पुल के समीप मलंग बाबा के पावन स्थान परिसर में अंबेडकर जयंती पखवाड़ा का आयोजन 27 अप्रैल रविवार को किया गया है।जिसकी तैयारी पूरी तरह पूर्ण हो चुकी है।कार्यक्रम मंच दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार है।कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करने पहुंची बिहार की पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी ने तैयारी का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल तथा मंच की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के लिए उचित व्यवस्था करने का निर्देश कार्यक्रम के संयोजक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह मझौलिया के युवा मुखिया सत्य प्रकाश को दिया। मंत्री रेणु देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। महादलित दलित तथा पिछड़ों के विकास के लिए

**पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री रेणु देवी ने की समीक्षा बैठक**

भाजपा सरकार संकल्पित है। संविधान निमार्ता बाबा साहब के सम्मान में भाजपा द्वारा अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बिहार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता सहित पश्चिम चंपारण जिले के सभी विधायक शामिल होंगे।भाजपा क्षेत्रीय विकास प्रभारी नगर निकाय बेतिया के युवा नेता राहुल कुमार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित पार्टी है। महादलित दलित और पिछड़ों के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए भाजपा सरकार जन कल्याणकारी विकास योजनाएं बनाकर इनका उत्थान कर रही है। पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी द्वारा कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक सह मझौलिया के युवा मुखिया सत्य प्रकाश विधायक प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव भिखारी सिंह जयप्रकाश कुमार जिला अधिवक्ता मंच के विनीत कुमार झा सुनील सिंह प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर कुमार अनुपम कमल मुखिया पैक्स अध्यक्ष कृष्ण मोहन प्रसाद चौरसिया पूर्व सैनिक ध्रुव बैठा वजीर आलम रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# चंपा देवी हत्याकांड में पिता ने दिया मझौलिया थाना में आवेदन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दहेज में मोटरसाइकिल को लेकर प्रताड़ित करने और गला दबाकर गर्भवती विवाहिता की हत्या कर देने मामले में मृतिका चंपा देवी के पिता पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी रविंद्र महतो उर्फ रविनन महतो ने थाना में एक आवेदन देकर अपनी पुत्री चंपा देवी की हत्या कर देने का आरोप उसके पति हरिरंजन महतो उर्फ मनोरंजन महतो ससुर माधो महतो देवर धनंजय महतो मंजय महतो सास राजकुमारी देवी तथा देवर धनंजय महतो की पत्नी सरिता देवी पर लगाया है।आवेदक का कहना है कि 20 अप्रैल को उनके दूसरी पुत्री की शादी थी जिसमें उसने अपने दूसरे दामाद को उपहार में मोटरसाइकिल दिया था।अपनी पहली पुत्री चंपा देवी को भी अपने समर्थ के अनुसार उपहार दिया था।लेकिन उसके ससुराल वाले मोटरसाइकिल के लिए प्रताड़ना देते थे तथा मारपीट करते थे।आवेदक का कहना है कि 23 अप्रैल को उसकी पुत्री चंपा देवी अपने

**पति ससुर देवर सास सहित छह नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ताबड़तोड़ कर रही है छापेमारी**

ससुराल सेनवरिया पंचायत वार्ड नंबर 6 अमवा बैरागी टोला आई।जहां उसके पति और ससुराल वालों ने मिलकर मोटरसाइकिल के लिए फिर से प्रताड़ित किया और गला दबाकर हत्या कर दिया।साक्ष्य छुपाने के लिए शव को एक बोरे में बंद कर 80 आर डी नहर के समीप एक खेत में छिपा दिए तथा शव को जलाने के लिए टायर यूरिया पेट्रोल आदि सामग्री साथ में लाए थे।भनक मिलने पर मायके वाले जब 112 की टीम के साथ चंपा देवी के ससुराल पहुंचे तो घर बंद पाया।रात्रि में खोजबीन करने के बाद उनकी पुत्री चंपा देवी 26 वर्ष का शव बोरे में बंद पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।आवेदक ने अपनी पुत्री के हत्यारे के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग थाना अध्यक्ष से की है।इस संदर्भ में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया गया है तथा गिरफ्तारी के लिए हर संभव ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## अंबेडकर समग्र विकास विशेष शिविर में दिखी सरकारी तंत्र की गंभीरता

# डीएम ने ऑन स्पॉट किया समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर एवं महिला संवाद कार्यक्रम का निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने ओबरा प्रखंड के बभंडीहा पंचायत अंतर्गत कोराइपुर गांव में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिविर प्रभारी से कुल प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया। प्राप्त आवेदन में अधिकांशतः राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना एवं नाली गली योजना से संबंधित पाया गया। सभी प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एक महिला द्वारा चार महीना पहले राशन कार्ड हेतु आवेदन किया गया था लेकिन अब तक राशन कार्ड नहीं बनने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आज ही राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा आयोजित शिविर में रानी कुमारी, रवि कुमार एवं अन्य आवेदकों के बीच जन्म प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मध्य विद्यालय कोराइपुर में प्रधानाध्यापक विनय कुमार के द्वारा छात्रों का नामांकन नहीं किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तुरंत स्कूल पहुंच प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए छात्र एवं छात्राओं का नामांकन कराया। जिलाधिकारी द्वारा नामांकन में कोताही बरतने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर मध्य विद्यालय कोराइपुर के प्रधानाध्यापक विनय कुमार को स्पष्टीकरण करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा ओबरा प्रखंड के अमिलौना पंचायत अंतर्गत प्रेम बिगहा गांव में आयोजित डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिविर का निरीक्षण कर शिविर में प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी को ऑन द स्पॉट निष्पादित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ओबरा प्रखंड के कारा में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। संवाद कार्यक्रम के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा एलइडी टीवी रथ पर चल रहे सरकार की योजनाओं से महिलाओं को रूबरू कराया एवं सभी महिलाओं को जीविका से जुड़ने का सलाह दिया। उन्होंने बताया कि सरकार जीविका के माध्यम से महिलाओं को रोजगार हेतु बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, अगर उसका फायदा आपको नहीं मिला हो तो यहां अपनी समस्या को नोट कराएं, हम इसका निष्पादन करेंगे। संवाद के क्रम में उपस्थित महिला राधे बिगहा, वार्ड नंबर-10 निवासी आरती कुमारी द्वारा बताया गया कि उनके घर तक बिजली का खंभा, नाली एवं रोड नहीं है। इसके अतिरिक्त अनीता देवी एवं अन्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी महिला संवाद के क्रम में सभी महिलाओं का समस्या नोट करते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।




# बाइकों की टक्कर में सरपंच प्रतिनिधि की मौत, पिता-पुत्र समेत कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में 2 बाइकों की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में सरपंच प्रतिनिधि की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक विनोद पाल(40) एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के खदहा गांव का रहने वाला था। एनटीपीसी में फोर्थ ग्रेड स्टाफ के तौर पर उनकी पोस्टिंग थी। पिछले डेढ़ साल से नवीनगर बाजार में किराए के कमरे में रह रहा था। पत्नी उर्मिला देवी केरका पंचायत की सरपंच हैं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार सुबह खाना खाकर बाइक से ड्यूटी जा रहा था। इस दौरान स्टेशन रोड पर सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। डेड-बॉडी के गांव पहुंचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, अंबा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नेशनल हाइवे 139 की है। घायलों की पहचान तरार गांव निवासी मोती साव(55) और चंदन कुमार(24) के तौर पर हुई है। घायल चंदन ने बताया कि पिता के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए झारखंड के बरवाडीह गांव गया था। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



# करंट लगने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा गांव में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। वह दो दिन पहले ही हरियाणा से घर लौटा था। मृतक उमेश पासवान(25) के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को रात के समय शौच के लिए बधार गया था। रास्ते में बिजली का तार टूटकर गिरा हुआ था। अंधेरा होने के चलते दिखाई नहीं दिया। तार पर पैर पड़ते ही जमीन पर गिर पड़ा। काफी देर तक जब घर नहीं लौटा तो हमलोग उसे खोजते हुए बधार पर पहुंचे जहां जमीन पर गिरा हुआ मिला। बांस से तार को हटाकर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र पासवान ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है। मृतक के परिजनों को मुआवजा मिलना चाहिए। जर्जर तार को ठीक नहीं किया जा रहा है। कई बार शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव को ले जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। परिजन ट्रैक्टर से शव घर ले गए। इस पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में एक ही शव वाहन है।



## अतिक्रमण हटाने गयी टीम के साथ बदसलूकी

**गोह (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** उपहारा थाना क्षेत्र के गोरकट्टी गांव में शनिवार को अतिक्रमण हटााने पहुंची प्रशासन की टीम के साथ अतिक्रमणकारियों व उसके सहयोगियों द्वारा गाली-गलौज, बदतमीजी व जेसीबी वाहन का शीशा तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि गोरकटी गांव निवासी बबलू सिंह और धीरज साव के बीच रास्ते का विवाद चल रहा था। शनिवार को अनुमंडल दंडाधिकारी के निर्देश पर गोह सीओ अजय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष मनेश कुमार दल-बल के साथ पहुंचे, जहां आरोपी व उसके सहयोगियों ने पुलिस व प्रशासन का जमकर विरोध किया। इस मामले में सीओ द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

# हत्या मामले का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मामूली विवाद में हत्या करने के मामले में एक आरोपित को मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के राज बिगहा निवासी संतोष चौधरी के रूप में की गई हैं। दरअसल, बीते शुक्रवार की रात घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें राज बिगहा निवासी मिस्त्री चौधरी को चचेरे भाई- भतीजे ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सूचना मिलने पर परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज के दौरान मिस्त्री चौधरी की मौत हो गईं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अशोक कुमार एवं अन्य सशस्त्र बलों द्वारा घटना के छह घंटे के अंदर एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि मामूली विवाद में एक अधेड़ व्यक्ति को अपने ही चचेरे भाई और भतीजे ने मारपीट कार ज़ख्मी कर दिया जिसमें वे जख्मी हो गए और इलाज के दौरान मौत हो गईं। इसके बाद मृतक के बेटे के फर्द बयान के आधार पर मामले में कार्रवाई की गई जिसमें एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि आपसी विवाद व रंजिश में अपने अन्य भाइयों एवं परिवारजनों के साथ मिलकर लाठी एवं डंडा से मिश्री चौधरी का सिर फोड़ दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतक का परिवार काफी गरीब है। वह किसी तरह मछली का व्यवसाय कर परिवार का भरण-पोषण करता था। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।



# पति की हत्या में प्रेमी संग पत्नी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पति की हत्या में पत्नी और उसके प्रेमी को बारून पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के धुरिया भुइयां टोला निवासी विजय राम (50 वर्ष) एवं कौशल्या देवी उर्फ लीला (40) के रूप में की गई है। घटना में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया गया है। दरअसल शुक्रवार को धुरिया भुइयां टोला निवासी 40 वर्षीय दामोदर भुइयां की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के बाद शव को धुरिया भुइयां टोला से बाड़ा जाने वाली सड़क पर फ़ेक दिया गया था। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। इस संदर्भ में मृतक के भाई के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें कार्रवाई के फलस्वरूप घटना के छह घंटे बाद विजय राम एवं कौशल्या देवी को गिरफ्तार किया गया है। आज प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि जानकारी के मुताबिक 12 वर्ष पहले मृतक दामोदर रोजी-रोटी के लिए हैदराबाद गया था। लंबे समय तक वापस नहीं लौटा। उसकी दो बेटियां हैं। इस दौरान उनकी पत्नी कौशल्या का अवैध संबध गांव के ही विजय से हो गई। इसी वर्ष दामोदर हैदराबाद से लौटा था। इसके बावजूद पत्नी अपने प्रेमी से अवैध संबध बनाते रही। मामले की जानकारी होने पर पति ने विरोध जताया। इसके बाद पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर खौफनाक हत्या की साज़िश रची और कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## नवविवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के महुआ शहीद मुहल्ले में पति के सहयोग से ससुराल वाले ने एक नवविवाहिता को आग में जलाकर हत्या करने का प्रयास किया जिसमें वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। महिला की पहचान उस मुहल्ला निवासी अमित कुमार की पत्नी कुमकुम देवी (22 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना शनिवार दोपहर की है। वैसे, महिला के मायके वालों ने तेजाब छिड़ककर हत्या करने का भी आरोप लगाया है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी महिला की मां महुआ शहीद मोहल्ला निवासी गुंजा देवी ने बताया कि डेढ़ साल पूर्व कुमकुम ने मुहल्ले के ही अमित कुमार से प्रेम विवाह की थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। इसके बाद घरेलू विवाद को लेकर सास, देवर व ननद के साथ बहसबाजी होते रहता था। पूर्व में भी झगड़ा हुआ था लेकिन मामले को सुलझा दिया गया था। कुछ दिन पहले उसकी सास ने दोनों पति-पत्नी को बटवारा कर अलग कर दिया। इसके बाद दोनों पति-पत्नी अलग एक कमरे में रहने लगे। वावजूद मामूली बात को लेकर पति के सहयोग से ससुराल वालों द्वारा अक्सर झगड़ा और मारपीट किया जाता था। शनिवार की दोपहर घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान पति ने सास, देवर व ननद के साथ मिलकर उसके कपड़ों में आग लगा दी। चिखने-चिल्लाने की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और किसी तरह आग बुझाया। हालांकि इसमें वह बुरी तरह झुलस गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# 15 जून तक जमा करें सीएमआर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** धान अधिप्राप्ति एवं कृषि टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में आयोजित की गई। धान अधिप्राप्ति से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न समितियों (पैक्स एवं व्यापार मंडलों) द्वारा कुल 237346.223 एमटी धान का क्रय किया गया है जिसका समतुल्य एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया जाना है। 24 अप्रैल तक 79862.635 एमटी सीएमआर राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया गया है। सीएमआर आपूर्ति की निर्धारित तिथि 15 जून 2025 है। निर्धारित तिथि तक सीएमआर जमा करने हेतु प्रतिदिन 55-60 लॉट सीएमआर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति कराने हेतु सभी मिलरों को ट्रकों की संख्या एवं जीपीएस की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर हिंदुस्तानी मर्माहत है। देशभर में लोग कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादियों के कुकृत्य के विरुद्ध प्रदर्शन और शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को अंबा में भी कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च सतबहिनी मंदिर से शुरू की गई और चारों सड़कों का भ्रमण करने के बाद अंबा चौक पर आतंकवादियों एवं पाकिस्तानी सेना प्रमुख का पुतला फूंका गया। इस दौरान सैकड़ों लोग हाथों में मोमबत्ती लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद और पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे। नारेबाजी में लोगों का आक्रोश साफ झलक रहा था। लोगों ने सरकार से आतंकवादियों और आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महामंत्री मुन्ना पासवान, प्रेम चंद्रवंशी, श्रीमन पांडेय आदि मौजूद थे।



# सोलर लाइट नहीं जलने पर आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** प्रखंड के भरूब पंचायत अंतर्गत झिकुलाही गांव में मुखिया नागेंद्र पाण्डेय उर्फ नन्हकू पाण्डेय के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशुतोष कुमार रंजन ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर सप्ताह के बुधवार एवं शनिवार को आठ बजे से बारह बजे तक लगाई जाएगी और सरकार द्वारा आयोजित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, जॉब कार्ड, गरीबों को जमीन उपलब्ध कराना, नली-गली का निर्माण एवं राशन कार्ड के साथ कई योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर ग्रामीणों ने जॉब कार्ड नहीं बनने पर नाराज़गी जताई। वहीं ग्रामीणों ने सरकारी स्तर पर लगने वाले सोलर लाइट को लेकर भी आक्रोशित दिखे। कहा कि सोलर लाइट लगाया गया है, परंतु जलती नही है। इस दौरान ग्रामीण महेश चौधरी, सुदामा ठाकुर, शंभू साव, अर्जुन पासवान, हरे राम ने कहा कि पोकठा, हरिहरगंज, गोड़तारा, सदीपुर एवं तकेया समेत कई गांवों में लाइट लगाया गया है परंतु जलता नहीं है। बताया गया कि लगाए गए सोलर लाइट की राशि मुखिया स्तर से भुगतान करना पड़ता है। इस संबध में मुखिया नागेंद्र पाण्डेय ने बताया कि सोलर लाइट नहीं जलने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जहां से शिकायत मिल रही है वहां समाधान का प्रयास कर रहे हैं। वहीं शिविर में ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस मामले में जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान आवास सहायक देवेंद्र कुमार, पीआरएस अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हम की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की संगठनात्मक बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। सर्वप्रथम पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि औरंगाबाद की संगठन प्रभारी सह बाराचट्टी की विधायिक ज्योति मांझी उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय ने किया। इस बैठक का मुख्य संगठन एवं सदस्यता अभियान की समीक्षा करना है। जिलाध्यक्ष ने प्रभारी के सामने यह जानकारी दी कि पार्टी की जिला एवं प्रखंड इकाई के साथ बहुत सारे पंचायतों में इकाई का गठन हो गया है और बहुत जल्द हम सभी पंचायत के साथ-साथ हर बूथ पर अब बूथ कमेटी का गठन कर लेंगे। इस जिले में अभी तक 10 हजार सदस्य बनाया गया है। विधायिका ज्योति मांझी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि जिलाख प्रखंड इकाई तथा पंचायती इकाई में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। सभी लोगों ने संगठन की मजबूती पर अपना सुझाव दिया और कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को पूरे जिला में मजबूत कर बूथ स्तर तक पहुंचाना और जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाना है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, छात्र जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, वरीय नेता अजय भुइयां, प्रदेश सचिव संतोष गौतम, युवा प्रदेश सचिव नवनीत राय, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शशि देवी दानिका, सदर प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भगत, नबीनगर दलित प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विश्वंभर कुमार ऋषि, विनोद कुमार, गोह प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार दुबे, बारून प्रखंड अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता, वरीय नेता लालमोहन चौधरी, मिथिलेश राम, सिंटू, अंकित आदि लोग उपस्थित रहे।



## 10 से 15 मई के बीच होगी सक्षमता परीक्षा-3

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार शिक्षा बोर्ड ने सक्षमता परीक्षा-3 का ऐलान कर दिया। परीक्षा 10 से 15 मई के बीच होगी। जून के पहले सप्ताह में सक्षमता परीक्षा-4 और 5 के लिए आवेदन भरा जाएगा। शनिवार को बीएसइबी के चेयरमैन आनंद किशोर ने बताया कि अभी एसटेट एग्जाम कराने की कोई योजना नहीं हैं। अभ्यर्थी भ्रामक जानकारी से दूर रहें।' बिहार सरकार सक्षमता परीक्षा के जरिए टीचरों को राज्यकर्मी का दर्ज़ा देती है। सक्षमता परीक्षा-3 एग्जाम में 86 हजार नियोजित शिक्षक अभी राज्यकर्मी बनने की कतार में हैं। बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या 3.68 लाख है। इसमें 2,53,961 शिक्षक सक्षमता परीक्षा 1 व 2 पास कर राज्यकर्मी बन गए हैं। शेष 86 हजार नियोजित शिक्षक राज्यकर्मी बनने की कतार में हैं। हालांकि कई शिक्षक रिटायरमेंट के करीब या बीमार हैं। ऐसे में लगभग 82 हजार शिक्षक ही आवेदन करेंगे। 2006-07 में नियुक्ति 28 हजार से अधिक शिक्षक 2024 तक रिटायर हो चुके हैं। सक्षमता परीक्षा 1 में 3.25 हजार शिक्षकों ने आवेदन किया था। इसमें 1,87,818 शिक्षक परीक्षा पास कर गए। सक्षमता परीक्षा 2 में 2 लाख शिक्षकों ने आवेदन किया था, 66,143 शिक्षक पास हुए थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत गुरारू स्टेशन पर स्थित पार्किंग स्टैंडो का संचालन, गाड़ियों के नियन्त्रण एवं निर्धारित पार्किंग शुल्क के संग्रह हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गुरारू रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड 03 वर्षों (1096 दिनों) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** PARK-DDU-25-09 **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PARKING-DDU-GRRU-MX-40-23-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 08.05.2025 को 12:00 बजे शुरु होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in (e-auction Leasing)

कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पू0म0रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0150/डीडीयू/एन/25–26